
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 1 अंकः 319 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 06 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## जनवरी 2024 में रामलला की होगी प्राण प्रतिष्ठा

## मगर धन्नीपुर मस्जिद का क्या हुआ?





**न्यूज एजैंसी**

अयोध्या. अयोध्या के राम मंदिर मस्जिद विवाद पर 9 नवंबर 2019 में फैसला आने के बाद राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण का कार्य शुरू हो गया. राम लला के मंदिर के प्रथम चरण का निर्माण यानी भूतल का निर्माण पूरा हो गया और 2024 में भगवान राम भव्य महल में विराजमान हो जाएंगे. वहीं, दूसरी ओर मस्जिद निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार द्वारा धन्नीपुर में 5 एकड़ भूमि आवंटित किया गया, लेकिन अभी तक मस्जिद का निर्माण शुरू नहीं हो सका है. अब इसमें हो रही देरी को लेकर सवाल उठ रहे हैं.

बता दें कि पूर्व में अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा स्वीकृति न मिलने के कारण निर्माण कार्य नहीं हो सका था. लेकिन, अब मस्जिद निर्माण के लिए स्वीकृति मिल गई है. भूमि के इस्तेमाल को लेकर आ रही कानूनी अड़चनों को समाप्त कर प्रशासन ने मस्जिद निर्माण के लिए गठित किए गए इंडो-इस्लामिक कल्चर फाउंडेशन ट्रस्ट के पाले में गेंद डाल दी. मस्जिद ट्रस्ट के द्वारा अब मस्जिद निर्माण के लिए नक्शा सबमिट करने के साथ भवन निर्माण के शुल्क जमा किए जाने के साथ नक्शे की स्वीकृति मिल जाएगी. जिला प्रशासन की मानें तो अभी तक मस्जिद ट्रस्ट की तरफ से नक्शा और शुल्क जमा नहीं किया गया है.

### अयोध्या विकास प्राधिकरण ने दी थी स्वीकृति

बता दें कि अयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए ट्रस्ट गठन के बाद 25 मई 2021 में अयोध्या विकास प्राधिकरण से नक्शे की स्वीकृति को लेकर 11 सेट को 5 लाख रुपये प्रोसेसिंग फीस के साथ जमा किया था. ट्रस्ट के मुताबिक, इस 5 एकड़ भूमि पर 2000 नमाजियों के लिए मस्जिद, 300 शैय्या वाला अस्पताल, कम्युनिटी किचेन और रिसर्च सेंटर का निर्माण कराए की योजना थी. एडीए ने इसकी स्वीकृति के लिए 15 विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा मांगी थी. लंबे समय के इंतजार में अग्निशमन विभाग ने होल्ड लगा दिया. लेकिन, अब एडीए ने इसकी स्वीकृति दे दी है. अब जल्द ही मस्जिद निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चर फाउंडेशन की बैठक के बाद निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा.

### अयोध्या के जिलाधिकारी ने क्या बताया?

जिलाधिकारी अयोध्या नीतीश कुमार ने बताया मस्जिद निर्माण के लिए गठित ट्रस्ट इंडो इस्लामिक कल्चर के द्वारा आवेदन किया गया था. एनओसी के लिए सभी विभागों से स्वीकृत मांगी गई थी जो पूरी हो चुकी है. बोर्ड की बैठक में मस्जिद के मानचित्र को स्वीकृत किया गया है. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर जमीन मुस्लिम समाज को दी गई थी. जिलाधिकारी ने कहा कि अयोध्या सांप्रदायिक सौहार्द की भूमि रही है और हमेशा रहेगी. मस्जिद निर्माण से एक सांप्रदायिक माहौल का संदेश जाएगा.

### धन्नीपुर मस्जिद के नक्शे पर किस बात का मंथन?

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने बताया कि जैसे ही अधिकृत मस्जिद ट्रस्ट के द्वारा मस्जिद के मानचित्र को जमा करेंगे तत्काल नक्शा पास कर दिया जाएगा. विकास प्राधिकरण की तरफ से कोई भी रुकावट अब नहीं है. मस्जिद ट्रस्ट को जिन विभागों की ठडउ चाहिए थी, वह सभी मिल चुकी है. जमीन के इस्तेमाल की जो कानूनी दिक्कतें थीं उसको भी शासन स्तर पर समाधान कर दिया गया है. नक्शा जमा किए जाने के साथी नक्शे को पास कर दिया जाएगा.

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस पर प्रदेश भर से चयनित 94 शिक्षकों का किया सम्मान



**समाज जागरण**

लखनऊ, 5 सितंबर। वर्तमान पीढ़ी को बनाने के लिए जितनी मेहनत हो सकती है वो करें। मॉर्निंग असेंबली को नियमित रूप से पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाएं। नए सिरे से पीढ़ियों को बनाने का कार्य आप कर रहे हैं। जो पीढ़ियां बनेंगी, वो जीवन भर आपको याद करेंगी। यदि हमारे शिक्षक नहीं होते तो आज हम यहां तक नहीं पहुंच पाते, आगे नहीं बढ़ पाते। हमारे शिक्षकों का योगदान हमारे व्यक्तित्व के निर्माण और चुनौतियों से लड़ने के लिए प्रेरणा देता रहा। वे सुविधाभोगी नहीं थे। वो अल्प संसाधनों में, कम वेतन में कार्य करते थे। उन्होंने उस समय जो मेहनत की तब जाकर आज पीढ़ियां बनीं और यही कार्य आप भी कर सकते हैं। आप भी अपने छात्रों के लिए वंदनीय बन सकते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 94 शिक्षकों का सम्मान करते हुए कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 2.09 लाख टैबलेट वितरण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने प्रदेश में 18,381 स्मार्ट क्लास व 880 आईसीटी लैब का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की। इस अवसर पर सांकेतिक रूप से सीएम योगी ने 6 बेसिक शिक्षा एवं 6 माध्यमिक शिक्षा के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया। सम्मान राशि 25000 रुपए उनके खाते में पहले ही भेजी जा चुकी है।

## डॉ. दिनेश शर्मा को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

### सीएम योगी की मौजूदगी में डॉ. दिनेश शर्मा ने राज्यसभा सीट के लिए भरा नामांकन



**समाज जागरण**

लखनऊ, 5 सितंबर। उत्तर प्रदेश में एक सीट के लिए हो रहे राज्यसभा उपचुनाव के लिए मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ. दिनेश शर्मा ने नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के समय स्वयं सीएम योगी भी मौजूद रहे। सीएम योगी के साथ ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया गया। उपचुनाव में डॉ दिनेश शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। राज्यसभा की यह सीट बीते जून में भाजपा सांसद हरद्वार दुबे के निधन से खाली हुई है।

नामांकन से पूर्व सीएम योगी ने भाजपा मुख्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज शिक्षक दिवस है और इस अवसर पर एक शिक्षक के रूप में दिनेश शर्मा जी राज्यसभा के उपचुनाव के लिए अपना नामांकन करने जा रहे हैं। शिक्षक दिवस पर आप सबको बधाई देते हुए ह्दय से उनका अभिनंदन करता हूं। दिनेश शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर अपनी शानदार पारी को आगे बढ़ाया है। प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में, लखनऊ के महापौर के रूप में भी उन्होंने बेहतरीन कार्य किया है। 2017 से 2022 के बीच में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद उप मुख्यमंत्री के दायित्व के साथ ही माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभागों की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए कई अहम कदम उठाए। आज पार्टी ने उन्हें राज्यसभा उपचुनाव में अपने प्रत्याशी के रूप में उतारा है। डॉ. दिनेश शर्मा जी पंडित दीन दयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेई जी के मूल्यों और सिद्धांतों से सदैव जुड़े रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. दिनेश शर्मा जी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत पूरे केंद्रीय मंत्रिमंडल और पार्टी के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

## आखिर क्यों ?

## केरल का गवर्नर रह चुके औरंगाबाद के पुर्व सांसद सह रिटायर्ड IPS औफिसर को ASP के आवास पर पहुंचना पड़ा ?

**दैनिक समाज जागरण,**
अनिल कुमार मिश्र ब्यूरोचीफ, बिहार -झारखंड प्रदेश/ धनंजय कुमार अधिवक्ता, विधि संवाददाता / सत्य प्रकाश नारायण सहायक विधि संवाददाता, बिहार- झारखंड प्रदेश, के संयुक्त रिपोर्ट।



बिहार प्रदेश, 5 सितंबर 2023:- पुलिस संरक्षण में बढ़ते अपराध, औरंगाबाद जिले के लिए अभिशाप बन चुका है और पुलिसिया तांड़व की इतिहास जिले में बिहार -सरकार एवं जनप्रतिनिधियों के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है ! बिहार सरकार एवं जिले के नेताओं के दामन पर लगे दाग को अंततः धोते हुए औरंगाबाद जिले के एक व्योवृद्ध नेता नजर आयें, वह महान व्यक्ति कौन हैं? यह जानने के लिए उत्सूकता आप सभी में होगें ,जिसका जबाब होगा,जिन्हे देश के लगभग हर वर्ग के लोग जानते हैं, वह हैं :- पूर्व गवर्नर सह औरंगाबाद के पुर्व सांसद तथा रिटायर्ड IPS ऑफिसर निखिल कुमार।

कर्तव्यों की पालन में उद्देश्यों से भटक चुके,एएसपी स्वीटी सहरावत औरंगाबाद को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार का खबर सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से चल रहा हैं ,जिसका वीडियो, बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में काफी लोक प्रिय बन चुका है और औरंगाबाद जिला का रिटायर्ड IPS ऑफिसर निखिल कुमार चर्चा का विषय बन चुके हैं तथा आम जनता की रुझान उनके प्रति काफी देखने को मिल रहा है। आखिर क्यों? आईए, जमीन से जुड़े हकीकत के संबंध में हम चर्चा करते हैं ।

औरंगाबाद शहर में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने में विफल साबित हो चुके पुलिस के संबंध में लगातार शिकायत माननीय निखिल कुमार को मिल रहा था । शिकायत से हैरान व परेशान होकर (दिल्ली के पुलिस महानिदेशक रह चुके पूर्व राज्यपाल सह औरंगाबाद के पूर्व सांसद ) निखिल कुमार ने औरंगाबाद की सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) को फोन कराया ,फोन नहीं उठाने पर स्वयं फोन किया, लेकिन एएसपी ने कॉल रिसीव नहीं किया। कॉल रिसीव नहीं करने पर निखिल कुमार अपने दानी बिगहा स्थित आवास से पैदल ही एएसपी आवास पर पहुंच गए। और एएसपी स्वीटी सहरावत को मिलने के लिए संदेश भेजा।

एएसपी महोदया ने प्रोटोकॉल को भूल गई और उन्होंने कहवा दिया कि वह आवास पर किसी से नही मिलती हैं। कार्यालय पर आकर मिलें । निखिल कुमार अपने दायित्व को निर्वहन करते हुए एएसपी से मिलने के लिए खड़े रहे ,इसी क्रम में जिले के किसी वरीय अधिकारी का नजर पूर्व गवर्नर निखिल कुमार पर पड़ा और उन्होंने अपने आवास पर बैठने के लिए आग्रह भी किया ,किंतु निखिल कुमार एएसपी से मिलने के लिए उनके आवास के सामने खड़े रहे। अंततः एएसपी महोदया ने निखिल कुमार से मिली और अपने सभी सीमाओं को पार कर निखिल कुमार को नसीहत दे डाली।

एएसपी के बातों को सुनते हुए माननीय निखिल कुमार ने एएसपी को पर्सनल लाइफ और पब्लिक लाइफ से लेकर फुल प्रोटोकॉल तक का पाठ पढ़ा दिया। फिर भी एएसपी महोदया के दलिले नहीं रूक पाई और हमेंशा एक कुशल नेतृत्व कर्ता को निगेटीव सोच की जिम्मेवारी देते हूए नजर आई ।

जब हमारे बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में पुलिस की कार्यशैली- कार्य प्रणाली, देश के जाने -मानें हस्तियों एवं बिहार -सरकार का अभिन अंग के साथ ऐसी हैं तो आम अवाम व पत्रकारों के साथ उनकी कार्यशैली क्या होंगे? यह तो सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है! आखिर ऐसा क्यो? और जनता की सुरक्षा व रक्षा की जगह ,औरंगाबाद के पुलिस असामाजिक तत्वों, लुटेरे वर्ग एवं अपराधकर्मियो के बचाव में क्यों लगी हुई है! यह अहम सवाल, जांच का विषय है!

### निषाद का बच्चा हूं, जाल में फंसता नहीं फंसाता हूं.. मुकेश सहनी ने विपक्षियों को दे दी खुली चुनौती

भोजपुर. 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव और प्रधानमंत्री को लेकर पक्ष और विपक्ष तो आमने सामने हैं ही लेकिन इन पार्टियों के अलावा बिहार की अन्य पार्टियां भी अपनी दावेदारी पेश करने में जुट गई हैं. दरअसल विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी इन दिनों अपनी संकल्प यात्रा के क्रम में लोगों को निषाद आरक्षण में संघर्ष के लिए जागरूक कर रहे हैं. इसको लेकर मुकेश सहनी मंगलवार को भोजपुर पहुंचे, जहां शहर से लेकर गांव के हर छोटेझ्छोटे कस्बों तक पहुंचकर लोगों से संकल्प कराया.

## हरियाणा के 100 गाँवों को 75 करोड़ खर्च कर सड़क मार्ग को फोरलेन बनाया जाएगा - दुष्यन्त चौटाला

**समाज जागरण**

चण्डीगढ़, 5 सितम्बरः( विनोद कश्यप) । हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने 100 गांवों को बड़ी सौगात देते हुए बताया कि दुष्यंत कैथल जिले के गांव तितरम मोड़ से हांसी वाया जींद तक की सड़क को फोरलेन बनाया जाएगा। इस पर करीब 75 करोड़ रुपये खर्च होंगे। साथ ही तितरम से गांव राजौरी तक सड़क का सुधार कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जिम और पार्कों पर भी काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि शिवराम योजना के तहत कब्रिस्तानों के रास्ते में पेयजल आदि की कमी को तत्काल प्रभाव से दूर किया जाए। सभी गांवों में जिन चौपालों की मरम्मत की आवश्यकता है, उनकी तुरंत प्रभाव से मरम्मत कराई जाए।

फोरलेन सड़क से 100 गांवों को फायदा होगा

फोरलेन सड़क से करीब 100 ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। कैथल जिले के गांव तितरम में एक कार्यक्रम में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि राज्य में पंचायती राज संस्थाओं में 50 फीसदी जन प्रतिनिधित्व महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा। गांव में तालाबों के सुधार के लिए भी बजट में 800 करोड़ रुपये दिये गये. उन्होंने 1600 तालाबों के सौंदर्यीकरण की भी जानकारी दी और कहा कि इस दिशा में जल्द ही काम शुरू होगा।

### अयोध्या में बनेगा टेंपल म्यूजियम

दिल्ली. अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है. जनवरी के महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान रामलला के भव्य गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होंगे. इससे पहले मंगलवार को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दिल्ली में मुलाकात की. दो घंटे से ज्यादा चली मुलाकात में प्रधानमंत्री को अयोध्या के डीएम और कमिश्नर द्वारा अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों को लेकर प्रेजेंटेशन दिया गया. इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री ने भी पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर और क्या काम किया जा सकते हैं उसको लेकर अपने सुझाव दिए. इसके अलावा अयोध्या में एक टेंपल म्यूजियम बनाया जाए

## बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा पर पथराव, रथ पर सवार थे बड़े नेता, कई वाहन क्षतिग्रस्त



नीमच. मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले निकाली जा रही बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा पर पथराव किया गया है. नीमच के मनासा में पथराव की ये घटना हुई. जिस वक्त पथराव किया गया उस वक्त रथ पर बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री मोहन यादव रथ पर सवार थे. पथराव में रथ सहित कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयी हैं. पार्टी प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा ने कहा-ऐसी घटनाओं से हम डरने और रुकने वाले नहीं हैं.

बीजेपी मध्य प्रदेश में जन आशीर्वाद यात्रा निकाल रही है. खबर आ रही है कि नीमच में बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा पर हमला हुआ है. जन आशीर्वाद यात्रा के रथ पर पथराव किया गया है. इसमें रथ सहित पुलिस की गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त की गई हैं. हमले के दौरान रथ में बीजेपी नेता कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री मोहन यादव मौजूद थे.

### चीता प्रोजेक्ट से नाराज ग्रामीणों ने किया हमला

आज मनासा विधानसभा में रावड़ी कूवि गांव में जन आशीर्वाद यात्रा पहुंची तो ग्रामीणों ने उस पर पथराव किया. बताया जा रहा है कि चीता प्रोजेक्ट में वन विभाग द्वारा भूमि अधिग्रहण करने के कारण ग्रामीण आक्रोशित हैं. उन्हीं लोगों ने रथयात्रा पर पथराव किया है. इसमें करीब आधा दर्जन गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं.

### हम डरने वाले नहीं

घटना के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा ह्यहमारी यात्रा को बाधित करने की कोशिशह्न की गई है. ह्यहम डरने वाले नहीं हैं. ह्यजरूरत पड़ने पर पैदल यात्रा करेंगे. रथयात्रा पर सुनियोजित हमला किया गया.

## लाहौर में नबी की विस्फोट और शाहिदी की सूझबूझ भरी पारी हुई बेकार, श्रीलंका ने सुपर-4 के लिए किया क्वॉलिफाई

**नई दिल्ली**. एशिया कप 2023 का छठवां मुकाबला मंगलवार को श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच लाहौर में खेला गया. इस रोमांचक मुकाबले में श्रीलंकाई टीम दो रन से जीत हासिल करने में कामयाब रही. इसके साथ ही श्रीलंका ने सुपर-4 के लिए क्वालीफाई कर लिया है. वहीं अफगानिस्तान का सुपर-4 में जाने का सपना चकनाचूर हो गया है.

मैच के दौरान अफगान बल्लेबाज मोहम्मद नबी और कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी का बल्ला जमकर चला. दोनों ही बल्लेबाजों ने उम्दा बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम के लिए अर्द्धशतक जड़ा और जीत दिलाने भरसक कोशिश की, लेकिन नाकामयाब रहे.




### 291 रन बनाने में कामयाब हुई थी श्रीलंका:

इससे पहले लाहौर में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 291 रन बनाने में कामयाब हुई थी. टीम के लिए तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए कुसल मेंडिस जबर्दस्त लय में नजर आए. मेंडिस टीम के लिए 84 गेंद में 109.52 की स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 92 रन बनाने में कामयाब रहे. हालांकि, वह अपने तीसरे वनडे शतक से महज आठ रन से चुक गए. उनके अलावा श्रीलंकाई टीम के लिए दुसरे सर्वोच्च स्कोरर पथुम निसांका रहे. निसांका ने पारी का आगाज करते हुए 40 गेंद में 41 रन का योगदान दिया.

# कोटा पर कलंक लगाती आत्महत्या की घटनाएं

**दैनिक समाज जागरण**

राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग की सबसे बड़ी मंडी बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या भी काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होने के उपरांत भी वह अपने बच्चों को इस आशा से कोटा भेजते हैं कि यदि वह परीक्षा में सफल हो जाता है तो भविष्य में इंजीनियर या डॉक्टर बन जाएगा। इसके लिए लोग लाखों रुपए के कर्ज के बोझ तले भी दब जाते हैं।

कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर कलंक लगा रही है। पिछले अगस्त महीने में ही कोटा में कोचिंग करने वाले पांच छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। साल 2023 के 8 महीना में अब तक कोटा में 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले 5 वर्षों में यहां 70 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते की स्थिति में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से अधिकांश गरीब या मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। इसी वर्ष जो 23 छात्रों ने आत्महत्या की है उनमें से 19 छात्र व चार छात्राएं शामिल है। इनमें से 17 छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे थे वही 6 छात्र जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में पढ़ने के लिए आने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है।

ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां चलने वाले सभी कोचिंग संस्थाएं कई शिफ्टों में संचालित होती है। जिसमें अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है।

कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं।

कोटा में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में सरकार ने आत्महत्या के जो प्रमुख कारण गिनाए थे उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण शामिल थे।

कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलन व हड़ताल के चलते धीरे-धीरे यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। एक समय ऐसा भी आया कि कोटा में नाम मात्र के उद्योग ही रह गए थे। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलना प्रारंभ हुई। सन 2005 के आसपास तो यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा में कोचिंग संस्थान एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन चुका है। पूरे कोटा शहर की अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। कोटा शहर के हर चौक-चौराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग हीं सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं।

आज कोटा देश में कोचिंग का सुपर मार्केट है। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानतः सालाना 300-400 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं।

कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित राजस्थान सरकार हरकत में आई है। सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए अगले दो माह तक सभी तरह के टेस्टों पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला जाएगा। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए जाएंगे जिनमें डिवाइस फिट रहेगी और यदि कोई पंखे पर लटकने की कोशिश करेगा तो डिवाइस में लगा सायरन बजकर लोगों को सतर्क कर देगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी।

सरकार अपनी तरफ से चाहे कितनी भी कोशिश कर ले। कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक खुले मन से बिना किसी दबाव के पढाई करने लगेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा। यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोककर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी कोटा में पढ़ने वाले छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढाई कर पाएंगे। कोटा में संचालित कोचिंग संस्थान जब तक अपने काम को पैसे कमाने कि मशीन समझना बंद कर अपने छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार नहीं करेंगे तब कोटा के हालात नहीं सुधरेंगे।



**आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा**

# बैठकी क्या भारत द्विदलीय व्यवस्था की ओर!!! भाग-2

**दैनिक समाज जागरण**

सुना आपलोगों ने! अब इंडिया और भारत में युद्ध ठन गया है !इंडी एलायंस अर्थात इंडिया और एनडीए में युद्ध का नया फील्ड सज गया है!--मास्टर साहब बैठते हीं छेड़ दिये!

हां मास्टर साहब, 9 सितम्बर को राष्ट्रपति द्वारा जी-20 सम्मेलन पर रात्रि भोज में आमंत्रण पत्र पर लिखे-"दी प्रेसिडेंट ऑफ भारत" को लेकर विपक्षी पार्टियों के गठबंधन, इंडी एलायंस जो अपने को इंडिया कहकर संबोधित करते हैं, भाजपा पर दनादन पत्थरबाजी कर रहे हैं! कोई कहता है विपक्षी गठबंधन के नाम- इंडिया




से मोदी बौखला गये हैं तो कोई कह रहा है कि भाजपा वाले डर गये हैं! कोई संविधान की दुहाई दे रहा है तो कोई देश का अपमान साबित कर रहा है!--कुंवरजी मुस्कुराये!

मैं तो टीवी पर, कई विपक्षी नेताओं के मुख से कहते सुना हूँ कि मोदीजी, विपक्षी गठबंधन "इंडिया" से डर गये हैं तो उन नेताओं से पुछता हूँ कि ये आप लोगों ने आई.एन.डी.आई.ए. किसके डर से बनाया है!!--उमाकाका कहकर हंसने लगे!

सुननी हा कि विपक्षी कहतारे स जे मोदी देश के इतिहास बदलल चाहतारे!--मुखियाजी खैनी का डिब्बा खोलते हुए!

मुखियाजी, इंडिया की जगह भारत लाकर, इतिहास बदला नहीं जा रहा बल्कि इतिहास को स्थापित किया जा रहा है! आप भी जानते हैं कि इस देश का नाम आर्यावर्त फिर राजा भरत के नाम पर भारत था! इंडिया तो अग्रेजों द्वारा नामकरण किया गया जो सचमुच गुलामी का हीं प्रतिक है!--डा. पिंटू बोले!

खैर, हमलोग देश में द्विदलीय व्यवस्था पर विचार विमर्श कर रहे थे! इस संदर्भ में मेरा अपना विचार है कि ऐसा निकट




भविष्य में तो नहीं दिखता! ये अलग बात है कि मोदीजी के प्रभाव और व्यक्तित्व के आगे कांग्रेस और क्षेत्रीय पार्टियों को अपना भविष्य सुरक्षित नहीं दिखता तो अपने अपने निहित स्वार्थ को लेकर ये इकट्ठा हुई हैं लेकिन जब परस्पर इनका स्वार्थ टकरायेगा तब ये इकट्ठा रह पायेंगी इसमें संदेह है!--मास्टर साहब अपनी कहे!

अब सोचनीय पहलु ये है कि इन दोनों पार्टियों, तथाकथित इंडिया और एनडीए के राजनीति का मूल आधार क्या है!!--डा. पिंटू मुद्दे पर!

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता में.....

डा. साहब, हमारे देश का दुर्भाग्य है कि




अंग्रेजों से आजादी के बाद से हीं राजनीति पर धर्म और जाति का प्रभुत्व रहा है और इसी का नतीजा देश विभाजन रहा लेकिन विभाजन के पश्चात भी हम इससे पिछा नहीं छूटा पाये बल्कि सच कहा जाय तो आजादी के बाद बरसों तक कांग्रेस ने देश पर राज तो किया लेकिन उसकी राजनीति का आधार भी धर्म और जाति हीं रहा! आज भले हीं हम 77 वां स्वतंत्रता दिवस मना लिये लेकिन यथार्थ यही है कि हमारे देश की राजनीति, धर्म और जाति से उपर नहीं उठ पायी है और न उठ पायेगी!-- मैं निराश था!

सरजी, बिलकुल सही कहें हैं !इसी धर्म और जाति के राजनीति का बाईप्रोडक्ट- "परिवारवाद" की राजनीति रही है !आज देश में जितनी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां हैं उनका आधार संप्रदायवाद,जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद हीं तो है!! भाजपा को किनारे कर दिया जाये तो तथाकथित गठबंधन "इंडिया" का विश्लेषण करते हैं तो लालू की राजद हो या अखिलेश की सपा, स्टालिन का डीएमके हो या बंगाल के ममताबनर्जी की टीएमसी,या शरद पवार की एनसीपी हो या उद्धव ठाकरे की शिवसेना हो! छोड़िये न, गांधी परिवार की कांग्रेस को हीं लिजिये, ये सभी परिवारवाद पर आधारित राजनीतिक दल हीं तो हैं!--पारस नेता की बातें वजनी लगीं!

नेताजी, इतना तो ध्रुव सत्य है कि इन परिवारवादी पार्टियों के लिए,राष्ट्र प्रथम नहीं बल्कि प्रथम परिवार का हित होता है जिसके चलते ये आकंठ तक भ्रष्टाचार में डुबीं रहतीं हैं! भूतकाल में परिवार को प्राप्त अनंत सुविधाओं और रुतबे से महरुम होने का दुख और भ्रष्टाचार से जोड़ी गयी अकूत संपत्ति की असुरक्षा का भय, इन्हें गठबंधन बनाने को मजबूर कर दिया है !ये देश और जनता के हित में गठबंधन बनाने की सोच रखते हैं ये सोचना भी मूर्खता से कम नहीं होगा! इन्हें पता है कि भारत की जनता को जिस तरह अबतक बेवकूफ बनाया जाता रहा है वैसे हीं अभी भी धर्म,जाति, भाषा और क्षेत्र के नाम पर मूर्ख बनाया जा सकता है!--कुंवरजी हाथ चमकाये!

कुंवरजी, इन स्वार्थी दलों का निहित स्वार्थ अपना, अपना तो हैं हीं लेकिन ये कहने की बात तो है नहीं तो ये एक स्वर में चिल्लाते हैं कि लोकतंत्र खतरे में है, संविधान खतरे में है!! सत्य इससे उलट मोदी राज में, इनकी पारिवारिक विरासत खतरे में है!

जनता भी अब उतनी मूर्ख नहीं रह गई है! मोदीजी के नेतृत्व में भारत, भीतर और बाहर,हर क्षेत्र में, विकास के उन सोपानों को प्राप्त किया है जो लोगों के लिए स्वप्न से कमतर नहीं! सत्य तो यही है कि इससे विपक्ष बुरी तरह घबड़ा चूका है !अब वो उस सिद्धांत पर अमल करने का प्रयास कर रहा है जिसे हम बचपन से सुनते आये हैं-- संघे शक्ति! हो सकता है कि तुष्टीकरण और जाति की राजनीति पुनः सफलता दिला दे!-उमाकाका मुंह बनाये!

ए सरजी देश,द्विदलीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है! ये तो विपक्षियों के वक्तव्य से दिख रहा है लेकिन लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सफलता की कई सीढ़ीयां चढ़ना अभी शेष है! जैसे विपक्ष के नेतृत्वकर्ता का




चुनाव, केंद्र और राज्य स्तरीय चुनावों में सीट बंटवारे पर परस्पर सहमति!

अगर इन दोनों लक्ष्य को प्राप्त करने में इंडी एलायंस सफल होता है तभी देश में द्विदलीय व्यवस्था की परिकल्पना की जा सकती है!--पारस नेता ने निचोड़ रख दिया!

ए सरजी, विपक्षी लोग कतनो हल्ला करसु लोग बाकि हमरा नईखे विश्वास कि मोदीजी से इ लोग पार पाई लोग! हाँ, भिड़ंत जोरदार हो सकेला! अच्छा अब चलल जाय!-- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी......!!!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# वर्तमान परिपेक्ष्य में शिक्षक

**दैनिक समाज जागरण**

भारत तीव्र गति से भौतिक उन्नति की ओर बढ़ रहा है। लेकिन यहाँ का शिक्षक अपना सम्मान बनाए रखने में निरन्तर पीछे खिसक रहा है जो इस शिक्षक दिवस के अवसर पर विचारणीय प्रश्नों में से एक है। गंभीर रूप से ऊफनती इस समस्या ने हमारे वैदिक गुरुओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने का काम किया है।

आज यदि हम भारतीय प्राचीन संस्कृति की ओर गौर करें तो तब राजा की तुलना में गुरु का पद अधिक महत्वपूर्ण था। राजकाज में गुरु परामर्श प्रथम एवं प्रमुख था। तब गुरु और शिक्षक शब्द समानार्थी थे किंतु वर्तमान परिपेक्ष्य में स्थिति भिन्न है। तत्कालीन समय में गुरु से बढ़कर कोई नहीं था। गुरुओं के आश्रम हुआ करते थे। जो छात्र इनमें प्रवेश लेते थे उन्हें तन-मन - धन से गुरु की सेवा करनी पड़ती थी। वर्षों की सेवा के बाद उसे गुरु ज्ञान प्राप्त हो पाता था। आश्रम में रहकर शिष्य अपने गुरु के भरण-पोषण, खेती, गाय चराने, लकड़ियां काटकर लाने, खाना बनाने और भीख माँगकर लाने के अलावा अवकाश के समय गुरु के चरणों को श्रद्धाभाव से सहलाते हुए ज्ञानामृत पाना पड़ता था। शिष्य की सेवा से प्रसन्न होकर तब गुरु ज्ञान - दान कर शिष्यों को कृतार्थ किया करते थे। यह प्रक्रिया आज भी ज्यों की त्यों है। आज गुरु आश्रम नहीं होकर उनकी जगह ट्यूशन संस्थान हैं। जहाँ प्रवेश पाते ही छात्र भक्तिभाव से गुरु की सेवा में जुट जाते हैं। कोई चाय बनाने, कोई सब्जी खरीदने, कोई गुरु के पशुओं की देखभाल और कोई घर के दूसरे जरूरी काम करते हैं।

आज इन्हीं कारणों ने शिक्षकों के मान - सम्मान को गहरी ठेस पहुंचाई है। शिक्षक के पास स्वयं का कोई जीवन दर्शन नहीं रहा है। इसी कारण आज के शिक्षक को विलासी, स्वार्थी और भौतिकवादी की श्रेणी में गिना जाता है। वह असन्तोषी तो हो ही गया है, साथ - साथ उसमें मित्थाचारी हो जाना भी झलकता है। संभवत ऐसे कारणों से ही आज शिक्षक का स्थान तिरस्कारपूर्ण है। स्थिति ऐसी है कि अभिभावक तथा छात्रगण अब उसके प्रति कोई श्रद्धा की भावना नहीं रखते।

एक बात जो महत्वपूर्ण है कि शिक्षक वास्तविकता से हटकर अपनी इस अधोगति का आरोप समाज पर लगाता है। सरकार पर दोषारोपण करता है।अपने ही छात्रों को दोषी और अनुशासनहीन बताता है। दूसरी ओर समाज, सरकार तथा छात्र अपने शिक्षक की निन्दा करते हैं कि शिक्षक समय का पाबंद नहीं है। कक्षाओं में रुचि से बच्चों को नहीं पढ़ाता और खानापूर्ति करता है। ट्यूशन के लिए छात्रों को बाध्य करता है। औने-पौने दाम लेकर छात्रों को पाठशाला तथा बोर्ड की परीक्षाओं में नकल कराता है। जब कोई प्रधानाचार्य या शिक्षक सेवानिवृत्ति के द्वार पर पहुंचता है तो वह अपने कर्तव्य के प्रति और उदासीन रवैया अपनाने से गुरेज नहीं करता और कभी-कभी तो ऐसे निन्दनीय कार्य करने लग जाता है जो उसके चरित्र धूमिल करते हैं। आज तो शिक्षक के साथ - साथ शिक्षा विभाग भी भ्रष्टाचार की अपनी सीमा की हदें पार कर चुका है। आखिर इसका क्या परिणाम निकलेगा और राष्ट्र की उन्नति कैसे होगी?

निसंदेह, शिक्षण संस्थानों की प्रबन्धन समितियां कभी - कभार पथभ्रष्ट होकर शिक्षकों को कर्तव्य- च्युत करने के साथ-साथ अनेक कष्ट पहुंचाती हैं, लेकिन, यह सच्चाई है कि मंहगाई के इस दौर में शिक्षक को सम्मानजनक जीवन जीना और परिवार का पोषण करना दूभर हो गया है। बेशक, शिक्षक समाज का रखवाला है।समाज में निरन्तर बढ़ती बुराइयों से वह प्रभावित होता है और जब आज सम्पूर्ण समाज का ढांचा ही चरमरा गया है तो फिर शिक्षा विभाग या शिक्षक उससे बिल्कुल अछूता कैसे रह सकता है।

शिक्षक को भारतीय संस्कृति के अनुसार अपना सम्मान और अधिकार पाने के लिए अर्थलोलुप्ता जैसे सभी दोषों से बचकर कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और यदि ऐसा होता है सरकारें उसे उसका खोया सम्मान दिलाने में पीछे नहीं हट सकतीं।ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई तो शिक्षक को अवश्य ही आत्मिक सन्तोष मिल जाएगा।

**---विनोद कश्यप**

## मेरा भारत महान

हमारा देश महान है, आज
सुनते इसकी कहानी,
खूब लड़ी मदार्नी जहां की झ-
ांसी वाली रानी।
आर्यभट्ट का आविष्कार
अनोखा, चाणक्य राजनीति का
जोड़ न दूजा,
कालिदास का अभिज्ञान
शाकुंतलम, देश हमारा शिवम
सुंदरम।

आदि शक्ति की जन्मस्थली
श्रीराम चंद्र जी की कर्म स्थली,
मीरा, गार्गी के कर्म महान, सभी
मिलके बनाते इस धरा को
शोभायमान।
रंग रूप भले अलग हो, पर हम
सब हर स्थितियों में एक है,
संघर्ष करते विचारों को रखते
सदैव महान।
तभी तो एक साथ सभी ये कहते
सच मे भारत कितना महान।

**प्रतिमा उपाध्याय "पीहू"**
**(शिक्षक)**
**प्रधानाध्यापिका--प्रावि**
**अमृतपाली**
**विखं-दुबहड़ (बलिया)**

# *शिक्षक दिवस पर जानें इसका इतिहास और महत्व*

भारतीय संस्कृति के प्रकांड विद्वान सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन का इस दिन जन्म हुआ था, जो हमारे देश के प्रथम उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति थे। वे स्वयं महान शिक्षक थे। उनका व्यक्तित्व श्रेष्ठ था। ये उनके ही विचार थे कि उनके जन्मदिन 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए, तो उनके लिये यह सम्मान की बात होगी।1954 में उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान भारत-रत्न से सम्मानित किया गया था । हमारे जीवन में गुरु का बड़ा महत्व होता है। बिना गुरु के ज्ञान पाना असंभव है। शिक्षक के आशीर्वाद से ही हम अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर बढ़ते हैं। इस दिन स्कूलों में रंगारंग कार्यक्रम और तरह-तरह की एक्टिविटीज का आयोजन होता है। बच्चे और शिक्षक दोनों ही सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। स्कूल और कॉलेज सहित अलग-अलग संस्थानों में शिक्षक



दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हमारे यहाँ प्राचीन काल से ही गुरूओं का बच्चों के जीवन को संवारने में बड़ा योगदान रहा है। गुरुओं से मिले ज्ञान और मार्गदर्शन से ही हम सफलता के शिखर तक पहुंच सकते हैं। इसीलिए शिक्षक दिवस सभी शिक्षकों और गुरुओं को समर्पित है। इस दिन शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। भारत में शिक्षक दिवस शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता अर्पित करने का उत्सव और अवसर है। शिक्षक जीवन में विपरीत परिस्थितियों का सामना करना भी सिखाते हैं। शिक्षक दिवस पर लिखी मेरी एक कविता यहाँ प्रस्तुत कर रहा हूँ :- *आदर्श शिक्षक व आदर्श शिक्षा* ऋषि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, वेद व्यास व आदर्श गुरू संदीपन, श्रीराम व श्रीकृष्ण के थे शिक्षा मित्र, जिनकी शिक्षा से वे बने सद्चरित्र। यद्यपि वे ऋषि मुनि गुरूवों के गुरु थे, क्योंकि श्रीराम व श्रीकृष्ण के गुरु थे, श्रीराम व कृष्ण आजीवन ऐसे गुरु थे, जो स्वयं श्री हरि विष्णु के अवतार थे। श्रीराम सभी भ्राताओं, प्रजा जनो, माता सीता, पवन पुत्र श्री हनुमान, महाबली बाली, सुग्रीव, विभीषण, सभी के शिक्षक व मित्र थे महान। श्रीकृष्ण की शिक्षा पार्थ के साथ ही जगत को साक्षात श्रीमदभगवद्गीता है, गीता के उपदेशों से हर प्राणिमात्र सदियों से आजीवन आया जीता है। आदित्य सत्य यह है इस संसार में, जो जीवित है वो हर प्राणी शिक्षक है, जीवित ही क्यों, जो जीवित नहीं है, वह भी तो कोई न कोई शिक्षा देता है। ह्यशिक्षक हौं सिगरे जग कोह्ण यह सुदामा ने अपनी पत्नी से कहा था, उनकी पत्नी ने भी उन्हें श्रीकृष्ण से मदद लेने के लिये शिक्षा दिया था। माता, पिता, अग्रज और अग्रजा, इत्यादि सभी तो शिक्षक होते हैं, इस दुनिया के सभी व्यक्ति किसी न किसी को कुछ तो शिक्षा देते हैं। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की शिक्षण प्रतिभा को सारा विश्व नमन करता है, हर भारतीय शिक्षक दिवस पर आज, आदित्य उन्हें शत शत नमन करता है।

**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# टैक्स लॉयर्स एसोसिएशन लखनऊ की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ संपन्न

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । टैक्स लायर्स एसोसिएशन लखनऊ के सत्र 2023-24 की कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए, जिनका शपथ ग्रहण समारोह 'राज्य कर भवन' के सभागार मे सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अथिति  जानकी शरण पाण्डेय सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन बार काउन्सिल ऑफ उ०प्र० द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्वलन के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई



अध्यक्ष उमेश चन्द्र शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष दीपक कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव राजेश कुमार सिंह, महासचिव स-रोश इकबाल शम्सी, वित्त सचिव  आशीष कुमार त्रिपाठी ,पुस्तकालय सचिव आशीष यादव ,वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य विपुल तिवारी सदस्य कार्यकारिणी रिषभ रोहतगी सदस्य कार्यकारिणी मानस गुप्ता चुने गये । कार्यक्रम का संचालन संगठन के वरिष्ठ सदस्य अनुपम कुमार द्वारा किया गया । कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता एमसी गुप्ता, बी बी श्रीवास्तव, जयराम श्रीवास्तव व संगठन के कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा संबोधित किया गया कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य अनुपम कुमार द्वारा किया गया। इसके अति-रक्त नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश चन्द्र शुक्ला द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अथिति को प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया एवं उमेश चन्द्र शुक्ला द्वारा अधिवक्ता हितों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता जताते हुए कार्यक्रम के मुख्य अधिति बार काउंसिल ऑफ उ०प्र०के सदस्य व पूर्व चेयरमैन जानकी शरण पाण्डेय को कर अधिवक्ताओं की प्रमुख समस्या अधिवक्ता व्यवसाय में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाए जाने व बार काउन्सिल ऑफ उ.प्र. द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस के सम्बन्ध में निर्धारित नियम व शर्तों में शिथिलता बरते जाने का अनुरोध किया गया।

# इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में 21 से 25 सितंबर तक होगा यू. पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन।

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 05 सितंबर 2023 /प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप जनपद गौतम बुद्ध नगर के इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में 21 से 25 सितंबर तक उत्तर प्रदेश का पहला यू.पी इंटरनेशनल ट्रेड शो होना प्रस्तावित है, जिसको लेकर प्राधिकरण, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा युद्ध स्तर पर अपने-अपनी तैयारी को अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज माननीय राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश व जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह एवं अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के द्वारा इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में पहुंचकर जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ यू.पी इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा बैठक के अवसर पर जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा माननीय मंत्री जी एवं अपर मुख्य सचिव को यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर की जा रही वर्तमान तक की तैयारियों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। अपर मुख्य सचिव ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए बैठक में उपस्थित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश सरकार का बहुत ही महत्वपूर्ण इवेंट है और यह जनपद गौतम बुद्ध नगर का सौभाग्य है कि इतना बड़ा इवेंट जनपद में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यू.पी इंटरनेशनल ट्रेड शो में देश एवं विदेश के वीवीआईपी, निवेशकों, उद्यमियों एंटरप्रेन्योर्स आदि के द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इसलिए जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए यू.पी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आने वाले देश एवं विदेश के मेहमानों के रहन-सहन, खान पान, स्वास्थ्य, ट्रैवलिंग तथा उनकी सुरक्षा से संबंधित सभी तैयारियां समय रहते मानकों के अनुरूप पूर्ण कर ली जाए ताकि इस मेगा इवेंट के दौरान आने वाले मेहमानों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और जब वह ट्रेड शो के समापन के बाद वापस लौटे तो वह हमारे देश व प्रदेश को लेकर एक अच्छा संदेश अपने साथ लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि यू.पी इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण आपसी समन्वय बनाकर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे तथा यू.पी इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित कराया जाए ताकि आयोजित होने वाले ट्रेड शो को लेकर अधिक से अधिक लोगों को जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक के उपरांत जनपद के माननीय प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह एवं अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के द्वारा जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ इंडिया एक्सपो मार्ट परिसर में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर की जा रही तैयारियों का बहुत ही गहनता के साथ स्थलीय निरीक्षण करते हुए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा माननीय प्रभारी मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव को आश्वस्त किया गया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर आज बैठक में तैयारियों को लेकर जो आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं, उनका अधिकारियों के माध्यम से पालन सुनिश्चित करते हुए सभी तैयारियां समय रहते मानकों के अनुरूप सुनिश्चित कराई जाने की कार्रवाई की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में माननीय विधायक दादरी तेजपाल नागर, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा रवि कुमार एन.जी., डीएम मनीष कुमार वर्मा, ज्वाइंट सीपी आनंद कुलकर्णी, इंडिया एक्सपो मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार तथा जिला प्रशासन, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।



# जनपद में भूगर्भ जल निष्कर्षण के लिए

## समस्त औद्योगिक, वाणिज्यिक, अवसंरचनात्मक, आर0ओ0प्लांट, कार वाशिंग सेंटर, सामूहिक उपयोगकताओं अधिष्ठान एवं भूगर्भ कूप निर्माण की समस्त ड्रिलिंग संस्थाओं द्वारा पंजीकरण कराना अनिवार्य।

**बिना पंजीकरण / अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) के भूगर्भ जल दोहन करने के लिए दोषी पाए गए व्यक्ति/समूह/संस्था के लिए 02 से 05 लाख रुपये तक का जुमार्ना अथवा 06 माह से 01 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों दण्ड किये गए निर्धारित।**

जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने जानकारी देते बताया कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन एवं विनियम) अधिनियम-2019 के अंतर्गत राज्य में भूमिगत जल संरक्षित, नियंत्रित करने एवं भूमिगत जल का सतत प्रबंधन सुनिश्चित करने व उसे दोनों परिमाणात्मक और गुणात्मक स्थित्व प्रदान करने के लिए विशेष रूप से भूजल संकट ग्रस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भूजल संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर दिया गया है एवं औद्योगिक, वाणिज्यिक, अवसंरचनात्मक, आर0ओ0 प्लांट, कार वाशिंग सेंटर और सामूहिक उपयोगकताओं को भूजल निष्कर्षण के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी)/ पंजीकरण का प्राविधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त भूगर्भ कूप निर्माण की समस्त ड्रिलिंग संस्थाओं का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। उन्होंने समस्त औद्योगिक, वाणिज्यिक, अवसंरचनात्मक, आर0ओ0प्लांट, कार वाशिंग सेंटर और सामूहिक उपयोगकताओं अधिष्ठान यथा होटलों/ लाजों/ रिसोर्टो/निजी चिकित्सालयों/ परिचर्चा गृहों / कारोबार प्रक्षेत्रों / मॉल्स/वाटर पार्क इत्यादि सहित मौजूदा एवं प्रस्तावित भूजल उपयोगकताओं का आह्वान करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन एवं विनियम) अधिनियम-2019 की धारा 39 के अंतर्गत बिना पंजीकरण / अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) के भूगर्भ जल दोहन करने के लिए दोषी पाए गए व्यक्ति/समूह/संस्था को 02 से 05 लाख रुपये तक का जुमार्ना अथवा 06 माह से 01 वर्ष तक का कारावास अथवा दोनों दण्ड निर्धारित किये गए हैं। अतः उपरोक्त श्रेणी के उपभोक्ता तत्काल भूगर्भ जल विभाग के वेब पोर्टल http:/upgwdonline.in पर ऑनलाइन आवेदन कर पंजीकरण / अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। आवेदक द्वारा आवेदन से सम्बंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए हाइड्रोलाजिस्ट (कार्यालय अधिशासी अभियंता भूगर्भ जल विभाग, खण्ड- गौतमबुद्धनगर, अए-18, अंसल गोल्फ लिंक-2, तिलपता चौक, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा) / नोडल अधिकारी जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद् जनपद गौतमबुद्धनगर को Email: ankurai3005@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति/समूह/संस्था/ फर्म द्वारा भूगर्भ जल निष्कर्षण के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र / रजिस्ट्रेशन के लिए नोटिस जारी होने की तिथि के 03 माह के अन्दर आवेदन नहीं किया जाता है तो उसके उपरांत अवैध रूप से भूजल निष्कर्षण के लिए अधिनियम के अनुसार उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# शिक्षक दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह का कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सजीव प्रसारण।

## मा0 राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश व जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने शिक्षक शिक्षिकाओं को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित।

**डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से समूचे शिक्षक समुदाय को मिलती रहेगी प्रेरणाः माननीय मंत्री।**

गौतम बुद्ध नगर 05 सितंबर 2023  उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आज लखनऊ में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ, सम्मान समारोह में माननीय मुख्यमंत्री जी ने राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 94 शिक्षकों के भव्य सम्मान, शिक्षकों के लिए 2.09 लाख टैबलेट वितरण का शुभारम्भ एवं 18381 स्मार्ट क्लास और 880 आईसीटी लैब का उद्घाटन किया। इसी कड़ी में आज जनपद गौतम बुद्ध नगर में भी डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें मा0 राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश व जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह एवं दादरी क्षेत्र के माननीय विधायक तेजपाल नागर तथा अन्य जनप्रतिनिधियों, डीएम मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, डायट के प्राचार्य राज सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा के शिक्षक व शिक्षिकाओं के द्वारा लखनऊ में आयोजित माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओं के सम्मान समारोह का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण देखा गया। सजीव प्रसारण के उपरांत माननीय मंत्री एवं माननीय विधायक के द्वारा माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा के उत्कृष्ट कार्य करने वाले माध्यमिक शिक्षा विभाग गौतम बुद्ध नगर के 8 व बेसिक शिक्षा विभाग गौतम बुद्ध नगर के 11 शिक्षक-शिक्षिकाओं को शाल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने जनपद के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है, जब एक शिक्षक विभिन्न कठिनाईयों से जूझता हुआ भारत के सर्वोच्च संवैधनिक पद पर पहुँचा। डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सदैव ही समूचे शिक्षक समुदाय को प्रेरणा प्राप्त होती रहेगी। उन्होंने शिक्षकों को कर्तव्यबोध का एहसास कराते हुए कहा कि शिक्षक सदैव से ही सम्माननीय रहा है। आज के दौर में शैक्षणिक कार्य और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है, क्योंकि अभिभावक अपने बच्चे को अधिकाधिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना चाहता है। सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक रूप से सुधार करते हुए विभिन्न मानकों को पूरा किया गया है। बहुत सारे शिक्षकों द्वारा नवाचार और स्वयं की प्रेरणा से विद्यालयों को सुधारा गया है। इस प्रकार से वर्तमान में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रही है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।



# बारकोड के माध्यम से अपने मोबाइल में आपदाओं में क्या करें व क्या ना करें एवं बचाव के उपायों युक्त जागरूकता सामग्री करें डाउनलोड।

## *भूकंप, आकाशीय बिजली, सर्पदंश एवं बाढ़ के उपायों को संकलित कर क्यू आर कोड के माध्यम से कराया जा रहा उपलब्ध*

**समाज जागरण**

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के मार्गदर्शन में जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुवेर्दी द्वारा जनपद में आपदाओं से बचाव के उपायों के लिए यूँ तो समाचार पत्रों के माध्यम से जागरुकता फैलाने का कार्य हो ही रहा है, लेकिन डिजीटल दौर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा इसे क्यू आर कोड के जरिये सभी लोगों तक पहुंचाने तक का कार्य कर दिया है। जिला आपदा विशेषज्ञ ने जानकारी देते हुए बताया कि भूकम्प आकाशीय बिजली, सर्पदंश एवं बाढ के उपायों को संकलित कर एक क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसे सभी स्कूलो हास्पिटल, मॉल, सिनेमा घरों एवं मैट्रो स्टेशनों पर इस क्यूआर कोड के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जायेगा। इसे जेनरेट करने वाले जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुवेर्दी बताते है कि इन दिनों जिले में व सर्पदंश आदि के चलते राहत कार्य के साथ ही जागरुकता का काम भी प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा व अपर जिलाधिकारी (वि० / रा० ) श्री अतुल कुमार ने उन्हें प्रेरित किया था कि आज गांव गांव में मोबाईल उपलब्ध है। ऐसे में संचार क्रांति का फायदा उठाकर लोगों को अधिक जागरुक करने की दिशा में प्रयास करें। इसी के चलते आपदा विशेषज्ञ के द्वारा 40 पेज के उपाय एहतियात आदि संकलित कर एक क्य०आर० कोड जेनरेट करने का काम किया गया। अपने मोबाइल में किसी भी स्कैनर से इस बार कोड को स्कैन कर आपदाओं से बचाव के उपायों की जानकारी ले सकेंगे। आपदाओं से होने वाली जनहानि की रोकथाम न्यूनिकरण तथा आम जनमानस में आपदाओं से बचाव के उपायों को डिजिटल माध्यम से भूकम्प, आकाशीय बिजली, सर्पदंश एवं बाढ से बचाव के उपायों को मात्र एक क्यूआर कोड स्कैन कर जान सकते हैं। लोगों से भी अपील है कि बार कोड को अधिक से अधिक शेयर किया जाये ताकि सभी को जानकारी मिल सके। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना में दर्जी के प्रशिक्षण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के अभ्यार्थियों का चयन करने के लिये लिया जाएगा साक्षात्कार।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र गौतम बुद्ध नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना में दर्जी के प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन वेबसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in/msme.up.gov.in पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का चयन के लिए साक्षात्कार कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र सूरजपुर(कलेक्ट्रेट के निकट/पीछे ईकोटेक 2) ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर के परिसर में दिनांक 13.09.2023 एवं 14.09.2023 को प्रातः 11:00 बजे से 4:00 बजे तक लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के समय उक्त योजना में प्रशिक्षण के लिए भरे गए ऑनलाइन फॉर्म की प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, बैंक पासबुक की एक फोटो कॉपी, जिसमें खाता संख्या और आईएफएससी कोड सही लिखा हो, 10 रुपए के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र नोटरी सहित आदि दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# पीएम कुसुम योजना में लंबित कार्यों को रफ्तार देगी योगी सरकार

**-प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के अंतर्गत कार्यों को गति देने पर योगी सरकार का फोकस**

**-कुल चार मदों में 92 कार्यों को पूरा करने के लिए 46.19 करोड़ रुपए की राज्यांश धनराशि जारी करने की दी गई स्वीकृति**

लखनऊ, 5 सितंबर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार हमेशा गरीब, निराश्रितों और किसानों के हितों को लेकर सजग रहती है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश के किसानों तक सरकारी सुविधाओं का समुचित लाभ पहुंचे इस बात को सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के अंतर्गत लंबित कार्यों को पूर्ण करने के लिए योगी सरकार ने 46.19 करोड़ रुपए की राज्यांश धनराशि जारी करने की स्वीकृति दे दी है। इस धनराशि से कुल 4 मदों में 92 कार्यों को पूर्ण करने में मदद मिलेगी। जिन कार्यों को इस धनराशि के जरिए पूरा किया जाएगा उसमें 8 कार्यालय से जुड़े कार्य, 15 गाड़ियों के अनुरक्षण व पेट्रोल आदि खरीद तथा 42 अन्य व्यय समेत 27 सब्सिडी केसेस की पूर्ति प्रमुख हैं।

## सब्सिडी के मद में सर्वाधिक धनराशि आवंटन

प्रदेश में पीएम कुसुम योजना के आधीन 210.77 करोड़ रुपए की कुल प्रावधानित धनराशि में से 46.19 करोड़ रुपए की राज्यांश राशि जारी होने से विभागीय कार्यों समेत सब्सिडी से जुड़े कार्यों व अन्य योजनाओं को गति देने में सफलता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि जिन चार मदों में राज्यांश धनराशि को योगी सरकार द्वारा जारी किया गया है इसमें से सर्वाधिक 46.07 करोड़ रुपए सब्सिडी के मद में हैं। वहीं, 8 कार्यालय व्यय के मद में 2 लाख, गाड़ियों के अनुरक्षण व पेट्रोल खरीद तथा रखरखाव के मद में 5 लाख रुपए, जबकि पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 42 अन्य व्यय के मद में कुल 5 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन सभी कार्यों को भारत सरकार के निर्देशों तथा उत्तर प्रदेश सरकार की रूल बुक के अनुसार उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल व वित्तीय नियम संग्रह के आधार पर किया जाएगा।

# जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दिल्ली में भिखारियों और नशेड़ियों की होगी मौज, 3 दिनों तक की जाएगी विशेष खातिरदारी

नई दिल्ली. जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 8 से 10 सितंबर तक दिल्ली के कई इलाकों में ट्रैफिक मूवमेंट के साथ-साथ किन्नर और भिखारियों  की मौजूदगी पर भी प्रतिबंध रहेगा. नई दिल्ली जिले के सभी रेड लाइट  चौराहों पर किन्नर, भिखारी और नशेड़ी अगले कुछ दिनों तक नजर नहीं आएंगे. खास-ाकर कनॉट प्लेस, केजी मार्ग, जनपथ, बंगला साहिब गुरुद्वारा और सीपी के हनुमान मंदिर के सामने भिखारी, नशेड़ी और किन्नर नजर नहीं आएंगे. दिल्ली पुलिस ने इन इलाकों से भिखारियों और नशेड़ियों को हटाना शुरू कर दिया है. इसी तरह हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के दोनों तरफ खासकर अजमेरी गेट की तरफ भी भिखारी नजर आएं तो उनको पकड़ कर आश्रय गृहों में छोड़ा जाएगा.



बता दें कि दिल्ली पुलिस अगले र-विवार तक रोजाना प्रेस ब्रीफिंग कर ट्रैफिक सहित तमाम तरह के आशंकाओं का समाधान करेगी. इन्हीं आशंकाओं में किन्नर, भिखारियों और नशेरियों को लेकर भी समाधान निकाला गया है. अब जी-20 सम्मेलन के खत्म होने तक नई दिल्ली इलाके में भिखारी, किन्नर, नशेड़ी और बेघर लोग नजर नहीं आएंगे. दिल्ली सरकार ने भी पिछले दिनों इन लोगों के कहां रखा जाए इसके लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया था. फिलहाल इन लोगों गीता कॉलनी, रोहिणी और द्वारका सेक्टर 3 के बाहरी इलाकों में स्थांतरित किया जा रहा है.

**भिखारियों और नशेड़ियों की मौज**

इधर, नई दल्ली नगरपालिका परिषद ने भी लुटियंस इलाकों में रह रहे 2000 से अधिक भिखारियों और बेघर लोगों की पहचान कर उनके पुनर्वास का अभियान शुरू कर दिया है. दिल्ली के सभी होटल नई दिल्ली इलाके में ही आते हैं. इसके साथ ही ज्यादातर देशों के दूतावास भी यहीं हैं. ऐसे में इन इलाकों में जी 20 के प्रतिनिधि भी आएंगे. इसको देखते हुए नई दिल्ली इलाके के सभी नशे-ड़ियों और पटरी पर सोने वाले लोगों के लिए दिल्ली पुलिस अगले कुछ दिनों तक सोने और खाने-पीने का बंदोबस्त करवाएगी.



## दिल्ली में भीख मांगना अपराध नहीं

आपको बता दें कि साल 2019 में दिल्ली हाईकोर्ट ने भीख मांगने को अपराध घोषित करने वाले कानून को समाप्त कर दिया था. हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद ही दिल्ली में भीख मांगना अपराध की श्रेणी में नहीं आता.

दिल्ली हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद दिल्ली पुलिस ने भिखारियों पर सख्ती करना लगभग बंद ही कर दिया था, लेकिन जी-20 सम्मेलन को देखते हुए अब दूसरे जगहों पर शिफ्ट किया जा रहा है.

# राजकीय वृद्धाश्रम, दनकौर में वृद्धजनों के मध्य आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन मे तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आज दिनांक 05.09.2023 को दोपहर 2:30 बजे से राजकीय वृद्धाश्रम में वृद्धजनों मध्य विधिक सेवा/जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों को मौलिक अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी उपलब्ध कराई गई। शिविर में वृद्धजनों के उनकी वृद्धापेंशन, आधार कार्ड, बैंक खाता आदि समस्याओं के संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।




शिविर में श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ श्री अजय कुमार, तहसीलदार सदर, श्री सारांश, सहायक कनिष्ठ, समाज कल्याण विभाग व अन्य उपस्थित रहे।



जिला सूचना अधिकारी, सम्मानित सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र एवं इलैक्ट्रौनिक मीडिया व सोशल मीडिया तथा एफ0एम0 रेडियो आदि के माध्यम से निःशुल्क प्रभावी व्यापक प्रचार-प्रसार की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें ।

# सेवा ही संकल्प हमारा यही है महिला शक्ति का नारा

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जायंट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति द्वारा कुष्ठ आश्रम में किया खाद्यान्न वितरण अध्यक्षा पूनम गुप्ता ने बताया कि जायंट्स ग्रुप ऑफ फिरोजाबाद महिला शक्ति के द्वारा सितंबर माह में सेवा सप्ताह होता है जिसमें 7 दिन के सेवा कार्य होते हैं आज महिला शक्ति द्वारा शिकोहाबाद स्थित गणेश कुष्ठ आश्रम में राशन दिया गया एवं ये कार्य फेडरेशन अधिकारी



सौम्या चौहान के मार्ग निर्देशन में किया गया ,जिसमें 20 किलो आटा ,10 किलो चावल ,5 किलो रिफाइंड ,5 किलो तेल, 5 किलो चीनी ,दाल, 5 किलो बेसन ,मैदा, हल्दी जीरा मसाले आदि सामान दिया गया ।प्रसाशनिक निर्देशिका प्राची अग्रवाल ने कहा कि 10 किलो केला एवं 5 किलो सेब भी दिये गये ।वित्त निर्देशिका राखी बंसल के अनुसार
राशन सामग्री देने में डिंपल सिंघल उषा पाराशर मोनिका गर्ग मधु गर्ग रीना गर्ग सरिता राठौर तरंग तनु माथुर निहारिका आदि ने संयोजिका की भूमिका निभाई । रेखा यादव ,कल्पना राजोरिया ,रेनू अरोड़ा ,गुंजन ,नीना ,उषा ,अनुपमा ,गौरी ,श्वेता ,निशा आदि सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# जिलाधिकारी ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित, शिक्षक दिवस पर जनपद भर के विद्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम।

## डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से समूचे शिक्षक समुदाय को मिलती रहेगी प्रेरणा– डी0एम0

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। महान दार्शनिक, विद्वान, शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर पूरे जिले में आयोजित समारोह में शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार द्वारा शिक्षक दिवस के सुवअवसर पर उत्कृष्ट प्रधानाचार्यों, शिक्षकों को जनपद स्तर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद डॉ चन्द्रसैन जादौन रहें। इस सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करने वाले 10 प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की महत्पूर्ण विशेषता यह रही कि कार्यक्रम में राजकीय, अशासकीय एवं वित्तविहीन विद्यालयों प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगण सम्मिलित किये गये। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा शिक्षक राष्ट्र के निमार्ता हैं, आपको अपना श्रेष्ठ योगदान समाज एवं राष्ट्र हित में अपेक्षित है। क्षेत्रीय सांसद द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि समाज में शिक्षक ही समाज सुधारने का कार्य कर रहे हैं। उन्होने कहा कि हमें आपकी कार्यशैली पर गर्व है। सम्मानित शिक्षकों में राजकीय माध्यमिक विद्यालय बालक व बालिका से चयनित 02 प्रधानाचार्य एवं 02 अध्यापक प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर



कॉलेज टूण्डला, फिरोजाबाद मुदिता पाण्डेय, प्रधानाध्यापक राजकीय हाईस्कूल सोथरा, फिरोजाबाद रामपाल सिंह, सहायक अध्यापक राजकीय हाईस्कूल बसई मुहम्मदपुर, फिरोजाबाद के0वी0 सिंह, सहायक अध्यापक राजकीय हाईस्कूल कारीखेड़ा, फिरोजाबाद रमेश चन्द्र कठेरिया। अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय बालक व बालिका से चयनित 02 प्रधानाचार्य एवं 02 अध्यापक प्रधानाचार्या सुगरा बेगम गर्ल्स इण्टर कॉलेज, फिरोजाबाद डा0 शमशाद बानो। प्रधानाचार्य श्री राणा प्रताप सिसोदिया इण्टर कॉलेज भौडेला टूण्डला फिरोजाबाद राजपाल सिंह, पी0टी0आई0 श्री पी0डी0 जैन इण्टर कॉलेज, फिरोजाबाद रविनन्दन, प्रवक्ता लोक राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज, जसराना फिरोजाबाद अरूण कुमार। स्ववित्त पोषित माध्यमिक विद्यालय बालक व बालिका से चयनित 01 प्रधानाचार्य एवं 01 अध्यापक प्रधानाचार्य प्रहलादराय टिकमानी सरस्वती विद्या मन्दिर इ0का0 शिकोहाबाद फिरोजााबद सुभाष चन्द्र सिसौदिया, प्रवक्ता पुरातन सरस्वती विद्या मन्दिर इ0का0 शिकोहाबाद नारायण हरी हैं। कार्यक्रम का संचालन अशोक अनुरागी प्रधानचार्य, राजकीय हाईस्कूल बसई मुहम्मदपुर फिरोजाबाद द्वारा किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह के अन्त में प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद मुदिता पाण्डेय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।
कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी प्राथमिक विद्यालय दबीयाई पहुंचे वहां उन्होने जनपद के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जब एक शिक्षक विभिन्न कठिनाईयों से जूझता हुआ भारत के सर्वोच्च संवैधनिक पद पर पहुॅचा। डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सदैव ही समूचे शिक्षक समुदाय को प्रेरणा प्राप्त होती रहेगी। उन्होंने शिक्षकों को कर्तव्यबोध का एहसास कराते हुए कहा कि शिक्षक सदैव से ही सम्माननीय रहा है। आज के दौर में शैक्षणिक कार्य और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है, क्योंकि अभिभावक अपने बच्चे को अधिकाधिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना चाहता है। सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक रूप से सुधार करते हुए विभिन्न मानकों को पूरा किया गया है। बहुत सारे शिक्षकों द्वारा नवाचार और स्वयं की प्रेरणा से विद्यालयों को सुधारा गया है। इस प्रकार से वर्तमान में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो रहीं है। उन्होंने कर्तव्यबोध कराते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का स्थान निर्धारित करता है कि आपका दायित्व क्या है। उन्होंने नकारात्मकता को छोड़ सकारात्मकता की ओर बढ़ने का संदेश देते हुए कहा कि इससे नये रास्ते खुलते हैं। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने अध्यापक व अध्यापिकाओं को प्रशस्ति पत्र व बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए, स्कूल बैग पाकर बच्चे गदगद खुश हो गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, एसडीएम विवेक कुमार मिश्रा, बेसिक शिक्षाधिकारी आशीष पाण्डेय, हुमाना प्रोग्राम मैनेजर क्रिस्टीना सहित स्कूली छात्र-छात्राऐं एवं अध्यापक व अध्यापिकाऐं उपस्थित रहें।

# पीस कमेटी की बैठक कर शांति ढंग से त्यौहार मनाने की अपील

**दैनिक समाज जागरण**
**अतुल बाजपेई**

किशनपुर फतेहपुर थाने में मंगलवार को शाम पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शांति ढंग से त्यौहार मनाने पर जोर दिया गया

आपको बता दें कि किशनपुर थाने में मंगलवार की शाम करीब 5 बजे पीस कमेटी की बैठक का आयोजन करते हुए किशनपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष हिन्दू मुस्लिम त्यौहार एक साथ ही पड रहे हैं इस लिए आपसी सौहार्द कायम करके शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की हैं जन्माष्टमी महोत्सव व चहल्लुम का त्यौहार हम सब लोग खुशी से मनाये जिसमें आज किशनपुर थानाध्यक्ष ने हिन्दू व मुस्लिम गुरुओं के साथ बैठक की इस दौरान किशनपुर थानाध्यक्ष समेत व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ला व भारतीय किसान यूनियन के व्लाक सचिव राजेश दिक्सित व क्षेत्र के ग्राम प्रधान व कस्बे के व्यापारी गुरुदेव सिंह, मोनू सलमानी, कामरान सेख, इंन्दजीत, मो समीम,व क्षेत्र के गणमान्य लोगो के साथ पत्रकार बंधु मौजूद रहे ।

# जेएस विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

दैनिक समाज जागरण शिकोहाबाद। जेएस विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र -छात्राओं ने रंगोली,गायन एवं नृत्य की प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
विश्वविद्यालय के प्राविधिक संकाय से दिव्यांशु गुप्ता को एकेडमिक वर्ष 2022 -23 का बेस्ट टीचर अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. गौरव यादव ने सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त किया। नर्सिंग विभाग में फेयरवेल पार्टी का भी आयोजन किया गया। जिसमे नर्सिंग थर्ड ईयर के छात्र छात्राओं ने फाइनल ईयर के छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। विश्विद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सुकेश कुमार,प्रति कुलाधिपति डॉ.पीएस यादव, कुलपति डॉ. बीपी अग्रवाल,वाइस चेयरपर्सन डॉ. गीता यादव,ट्रस्टी अशोक कुमार,मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. हिमांशु यादव,डॉ. शुभम यादव मौजूद रहे। संचालन छबिलाल सिंह एवं आकांक्षा यादव ने किया

ब्लूमिंग बड्स सी. सै. स्कूल में शिक्षक दिवस पर प्रबंधक राज पचौरी और प्रधानाध्यापिका सुमनलता पचौरी ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गणित के वरिष्ठ शिक्षक आदेश कुमार अवस्थी व कला शिक्षिका रितु यादव को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिये 'गुरू वशिष्ठ' सम्मान से सम्मानित किया। बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्राचार्या प्रो. गीता यादवेन्दु के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें ब्यूटी सिंह तथा असिस्टेन्ट प्रोफेसर पूजा राजपूत ने संयोजन किया। मुख्य अतिथि
को प्राचार्या ने माला पहनाकर व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गुंजन द्वितीय स्थान पर अमृता एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से श्वेता एवं सुम्बुल रहीं। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में भी शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्या एकता शर्मा ने स्कूल के शिक्षकों को सम्मानित किया।

# आईवी इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। मंगलवार को आईवी इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया । जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन बच्चों के द्वारा शिक्षकों के लिए कराई गई । जिसमें पासिंग द बॉल ,गेस द मूवी,गेस द सॉन्ग एवं अन्य प्रतियोगिताएं कराई गई । साथ ही गायन एवं नृत्य की प्रसूति शिक्षकों के द्वारा दी गई । प्रतियोगिताओं में अव्वल अध्यापकों को छात्र-छात्राओं के द्वारा पुरस्कृत किया गया । साथ ही बच्चों के द्वारा सभी अध्यापक एवं अध्यापकाओ का




सम्मान मल्यापड एवं पुरस्कार भेद करके किया गया । विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती श्रीदेवी माता जी के द्वारा सभी अध्यापक एवं अध्यापकाओ को पुरस्कार भेंट किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नंदिनी यादव के द्वारा स्वर्गीय श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व के बारे में अवगत सभी को कराया साथी शिक्षक दिवस की सभी को शुभकामनाएं प्रदान की

# भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभा यात्रा धूमधाम से कल निकलेगी

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। भगवान श्री कृष्णा जन्म जयंती महोत्सव समिति के द्वारा जन्माष्टमी पर्व पर भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभा यात्रा आकर्षक झांकियां के साथ धूमधाम से 7 सितंबर को सदर बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर से निकलेगी यह जानकारी महोत्सव समिति के अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने दी है।
उन्होंने बताया कृष्णा जन्माष्टमी पर्व पर महोत्सव समिति द्वारा पिछले 33 वर्षों से भगवान श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकली जा रही है। उन्होंने बताया इसी क्रम में 7 सितंबर को भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभा यात्रा राधा कृष्ण मंदिर से निकल जाएगी शोभा यात्रा घंटाघर चौराहा शास्त्री मार्केट गंज चौराहा जलेसर रोड बर्फ खाना चौराहा होती हुई गोपाल आश्रम पर पहुंचेगी शोभायात्रा मार्ग को तोरण द्वार वह बिजली की आकर्षित सजावट कराई जाएगी मुख्य तोरण द्वार विजय टॉकीज पर बनाया जाएगा जो आकर्षण का केंद्र



होगा इस वर्ष शोभा यात्रा में दो दर्जन से अधिक झांकियां आधा दर्जन बंद ढोल नगाड़े काली अखाड़ा ऊंट और घोड़े शामिल होंगे शोभा यात्रा में राधा कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी इस वर्ष आगरा का किशोर बैंड मुख्य रूप से शोभायात्रा में रहेगा उन्होंने शोभायात्रा मार्ग के किनारे बने भवन स्वामियों से अपने-अपने भावनो पर विद्युत की आकर्षक सजावट करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया शोभा यात्रा का शुभारंभ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक हरिओम यादव हरी झंडी दिखाकर तथा विधायक सदर मनीष असीजा और महापौर कामिनी राठौर दीप प्रज्वलित कर करेंगी पत्रकार वार्ता में एम एस रामवीर सिंह यादव, हरेंद्र यादव, पंकज यादव, लाला चौधरी, हीरेंद्र यादव, अनवर सिंह यादव ,चंद्र प्रकाश यादव, डॉक्टर अनिल यादव, सुभाष यादव, मंजय यादव, अतुल यादव ,भूरी सिंह यादव, गिर्राज ,किशोर ,दिनेश यादव ,धर्मेंद्र यादव ,राहुल यादव, कृष्णकांत, डॉक्टर डीपी यादव, राजेंद्र यादव आदिउपस्थित थे।

# शिक्षक दिवस पर सी. पी. एस. में हुआ शिक्षकों का सम्मान

## गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पांव बलिहारी गुरु आपनो, गोविंद दियो बताय

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर शहर के स्थानीय चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में आज प्रसिद्ध दार्शनिक व शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया प्रातः कालीन सभा में प्रथम उपराष्ट्रपति वह भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन के सम्मान में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।



बच्चों ने शिक्षकों के प्रतिरूप में कक्षाओं का संचालन किया तथा शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया शाम की सभा में शिक्षकों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव डायरेक्टर इंजीनियर प्राची श्रीवास्तव प्रधानाचार्या डॉक्टर पदमालय दास चौधुरी विद्यालय प्रशासक लालजी श्रीवास्तव,आशुतोष पांडे ने राधाकृष्णन की प्रतिमा और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।इसके पश्चात डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के विभिन्न पहलुओं उनकी शैक्षणिक योग्यताओं पर प्रकाश डाला गया ।विविध कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षक दिवस क्यों मनाया जाता है? इसका प्रतिपादन महत्व व शिक्षक बनकर बच्चों में उच्च नागरिकता का भाव भरना व शिक्षाक्त के गुना के महत्व का प्रतिपादन करना आदि विविध रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से यह बताया ।सी पी एस विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा शिक्षकों के सम्मान में उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राइमरी विंग की हेडमिस्ट्रेस रीमा शुक्ला समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं ऑफिस स्टाफ कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे।

# जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस विभागों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस विभागों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने पोषाहार वितरण की समीक्षा के दौरान पोषण ट्रैकर पोर्टल में जिन ब्लॉक की फीडिंग 80 प्रतिशत से कम है उन परियोजना अधिकारियो को स्पष्टीकरण लेने और बैठक में ब्लॉक खजुहा, असोथर के बाल विकास परियोजना अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए और बाल विकास परियोजना अधिकारियो को निर्देशित किया कि जिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा फीडिंग नही की गई है, से स्पष्टीकरण ले और रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी ब्लाको में आवंटित पोस्ट के सापेक्ष नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप बच्चो और गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओ,




किशोरियों के पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार लाने के साथ ही परस्पर निगरानी भी रखे। महिलाओं को अपने व बच्चो के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जाय। कुपोषित सैम, मैम बच्चों को चिन्हित करते हुए अनुमन्य सभी सुविधाए मुहैया कराए साथ ही पोर्टल पर फीड किया जाय। बी0एच0एन0डी0 दिवस के पूर्व बी0एच0एन0डी0 दिवस में प्रयोग होने वाले उपकरणों की क्रियाशीलता की जांच कर ले और दिवस पर सभी अनुमन्य जांचे कराई जाय। उन्होंने निमार्णाधीन आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत संयोजन अभी तक नही हो पाया हैं के लिए संबंधित अधिशाषी अभियन्ता विद्युत नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए विद्युत संयोजन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारियो को निर्देशित किया कि अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ करे, कार्यों में लापरवाही/शिथिलता क्षम्य नही होगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि ब्लाकों के बाल विकास परियोजना के कार्यों की निगरानी पूरी संवेदनशीलता के साथ बनाए रखे ।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब सिंह यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 इस्तियाक अहमद, एनआरसी चिकित्सक(जिला अस्पताल), स्वयं सेवी संगठन के पदाधिकारी सहित बाल विकास परियोजना अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# औचक निरीक्षण के दौरान एसडीएम को अस्पताल में मिली गंदगी

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद ।एसडीएम जसराना आदेश सिंह सागर ने जसराना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें अस्पताल में गंदगी मिली गंदगी देख प्रभारी को साफ सफाई करने के निर्देश दिए। मंगलवार की दोपहर एसडीएम जसराना आदेश सिंह सागर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने प्रभारी डा. विमल उपाध्याय के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में मौजूद मरीजों से भी उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। प्रभारी को अस्पताल परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। वही कहा कि अस्पताल में आने वाले वायरल फीवर से पीड़ित मरीजों का बेहतर तरीके से उपचार किया जाए। कहा कि मरीज के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए उनका उपचार किया जाए। जिन क्षेत्रों में वायरल फीवर अधिक



फैल रहा है वहां पर शिविर लगाकर लोगों का उपचार किया जाए। वही कहा कि आकस्मिक ड्यूटी को नियमित रखा जाए। जिससे आने वाले मरीज को तुरंत उपचार मिल सके।

# योग नगरी ऋषिकेष से मिला सर्व फार ह्यूमैनिटी को राष्ट्रीय सम्मान

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर सर्व फार ह्यूमैनिटी टीम द्वारा किये जा रहे समाजहित के कार्यो को सभी जगह सराहा जा रहा है,सर्व फार ह्यूमैनिटी द्वारा की जा रही सेवा - भाव को देखते हुए उत्तराखंड के ऋषिकेष जिले में सेवा कर रही ब्लड डोनर इन ऋषिकेष संस्था द्वारा ब्लड डोनर इन ऋषिकेष के स्थापना दिवस पर फतेहपुर व अन्य जनपदों में रक्त की सेवा निस्वार्थ भाव से कर रही सर्व फार ह्यूमैनिटी को राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया, सम्मान समाजहित में सेवा कर रहे व रक्तदान के क्षेत्र के शतकवीर भूपेंद्र दवे,लुधियाना के गोपाल पूर्वा व करनाल से डॉक्टर सुरेश सैनी के हाथों सर्व फार ह्यूमैनिटी को राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया, सम्मान लेने सर्व फार ह्यूमैनिटी टीम से गुरमीत सिंह पहुचे, जहाँ शतकवीरो द्वारा गुरमीत सिंह का उत्साह वर्धन किया गया ।इस मौके में ब्लड डोनर ऋषिकेष के रोहित बिजलावन, राजस्थान के सीकर से अंशु,यमुनानगर से सागर पंडित, मध्यप्रदेश से वैशाली पंड्या,रक्तक्रान्ति से महेंद्र उपस्थित रहे ।।

# राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर जिला विज्ञान क्लब ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया नमन

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर देश के प्रथम उपराष्ट्रपति, द्वितीय राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद, दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यालय पर जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया।
अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को साक्षरता का महत्व समझाते हुए देश के महान शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 5 सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम सर्वपल्ली विरास्वामी था, वे गरीब जरुर थे किंतु विद्वान ब्राह्मण भी थे। भारत को स्वतंत्रता मिली उस समय पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने राधाकृष्णन से यह आग्रह किया कि वह विशिष्ट राजदूत के रूप में सोवियत संघ के साथ राजनयिक कार्यों की पूर्ति करें। नेहरूजी की बात को स्वीकारते हुए डॉ. राधाकृष्णन ने 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य के रूप में कार्य किया। संसद में सभी लोग उनके कार्य और व्यवहार की बेहद प्रंशसा करते थे। अपने सफल अकादमिक कैरियर के बाद उन्होंने राजनीतिक में अपना कदम रखो 13 मई 1952 से 13 मई 1962 तक वे देश के उपराष्ट्रपति रहे । 13 मई 1962 को ही वे भारत के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। डॉ राजेंद्र प्रसाद की तुलना में इनका कार्यकाल काफी चुनौतियों भरा था।शिक्षा और राजनीति में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए डॉ. राधाकृष्णन को सन 1954 में सर्वोच्च अलंकरण ‖भारत रत्न‖ से सम्मानित किया गया। 1962 से राधाकृष्णन जी के सम्मान में उनके जन्म दिवस 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। उनका निधन 86 वर्ष की आयु में 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ।
इस अवसर पर कु अवन्तिका शर्मा, संयुक्ता, संस्कृति जैन,स्नेहा बघेल, अल्तिशा,शालिनी, सोनाली, संध्या, निवेदिका, शिवानी यादव, संध्या राजपूत, प्रियांशु, महेन्द्र सिंह, कृष्णा, विकल्प शर्मा, आयुष, रोहित, अनुज कुशवाह, रितिक बघेल, रितिक कुशवाह, सोहैल जैन, शुभम जैन, अमन कुमार आदि उपस्थिति रहे।

# 20 छात्राओ को बाटे सिलाई प्रशिक्षण के प्रमाणपत्र

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता
आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर(चौडगरा)सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र में तीन महीना का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।
मलवा विकास खंड के चौडगरा स्थित पूर्विन माता सेवा समिति द्वारा चल रहे प्रशिक्षण केंद्र में कुल 45 लड़कियां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं जिनमें मंगलवार को 3 महीना



का प्रशिक्षण पूरा करने वाली 20 छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। समिति के अध्यक्ष दशरथ सिंह परिहार ने बताया कि सिलाई कढ़ाई ब्यूटी पार्लर ऐसे तमाम प्रशिक्षण एवं कौशल निपुण बनाने के लिए कार्य किया जा रहे हैं जिससे युवक व युवतिया जागरुक होकर के आत्मनिर्भर बन सकें।प्रमाणपत्र वितरित करते हुए युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ ने कहा सिलाई-कढाई के हुनर से ही महिलाएं परिवार और समाज में अच्छे से रह सकती है।समाज में महिलाओ के वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना जरूरी है।इस मौके पर रुद्रपाल सिंह गौतम,शिवशंकर सिंह परिहार,रामप्रकाश तिवारी,शोला सिंह रहे।

# हापुड़ कांड के विरोध में अधिवक्ताओं ने मुख्य सचिव का पुतला फूका

## अधिवक्ताओं की कलम बंद हड़ताल जारी*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर हापुड मे अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में जनपद के खागा तहसील परिसर मे मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश का पुतला फूंक कर अधिवक्ताओं ने



पुलिस पर कार्यवाही की मांग की। तथा कलम बंद करने का ऐलान करते हुए कहा कि वकीलों ने दोषी पुलिस वालो के ऊपर जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाते हुए अधिवक्ताओ ने कहा की अधिवक्ताओ के ऊपर हुए अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अगर जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही न हुई तो अधिवक्तागण सड़क पर उतरने को मजबूर हो जायेगे। इस अवसर पर बार एसोशिएयन के अरुण अवस्थी, कुबेर सिंह, भोले शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, मनोज कुमार, प्रकाश दिक्षित अनिल बाजपेई, मनीष कुमार, जितेंद्रकुमार,सहित सैकड़ों की संख्या में खागा बार एसोशिएयन के अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# मंहगी गाड़ी को साइड न देना युवक पर पड़ा भारी मार दिया चाकू ,

## युवक पर चाकुओं से किया हमला हालत गंभीर

## दुस्साहसिक घटना बनी क्षेत्र में चर्चा का विषय

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव
फतेहपुर जनपद के खागा नगर के विजय नगर चौराहे के पास दिन दहाड़े महंगी कार सवार युवक ने शिवम शुक्ला नामक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे शिवम शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गया।




सूत्रों के अनुसार शिवम शुक्ला निवासी विजय नगर अपने बीमार पिता की दवा लेकर घर आ रहा था तभी पीछे से तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार सवार ने शिवम की कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस बात का युवक शिवम शुक्ला ने जब विरोध किया तो महंगी कार सवार युवक ने शिवम शुक्ला पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के दनादन वार से युवक बुरी तरह घायल हो गया जिसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। इतनी छोटी सी बात पर जानलेवा हमला नगर के लोगो के बीच चर्चा का विषय बना रहा। पुलिस की कार्यशैली पर भी नागरिक सवाल उठाते देखे गए।वही खागा कोतवाली प्रभारी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

# जनपद फतेहपुर के देशभक्त शिवकरन तिरंगा महाशक्ती ध्वजा लिए कश्मीर से होकर कन्याकुमारी तक पदयात्रा दौरान पहुंचे लखनऊ

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर बिगत दिन चल रहा 40्र गर्मी के तापमान चिलचिलाती धूप में जहाँ बाहर निकलना मुस्किल हैं वही रोड़ पर नंगे पाँव राष्ट्रहित में समर्पित जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक कोई पदयात्रा करे कितना हैरत की बात हैं उत्तर प्रदेश जिला फतेहपुर जो पावन वीर बलिदानी दोआबा अमर सूरमाओं की धरती कही जाती हैं ब्लाक देवमई थाना औंग अन्तर्गत गाँव खरौली निवासी देशभक्त शिवसेवक शिवकरन की देशभक्ती ने सबके दिल दिमाग को हिलाकर रखा हैं स्वतन्त्रता सेनानियों सरहद पर तैनात जल थल वायु तीनों सेनाओं को समर्पित सबके साथ न्याय हो महाअभियान राष्ट्रीय सैन्यरक्षक संयुक्त कल्याण दृढ़ संकल्प के साथ अपनी जन्मभूमी से 25 मार्च 2022 को राष्ट्र का कीर्तिमान तिरंगा सर्वशक्तिमान महाशक्ती ध्वजा लेकर कई दुर्गम रास्तों पर तकलीफों का सामना करते सेनानियों की याद में श्रद्धांजलि रुप जीवन उपयोगी नीम पीपल बरगद आम आंवले चन्दन जैसे फल फूल छाया वाले वृक्ष लगाते भारतवर्ष के धार्मिक तीन स्थानों में सेनाओं की दैवीय सुरक्षा की कामना करते 30 नवम्बर 2022 जम्मू कश्मीर की नीलम घाटी श्री चण्डी मचेल चाईना बार्डर पहुँच तिरंगा महाशक्ती ध्वजा चढ़ाया पुनः नया ध्वजा लेकर कटरा श्री माता वैष्णों देवी होते पंजाब हरियाणा गाजियाबाद शहाजहाँपुर चक्रतीर्थ नैमिषारण्य होते उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ श्री बाबा बुद्धेश्वर महादेव मन्दिर पहुंचे जहाँ पुजारी रामपुरी जी महाराज त्रिपुरेश शुक्ला हरिकेश शुक्ला जनहित सर्वसमाज सेवा समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी शुक्ला लक्ष्मीकान्त शुक्ला देशभक्त की आयी हुई माता शिवकुमारी देवी भ्राता शिव कुमार सिंह पूजा मिश्रा अनूप मिश्रा ब्रह्माण परिवार प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट श्यामनारायण मिश्रा अरविन्द द्विवेदी संतोष मिश्रा रोहित बाजपेई कमल मिश्रा शम्भू शरण त्रिपाठी शिवपाल सिंह सुमित राजपूत मन्दिर सेवादार धर्मेश प्रशासन पुलिस स्कोर्ट सेवारत नरेन्द्र यादव सैकडों की



तादाद में लोगों ने जय भारत माता के जोर शोर भरे जयकारों के साथ देशभक्त शिवकरन का फूल मालाओं से भव्य स्वागत सम्मान किया जब की यह उनकी दूसरी पदयात्रा हैं इससे पूर्व 7अक्टूबर 2009 में भारत वर्ष में पहली पैदल यात्रा कर चुके जहाँ भी जाते हैं नवयुवाओं को नशे से दूर रहने की अपील करते हैं देशप्रेम संदेश "जन्मा न कोई हिन्दू मुस्लिम जन्मा न सिख्ख इसाई , जन्मा हैं मानव धरती पर मानव बन मेरे भाई" राष्ट्रहित में सभी सहयोग करें "मरना हैं तो मरो राष्ट्रहित ऐसे मरने में क्या रख्खा है , भारत माँ भी गर्व करे कितना प्यारा मेरा बच्चा है"इसी क्रम में तीनों सेनाओं के सुरक्षा सलामती की सामूहिक दैवीय प्रार्थनाएं कर सेनानियों को श्रद्धांजलि रुप नाम याद में नीम पीपल बरगद आम आंवले जैसे मन्दिर प्रांगण में कई वृक्ष लगाये आगे अयोध्या काशी विश्वनाथ गयाजी जगन्नाथ पुरी होते रामेश्वरम कन्याकुमारी तक जन जाग्रति करते पहुंच पैदल वापस अपने जन्मभूमी ग्राम खरौली में पहुँचकर महाअभियान राष्ट्रीय सैन्यरक्षक संयुक्त कल्याण पदयात्रा समापन करना हैं देशभक्त शिवकरन पर सभी गर्व करते हैं जहाँ भी जाते हैं लोग बढ़-चढ़कर महाअभियान में भाग लेकर फूल मालाओ से सम्मान करते हैं।

## एमएमएमयूटी में 15 से 18 सितंबर के बीच होगा दीक्षांत समारोह! ये हो सकते है मुख्य अतिथि

एमएमएमयूटी में पिछले 8 सालों से दीक्षांत समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. वही इस बार भी इस कार्यक्रम को आयोजित किया जाएगा. 15 से 18 तारीख तक दीक्षांत उत्सव मनाया जाएगा. वहीं 19 सितंबर को यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह आयोजित होगा. जिसमें करीब 25 टॉपर्स बच्चों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा. साथ ही 21 रिसर्च स्कॉलर्स को ढलऊ की उपाधि के साथ 1443 छात्रों को डिग्री दी जाएगी. यह सारे काम 19 तारीख को आयोजित दीक्षांत समारोह में किए जाएंगे.

# गौ आश्रय स्थलों पर व्यवस्थाएं हो चाक चौबंद - कल्पना जायसवाल

बिसौली आई एम खान। सघन टीकाकरण को सफल बनाने के लिए आगामी 11 सितंबर से 16 सितम्बर तक चलने वाले मिशन इंद्रधनुष को लेकर एसडीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। एसडीएम कल्पना जायसवाल ने प्रथम चक्र का फीडबैक भी लिया। अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में 0-5 वर्ष के सभी बच्चों का टीकाकरण हो जाना चाहिए। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को अभी से जुट जाना चाहिए। बैठक में तहसीलदार विजय कुमार, नायब तहसीलदार गिरजाशंकर यादव के अलावा क्षेत्र के बीडीओ, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी आदि मौजूद रहे। इधर एसडीएम ने गौआश्रय स्थल को लेकर अधीनस्थों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी गौआश्रय स्थलों पर व्यवस्थाएं चाक चौबंद रहना चाहिए।



## शिक्षक दिवस पर समाजसेवी नीरज साई राम ने शिक्षकों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

बिसौली आई एम खान। नगर की साईं विहार कालोनी स्थित साईं केएस होम में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजक समाजसेवी व प्रतिष्ठित व्यवसायी नीरज वार्ष्णेय साईं राम ने शिक्षकों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में अर्चना वार्ष्णेय, नयना वार्ष्णेय, साहू सावेंद्र, गगन गुप्ता, स्वाति वार्ष्णेय, रश्मि वार्ष्णेय, प्रीति वार्ष्णेय, वर्षा वार्ष्णेय, प्रेरणा वार्ष्णेय, दिव्या वार्ष्णेय, सुशील वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, अमित गुप्ता आदि प्रमुख रहे।



# एक दिवसीय रोजगार मेला एवं कॅरियर काउन्सलिंग का आयोजन

शावेज अहमद रामपुर। रामपुर की सभी विधान सभा क्षेत्रों में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय पॉलिटेक्निक शाहबाद के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय रोजगार मेला एवं कॅरियर काउन्सलिंग का आयोजन राजकीय पॉलिटेक्निक शाहबाद के प्रागंण में 13 सिंतबर को सुबह दस बजे से किया जायेगा।
जिला सेवायोजन अधिकारी निशात अंसारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की चार कम्पनियां प्रतिभाग कर रही हैं। जिसमें सेल्स एक्जीक्यूटिव, वेलनेस एडवाइजर, ऑपरेटर प्रोडक्शन, ऑपरेटर टेज्नी, फिटर व इलैक्ट्रीशियन पदों हेतु भर्ती करेंगी। प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा जिसमें हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, आईटीआई, पॉलिटेक्निक तथा योग्यताधारी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी 12 सितंबर तक अधिकाधिक संख्या में सेवायोजन पार्टल पर जाकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सेवायोजित हो सकते हैं।
रोजगार मेले में सम्मलित होने के लिए सेवायोजन पोर्टल पर अभ्यर्थी का पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग हेतु अपनी योग्यतानुसार अपना पंजीयन कराएं। बेरोजगार अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी, पासवर्ड से अपना यूजर एकाउन्ट खोलेंगे और डैशबोर्ड आप्शन में जाकर समस्त नौकरियों कैटेगिरी में जा कर जिला रामपुर का चयन कर रोजगार मेला रिक्ति प्रर्दशित करें बटन दबायेंगे तद्पोरान्त रामपुर रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली किन्हीं दो कम्पनियों में आवेदन कर सकते हैं।

# मकान की छत गिरने से अधिवक्ता पिता पुत्र की मौत

**शावेज अहमद**

रामपुर।थाना शाहाबाद क्षेत्र के ग्राम छितौनी में रात भारी बारिश के चलते मकान की छत भर भरा कर गिर गई मकान में अधिवक्ता जर्रार हुसैन अपने परिवार के साथ सोए हुए थे पूरा परिवार छत के गिरने से दब गया चारो तरफ चीख पुकार मच गई किसकी तरह लोगो ने पूरे परिवार को मलबे से निकला और शाहबाद सीएचसी पहुंचाया जहां अधिवक्ता जर्रार हुसैन और उनके पांच साल का मासूम बेटे इसरार को मृत घोषित कर दिया वही उनकी पत्नी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है मौके पर आला अधिकारी भी पहुंच गए पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिया जिला अस्पताल भेज दिया है पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# बार काउंसिल के आह्वान पर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने डीजीपी व मुख्य सचिव के फूंके पुतले

बिसौली आई एम खान। हापुड़ कांड को लेकर बार काउंसिल के आह्वान पर तहसील व सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने डीजीपी व मुख्य सचिव के पुतले फूंके। वकीलों का कार्य बहिष्कार व धरना प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। हापुड़ में हुए लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों का आंदोलन मुखर होता जा रहा है। मंगलवार को वकीलों ने तहसील परिसर स्थित धरनास्थल से आसफपुर तिराहे तक जुलूस निकाला। यहां आक्रोशित अधिवक्ताओं ने डीजीपी व मुख्य सचिव का पुतला दहन किया। वकीलों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप शर्मा एड. ने कहा कि बार काउंसिल के दिशा निर्देश पर आगे आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। इस दौरान सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश भारद्वाज, ह्रदेश शर्मा, विवेक यादव, अफजाल खान, राजेश भारद्वाज, अभीक्ष पाठक, कमल सक्सेना, प्रदीप उपाध्याय, निर्मला कठेरिया, अल्ताफ हुसैन, सुधाकर सक्सेना, प्रेम शंकर यादव, नरेंद्र सिंह, दिनेश शर्मा, राहुल यादव भीष्म, तसलीम इदरीसी, जुगल किशोर शर्मा, इकरार खान, वीरपाल सिंह, मौ. आजम, विदित मिश्रा, सचिन यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# 9 सितंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

शावेज अहमद रामपुर। रामपुर में 9 सिंतबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए आज पूर्ण कालिक सचिव रश्मि रानी व नोडल अधिकारी विजय कुमार ने प्रेसवार्ता की।
पत्रकार वार्ता में बताया कि रामपुर में 9 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा जिसमें दीवानी, भरण पोषण, वैवाहिक व पारिवारिक, मोटर अधिनियम, चकबंदी, मोटर दुर्घटना, श्रम, भूमि अधिग्रहण, बाट-माप, ऋण वसूली अधिकरण मामले, बैंक रिकवरी, किरायेदारी, चैक बाउंस से संबंधित धारा 138 एनआई एक्ट, बिजली चोरी के मामले, नगर पालिका व नगर पंचायत संबंधी जलकर, गृहकर मामलों के वादों सहित अन्य वादों का निपटारा आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा। उन्होने बताया कि पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में 70 से अधिक मामलों का निस्तारण किया गया था तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में इससे भी अधिक वादों के निपटारें का प्रयास किया जा रहा हैं। यदि किसी भी लंबित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराना चाहते हैं तो संबंधित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पर से संपर्क कर अपने विवाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत करा सकते हैं।



# बीज उत्पादक संघ किसानों के साथ होने का दिखावा कर रहा है उस्मान



शावेज अहमद रामपुर ।किसान यूनियन ने मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल को पांच सूत्रीय ज्ञापन सोपा।
इससे पूर्व किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा बिलासपुर में बीज उत्पादक संघ जो की सीड प्लाट मालिकों का एक समूह है वह कुछ किसान नेताओं को साथ लेकर किसानों को गुमराह करना चाहता है क्योंकि इस समूह के अध्यक्ष किसानों को जानबूझकर उस सीड प्लांट पर लेकर गए जहां पर गेहूं की क्वालिटी कुछ बेहतर है और उन्हें बहलाकर अपने पक्ष में बयान भी दिला रहे हैं ताकि किसान उनका विरोध ना कर सके और वह कृषि विभाग तथा बीज प्रमाणीकरण संस्था से मिली भगत कर हर वर्ष की तरह मिलावटी गेहूं किसानों के हाथों बेच सकें लेकिन सीड प्लाट मालिकों बीच प्रमाणीकरण संस्था और कृषि विभाग की कोई भी चाल इस वर्ष कामयाब नहीं होने दी जाएगी बीच पैकिंग से लेकर दुकानों पर बिक्री होते हुए यदि मिलावटी गेहूं पाया गया तो विक्रेता और सीड प्लांट के साथ-साथ संबंधित विभागों के खिलाफ भी जांच के लिए आंदोलन किया जाएगा उन्होंने आगे कहा रामपुर शहर और उसके आसपास दर्जनों प्लाईवुड फैक्ट्रियां हैं जिनमे कृषि विभाग की मिली भगत से खुलेआम नीम कोटेड यूरिया का प्रयोग किया जाता है खेल इस तरह खेला जाता है पहले यह फैक्ट्रियां खाद विक्रेता कंपनी से व्यावसायिक प्रयोग वाला यूरिया मंगाती हैं उस यूरिया खाद को नकली सिंथेटिक दूध बनाने वाले लोगों के हाथों महंगे दामों पर बेचती हैं और खुद खेती में प्रयोग होने वाला नीम कोटेड यूरिया व्यावसायिक प्रयोग के खाली वोरों मे भर कर रख लेती हैं यदि कोई अधिकारी जांच करने भी जाए तो मौके पर उसको व्यावसायिक प्रयोग वाला यूरिया ही दिखाई देता है ऐसा ही एक घोटाला कोयला स्थित एक फैक्ट्री में पकड़ में आया था और कृषि अधिकारी द्वारा भोट थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया था लेकिन मिली भगत के चलते केवल सप्लायर कंपनी के विरुद्ध ही मुकदमा दर्ज कराया गया जबकि असल दोषी फैक्ट्री मालिक को बचा लिया गया उन्होंने सभी समस्याओं का समाधान जल्द करने की मांग की और समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी ज्ञापन देने वालों में जाबिर अली साकिर अली अल्वी रागिब खान जीनत खान विनोद कुमार अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे

# चौथे चरण के अंतर्गत राजकीय व निजी आईटीआई में प्रवेश लेने हेतु करें आवेदन

**एससीवीटी की वेबसाइट के माध्यम से 08 सितम्बर 2023 तक कर सकते है ऑनलाइन आवेदन**

**राजकीय व निजी आईटीआई में व्यवसायवार रिक्त सीटों की स्थिति सार्वजनिक सूचना पट रहेगी प्रदर्शित**

लखनऊ : 5 सितम्बर 2023 । विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता व अधिशासी निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा प्रदेश में चल रहे राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2023 के तृतीय चरण चयन सूची से 31 अगस्त 2023 तक प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। पूर्व निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया - 2023 के अनुसार तृतीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त परिणामी रिक्त सीटों के सापेक्ष पूर्व पंजीकृत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अभ्यर्थी से नवीन विकल्प पंजीकृत कराने तथा राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु नवीन आवेदनकताओं से एससीवीटी की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 06 सितम्बर 2023 की सुबह से 08 सितम्बर 2023 की रात्रि 12 बजे तक आमंत्रित किया जा रहा है। प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में सभी प्रधानाचार्य, राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि संस्थान में रिक्त सीटों की व्यवसायवार स्थिति की सूचना सार्वजनिक सूचना पट पर प्रदर्शित रखेंगे।
अधिशासी निदेशक, एससीवीटी ने बताया कि तृतीय चरण प्रवेश के उपरान्त अवशेष सीटों की सूचना जनपदवार, संस्थानवार, व्यवसायवार, पाठ्यक्रमवार एससीवीटी की वेबसाइट पर अथवा जनपद के राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य व कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। वेबसाइट पर ह्लचौथे चरण के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी द्वारा नवीन विकल्पों के लिए ऑनलाइन आवेदन" तथा "चौथे चरण के लिए नवीन अभ्यर्थी द्वारा आवेदन" तथा "रिक्त सीटों का विवरण" के लिंक उपलब्ध रहेंगे।

# हम भाजपा को 2024 में भी हराएंगे और 2027 में भी करेंगे उ0प्र0 से बाहर- अजय राय

*** मंत्री पुत्र के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर हत्या की मौजूदा जज की देखरेख में न्यायिक जांच हो- अजय राय**

*** आखिर भारत सरकार के मंत्री के घर पर कब चलेगा बुल्डोजर- अजय राय**

*** महिला सिपाही के साथ ट्रेन में हुई बर्बरता निंदनीय- अजय राय**

**लखनऊ, 05 सितम्बर 2023।** आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी ने अपना पदभार ग्रहण करने के उपरांत पहली बार पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के मुखिया के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्री राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि हम लोग एक संकल्प लेकर आये है और एक वचनबद्धता के साथ हैं कि जो कहेंगे वह करेंगे डंके की चोट पर। उन्होंने कहा कि जो सबसे महत्वपूर्ण बात वह यह है कि हम भाजपा को 2024 में भी हरायेंगे और 2027 में भी उ0प्र0 से बाहर करेंगे। उन्होंने ध्वस्त कानून व्यवस्था पर प्रदेश की योगी सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए भारत सरकार के मंत्री के घर पर हत्या एवं चलती टेज्न में महिला सिपाही के साथ की गई बर्बरता की घटना को प्रमुखता से उठाते हुए न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया है कि आखिर केन्द्रीय मंत्री श्री कौशल किशोर के घर पर बुल्डोजर कब चलेगा।
प्रदेश अध्यक्ष ने भारत सरकार के मंत्री श्री कौशल किशोर के घर में उनके बेटे की पिस्टल से भाजपा कार्यकर्ता की हत्या की निंदा करते हुए योगी सरकार की बहुप्रचारित कानून व्यवस्था की पोल खोली। उन्होंने कहा कि मंत्री के घर शराब और जुआ का दौर चल रहा था जबकि वह शराब बंदी के लिए अभियान चलाते हैं। उनके अपने ही घर में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या होना और उनके द्वारा अपने बेटे को बचाने का षड़यंत्र करना निंदनीय कृत्य है। भारत सरकार के मंत्री झूठ बोलते हैं कि उनका बेटा मौका-ए वारदात पर मौजूद नहीं था वह तो दिल्ली में था। जबकि सीसीटीवी फुटेज में वह उपस्थित दिखता है। घटना के तीन से चार दिन बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जाती कार्यवाही के नाम पर पुलिस सिर्फ खानापूर्ति करती है। हम लोगों के दबाव में एक नोटिस जारी कर कहती है कि मंत्री पुत्र से पूछ-ताछ की जायेगी। उन्होंने कहा कि यदि योगी सरकार ईमानदारी की बात करती है तो मंत्री पुत्र के विरूद्ध 120 बी का मुकदमा दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की मौजूदा जज की देख-रेख में न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके साथ ही पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने लखीमपुर खीरी में थार द्वारा किसानों की निर्मम हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि उस घटना में भी केन्द्रीय मंत्री श्री आशीष मिश्रा टेनी ने अपने बेटे को बचाने का षंडयंत्र किया था। उन्होंने कहा कि यह सरकार लगातार अपने मंत्री, विधायक एवं अपने लोगों को बचाने में लगी हुई है और उनको क्षमा मिल जाती है वहीं विपक्ष का कोई व्यक्ति किसी छोटे से मामले में भी फंस जायेगा अथवा कोई छोटा मुकदमा हो जायेगा तो उसका घर गिरा दिया जायेगा उस पर और इतने मुकदमें लाद दिये जायेंगे कि वह जीवन भर जेल में सड़ जायेगा।
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने महिला सिपाही के साथ ट्रेन में दरिंदों द्वारा की गई बर्बरता का जिक्र करते हुए कहा कि यह सरकार अपनी ही महिला आरक्षी को सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थ है तो प्रदेश के आम जनमानस की सुरक्षा कैसे कर सकती हैं। रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा रेलवे की सुरक्षा के संदर्भ में किये जाने वाले तमाम दावों की हकीकत का पदार्फाश करते हुए उन्होंने प्रश्न किया कि आखिर इस महिला सिपाही सुमित्रा पटेल की रेलवे विभाग सुरक्षा क्यों नहीं कर पाई? उन्होंने कहा कि आज यह बेटी लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। कल जब मैं पीड़ित महिला आरक्षी का हाल चाल लेने के लिए ट्रामा सेंटर जा रहा था तो प्रदेश सरकार ने भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर मुझे वहां जाने से रोकने का भरसक प्रयास किया लेकिन हम वहां पहुंचे और चिकित्सकों से वार्ता कर महिला आरक्षी का हाल चाल लिया एवं उसके बेहतर इलाज हेतु उनसे बात-चीत की। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने पीड़िता के भाई से मिलने एवं बात-चीत करने नहीं दिया

# लखनऊ में 9 सितंबर को यहां लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, मामलों का मौके पर ही होगा निस्तारण

लखनऊ. राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ सितम्बर को लखनऊ में किया जा रहा है. इस लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरणों, वाणिज्यिक न्यायालयों और समस्त तहसीलों में किया जाएगा. इसमें बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, बैंक और अन्य वित्तीय संस्थाओं से सम्बन्धित प्रकरण, ऐसे प्रकरण जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना से आपसी सुलह समझौते से निपटाना चाहें, दीवानी वाद, उत्तराधिकार वाद, दाम्पत्य सम्बन्धी वाद, प्री लिटिगेशन स्तर के वाद, चेक बाउंस के मामले, जनोपयोगी सेवाओं से सम्बन्धित प्रकरण, आरबीट्रेशन सम्बन्धी वादों का निस्तारण किया जाएगा. इस तरह के मामलों को मौके पर ही सुलझाया जाएगा.

### गाड़ी करेगी जागरूक

मंगलवार को इस लोक अदालत के बारे में जागरूक करने के लिए और इसमें आकार अपने मामलों को ज्यादा से ज्यादा निस्तारण करने के लिए जनपद न्यायाधीश लखनऊ अश्विनी कुमार त्रिपाठी ने पुराना उच्च न्यायालय परिसर कैसरबाग से हरी झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार वाहन को रवाना किया. जनपद न्यायाधीश ने बताया कि यह वाहन विभिन्न तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर लोक अदालत का प्रचार प्रसार करेगी और आम जनमानस को आपसी सुलह समझौते के लिए प्रेरित करेगी.



### लोगों को होगा बड़ा फायदा

इस अदालत के लगने से उन लोगों को बड़ा फायदा होगा जिनके मामलों का निस्तारण अभी तक नहीं हो पाया है. वो इसमें जाकर आपसी समझौते से अपने मामले को खत्म करवा सकते हैं और मौके से ही मामले का निस्तारण इसमें करवा सकते हैं, जिससे उन्हें बार-बार अपने मामले के निस्तारण के लिए कोर्ट नहीं जाना पड़ेगा या परेशान नहीं होना पड़ेगा.

# चकबन्दी न्यायालयों में विचाराधीन वादों के त्वरित निस्तारण हेतु वादकारियों के हित के दृष्टिगत किया जायेगा ग्राम अदालत का आयोजन।

*चिन्हित ग्राम के सार्वजनिक स्थल पर उपस्थित होंगे ग्राम अदालत में अधिकारी व कर्मचारी।*

**समाज जागरण अमेठी**

अमेठी। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी केलकर सिंह ने अवगत कराया है कि निदेशालय के निर्देश के क्रम में समस्त चकबन्दी न्यायालयों में विचाराधीन वादों के त्वरित निस्तारण हेतु वादकारियों के हित के दृष्टिगत किसी ग्राम से सम्बन्धित आपत्ति/अपील/निगरानी को सुनवाई हेतु चिन्हित कर ग्राम अदालतों का आयोजन कर अभियान स्तर पर वादों के निस्तारण हेतु ग्राम अदालत की निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के तहत माह सितम्बर-2023 में होने वाली ग्राम अदालत का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि एक ग्राम में सहायक चकबन्दी अधिकारी से लेकर उप संचालक चकबन्दी स्तर तक जोत चकबन्दी अधिनियम-1953 के अन्तर्गत तय किये जाने वाले सभी वादों की सूची तैयार करते हुए उनसे सम्बन्धित सभी पक्षकारों को अग्रिम सूचना चकबन्दी विभाग के मैसेन्जर, वादों के समय पक्षकारों द्वारा दिये गये मो0नं0 पर एस0एम0एस0 एवं दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम दी जायेगी तथा ग्राम में एक साथ सभी प्राधिकारी किसी सार्वजनिक स्थल पर ग्राम अदालत का आयोजन करेंगे। उन्होंने बताया कि वादों का निस्तारण यथासंभव पक्षकारों के मध्य सुलह समझौते से कराया जाय, यदि किसी वाद में साक्ष्य देने की स्थिति हो, उन साक्ष्यों का उल्लेख करते हुए वाद के पक्षकारों को इसकी भी पूर्व सूचना दी जायेगी तथा ग्राम अदालत में जो आदेश पारित हो उनका तत्काल अनुपालन अभिलेख एवं स्थल पर भी कराया जाय जिससे किसानों में इसके प्रति उत्साह उत्पन्न हो और ग्राम अदालत की प्रक्रिया इसी प्रकार अन्य ग्रामों में अपनायी जा सकें। उन्होंने बताया वादकारियों के हित के दृष्टिगत चिन्हित ग्रामों में क्रमशः 06 सितम्बर 2023 को तहसील गौरीगंज के ग्राम मऊ में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के 04, चकबन्दी अधिकारी के 70, सहायक चकबन्दी अधिकारी के 98 एवं 14 सितम्बर 2023 को तहसील अमेठी के ग्राम भागीपुर में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के 05, चकबन्दी अधिकारी के 12, सहायक चकबन्दी अधिकारी के 18 विचाराधीन वाद एवं 20 सितम्बर 2023 को तहसील मुसाफिरखाना के ग्राम काजीपुर में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के 06, चकबन्दी अधिकारी के 30, सहायक चकबन्दी अधिकारी के 45 तथा 27 सितम्बर 2023 को तहसील मुसाफिरखाना के ग्राम कोयलारा मुबारकपुर में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के 08, चकबन्दी अधिकारी के 42, सहायक चकबन्दी अधिकारी के 38 वाद न्यायालय में विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सम्बन्धित चकबन्दी न्यायालय में विचाराधीन वादों (आपत्ति/अपील/निगरानी) के त्वरित निस्तारण हेतु ग्राम अदालत के निर्धारित स्थान पंचायत भवन में उप संचालक चकबन्दी/बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी/चकबन्दीकर्ता/चकबन्दी लेखपाल/राजस्व लेखपाल/ग्राम विकास अधिकारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहेंगे एवं ग्राम अदालत में किये गये वादों के निस्तारण की सूचना जिलाधिकारी/जिला उप संचालक चकबन्दी के माध्यम से निदेशालय को प्रेषित की जायेगी जिसका निदेशालय स्तर से अनुश्रवण किया जायेगा।

# शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मे हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

जौनपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने मां सरस्वती एवं डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डीएलएड प्रशिक्षुओं ने तिलक लगाकर प्राचार्य, वरिष्ठ प्रवक्ता, समस्त प्रवक्ता का स्वागत किया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, गुरु वंदना प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। डायट प्रवक्ता अखिलेश कुमार मौर्य ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन परिचय पर विस्तृत प्रकाश डाला। डायट प्रवक्ता नीरज मणि तिवारी ने गुरू की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु वह है जो गुरुता से मुक्त कर देते हैं। वे ऐसे दीपक हैं जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन को प्रकाशित कर देते हैं। वरिष्ठ प्रवक्ता आरएन यादव ने बताया कि यदि आप शिक्षक से प्रेरित हो जाते हैं तो आपका जीवन बदल जाता है। उप



शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने डायट को शिक्षक तैयार करने की फैक्ट्री बताया। यह एक ऐसी फैक्ट्री है जो बिना प्रदूषण के उत्पादन करती है। उन्होंने प्रशिक्षु शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप भावी शिक्षक बनने वाले हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता, समस्त डायट प्रवक्ता, गणित किट की ट्रेनिंग करने वाले शिक्षक, डीएलएड प्रशिक्षु आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डायट प्रवक्ता धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने किया।

# शिक्षक महानायक डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। शिक्षक दिवस के मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर प्रांगण प्रधानाचार्य श्री प्रकाश वीर आर्य ने गुरु को अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाने वाला बताते हुए छात्र-छात्राओं को गुरु द्वारा बताई जाने वाली शिक्षाओं को अपनाने एवं उनका पालन करने का निर्देश दिया अनमोल ,नक्श ,डिंपल, लवली हर्षित,अभिनंदन आदि भैया बहनों ने डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन से संबंधित प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किये। आनंद भूषण यादव ने शिक्षक दिवस



के मनाए जाने के कारण एवं परंपरा पर प्रकाश डाला ।बहन सोफिया खातून ने इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में रोपने हेतु एक अमरूद का पौधा प्रधानाचार्य जी को भेंट किया । बहन सोनिया खातून ने 'सूना है आंगन सूना ये मन गुरुवर न जाओ यह कहती है धड़कन' गीत प्रस्तुत किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर अंशिका प्रजापति ,स्तुति रस्तोगी, शीतल कुमारी ,सृष्टि गुप्ता ,सौम्या गौड़ ,कनिष्का सिंह ,निलाक्षी, नितिक्षा, फाकीहा नाज, अंकुर कुमार ,ओम तुलस्यान ,श्रेयांक कुमार आर्य ,अनूप सिंह, गौरव दक्ष आदि छात्र-छात्राओं ने कक्षाओं में शिक्षण कार्य किया कार्यक्रम में श्री मनोज कुमार ,श्री जितेंद्र कुमार बत्सल, श्री अनिल कुमार, श्री राजीव कुमार गुप्ता ,श्री शौकेंद्र कुमार की सहभागिता रही ।

# जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत की अध्यक्षता में जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई। कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी मनीष बंसल एवं पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत की अध्यक्षता में जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व में आयोजित की गई बैठक के कार्य व्रत के बारे में की बिंदुओं के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए जिलाधिकारी ने विगत बैठक के बिंदुओं पर क्या करवाई है उसके विषय में जानकारी प्राप्त की जिसमें चंदौसी स्थित बदायूं चुंगी के पास जल भराव की समस्या स्थाई समाधान हुआ है या नहीं उसके विषय में संबंधित अधिकारी से जानकारी प्राप्त की तथा उप जिलाधिकारी चंदौसी को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह में स्थलीय निरीक्षण करते हुए आख्या रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी प्रेषित करना सुनिश्चित करें। एवं जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में कोई भी कमी ना हो तथा लेवल भी निकल जाए। ताकि जल भराव की स्थिति ना रहे। ग्राम लहरावन रेलवे क्रॉसिंग से ग्राम भरतरा में स्टेडियम तक सड़क निर्माण के उठाए गए मुद्दे पर जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी से सड़क के विषय में जानकारी प्राप्त की जिस पर अपर मुख्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि टेंडर हो गया है एवं कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों द्वारा पूर्व में उठाए गए हाई टेंशन लाइन के नीचे जाली एवं रिवैंप योजना के अंतर्गत कार्यों के संबंध में जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि रिवैंप योजना के अंतर्गत जो भी कार्य किए जाएं उसकी समय अवधि के अनुसार कार्य का रोस्टर बनाया जाए एवं उसका प्रचार प्रसार भी किया जाए ताकि लोगों को कार्य के विषय में जानकारी हो सके तथा जनप्रतिनिधियों अधोहस्ताक्षरी एवं



मुख्य विकास अधिकारी को कार्य योजना की प्रति प्रेषित करना सुनिश्चित करें। जल निगम ग्रामीण से संबंधित पाइपलाइन योजना के द्वारा कनेक्शन के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। तथा एई जल निगम ग्रामीण को निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जिन ग्रामों में कनेक्शन को लेकर समस्याएं उठाई गई उन ग्रामों में स्वयं जाकर जांच करते हुए पानी के कनेक्शन कराए। जनप्रतिनिधियों द्वारा संभल से मुरादाबाद रोडवेज द्वारा बसों की संख्या बढ़ाने के बिंदु पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संभल से मुरादाबाद संभल से चंदौसी एवं बहजोई चंदौसी से मुरादाबाद तथा चंदौसी से बबराला के बसों के चलने के समय सारणी को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि संभल से मुरादाबाद में रात्रि के समय एक बस दोनों तरफ से चलवाना सुनिश्चित किया जाए। संभल विधायक के प्रतिनिधि द्वारा संभल बस स्टैंड पर जल भराव की स्थिति के बारे में बताया गया जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को संभल एवं चंदौसी के बस स्टैंड की मरम्मत के लिए एक पत्र आरएम रोडवेज को भिजवाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। भवानीपुर से ग्राम चदायन सड़क निर्माण के संबंध में जिलाधिकारी ने आर ई डी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जहां सड़क खराब है उसको शीघ्र ठीक कराया जाए। अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी उठाए गए सड़क के मुद्दों पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक विषय निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संभल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संभल के आसपास के नालों से संभल से जोड़ने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। और जिन लोगों द्वारा नालों पर अतिक्रमण किया गया है उनको कार्रवाई करते हुए हटाया जाए। लोकसभा संभल सांसद शफीक उर रहमान वर्क द्वारा दीपा सराय में पानी की टंकी एवं जल कनेक्शन के उठाए गए बिंदु पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संभल एवं जल निगम शहरी के एक्सईएन को स्थल का सर्वे करने के निर्देश दिए। विधायक असमोली द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए एंटी लार्वा स्प्रे फॉगिंग करने के बिंदु पर चर्चा की जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों से भी अपील करते हुए कहा कि लोगों को भी जागरूक करें। इसके उपरांत जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए अन्य मुद्दों पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिलाधिकारी ने समस्त जनप्रतिनिधियों को अस्वस्थ करते हुए कहा कि जो भी समस्याएं जनप्रतिनिधियों की हैं उनको संज्ञान में लेते हुए समस्त संबंधित अधिकारी समय से निस्तारण करेंगे। इस अवसर पर सांसद संभल शफीक उर रहमान वर्क, विधायक गुन्नौर राम खिलाड़ी यादव, विधायक असमोली पिंकी यादव, एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन गुलाब देवी के प्रतिनिधि रामपाल सिंह, विधायक संभल इकबाल महमूद के प्रतिनिधि सोहेल इकबाल, एवं विधान परिषद सदस्य हरि सिंह ढिल्लों प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी कमलेश सचान, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए, बच्चों ने गुरुजनों को उपहार किए भेंट

बिसौली आई एम खान। नगर व क्षेत्र में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूलों में डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। डीपाल व एसडीबी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने गुरुजनों को उपहार भेंट किए। डी पॉल स्कूल के प्रबंधक फादर डॉक्टर मार्टिन बीसी ने डॉ राधाकृष्णन सर्वपल्ली की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उसके उपरांत छात्र - छात्राओं द्वारा प्रार्थना गीत गाया गया। कक्षा चार की छात्राएं अंजलि, मायरा आनंद, आरोही, काव्य, आकांक्षा, ऋषिका मैरी, आराध्या, परी, आयुषी एवं नियति मिश्रा ने नृत्य के द्वारा शिक्षकों के कार्यों को प्रस्तुत किया। स्कूल के



प्रबंधक फादर डॉक्टर मार्टिन बीसी ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं शिक्षकों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। स्कूल से संबंधित सभी छोटे बड़े कर्मचारियों को पुरस्कार वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने अपने भाषण में छात्रों को बताया कि शिक्षक हमारे जीवन के स्तंभ होते हैं. वह अपना समय देकर हमारे जीवन को संवारते हैं और आगे बढ़ाते हैं। शिक्षक दिवस के मौके पर खेल प्रतियोगिता भी कराई गई। इधर एसडीबी पब्लिक स्कूल में निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय व प्रधानाचार्या मीनू एल बत्रा ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी कक्षाओं को आकर्षक ढंग से सजाया गया। बच्चों ने गुरुजनों को विभिन्न उपहार भेंट किए। बच्चों के चेहरों की मुस्कान देखने लायक थी।

# शिक्षक दिवस पर हुए विविध आयोजन

***ग्लोबल स्कूल में मनाई गई जन्माष्टमी***

***आरआरएसजीएस के बच्चों ने शिक्षक दिवस पर दी नाट्य प्रस्तुति***

***बच्चों ने राधा और कृष्ण के वेश में दी रंगारंग प्रस्तुति***

***ग्लोबल स्कूल में शिक्षक दिवस पर बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति***

***कृष्ण का वेश बनाकर बच्चों ने फोड़े मटके, मनाई जन्माष्टमी***

**समाज जागरण अमेठी**

राजर्षि रणञ्जय सिंह ग्लोबल स्कूल (आरआरएसजीएस) में शिक्षक दिवस पर बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। सर्वप्रथम विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सोमेश्वर प्रताप सिंह ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सभी शिक्षकों ने डा. राधाकृष्णन को पुष्पांजलि



दी। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके शिक्षक दिवस पर अपने शिक्षकों को धन्यवाद दिया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर भाषण, गीत, नाटक तथा नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों ने अनेक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करके समां बांध दिया। बच्चों ने सामूहिक तथा एकल गीतों द्वारा शिक्षकों के कार्यों पर प्रकाश डाला और शिक्षकों को धन्यवाद दिया। बच्चों ने अपने भाषण में गुरुओं कके द्वारा उनको दी जा रही शिक्षा के लिए धन्यवाद दिया और नाटक द्वारा अपने विद्यालय के शिक्षकों का अभिनय करके लोगों का मनोरंजन किया। इसके पश्चात बच्चों ने शिक्षकों के बीच म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया और शिक्षकों को उनके निकनेम के बैज प्रदान किए। इसी के साथ ही विद्यालय में प्री प्राइमरी के बच्चों द्वारा जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण का वेश बनाकर प्रस्तुति दी। बच्चों को प्री प्राइमरी की कोऑर्डिनेटर कीर्ति मिश्रा ने जन्माष्टमी पर्व की कहानी बताई और वीडियो के द्वारा भगवान कृष्ण के जन्म की घटना दिखाई। इसके बाद प्री प्राइमरी के बच्चों के बीच मटका फोड़ ऐक्टिविटी आयोजित हुई। इसके अंतर्गत प्री-प्राइमरी के बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा के वेश में ऊपर टंगे हुए मटके फोड़े। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सोमेश्वर प्रताप सिंह ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएँ और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे

# राजर्षि रणंजय सिंह आसल देव पी. जी. कालेज पीपरपुर में मनाया गया शिक्षक दिवस प्रोग्राम

**समाज जागरण अमेठी**

अमेठी` मंगलवार को राजर्षि रणंजय सिंह आसल देव पी .जी.कालेज पीपरपुर अमेठी मे शिक्षक दिवस प्रोग्राम का आयोजन किया गयो कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं पूज्य बूढ़ऊ महाराज जी, डॉ राधाकृष्णन जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन करके कार्यक्रम का शुभारंभ प्रचार्या डॉ संगीता सिंह ने किया` शिक्षक दिवस कार्यक्रम छाया सिंह व प्रिया सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गयो कार्यक्रम में खुशी यादव व आँचल ने गीत गुरूवर तो ज्ञान के सागर है



प्रस्तुत किया` शिक्षिका प्रगति साहू ने शिक्षक दिवस पर अपने विचारों को साझा किया` शिक्षक जय कृष्ण मिश्रा ने डॉ राधाकृष्णन जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला` शिक्षक संतोष गौतम ने डॉ राधाकृष्णन के जीवन परिचय, 1962 से 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है` एशिया की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले के जीवन दर्शन पर प्रकार डाला` शिक्षक सत्य प्रकाश यादव ने शिक्षक की प्रकृति का गुणगान किया` शिक्षक नन्द कुमार यादव ने प्रथम शिक्षिका माँ की महिमा का गुणगान किया` विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग के जनक डॉ राधाकृष्णन जी के द्वारा स्थापित शिक्षा के आयाम पर प्रकाश डाला` कार्यक्रम में शिक्षक डॉ शैलेंद्र सिंह, डॉ पूनम मिश्रा, डॉ हरि राम ने भी शिक्षक दिवस पर अपने विचारों के माध्यम कार्यक्रम पर प्रकाश डाला` कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्या डॉ संगीता सिंह ने शिक्षक दिवस पर उपस्थित जनों को शुभ अशीर्वाद प्रदान किया` कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा`

# मंगलम महिला महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**समाज जागरण अमेठी**

अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना में मंगलम महिला महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर विद्यालय के प्रबंधक भोलानाथ त्रिपाठी द्वारा सेवानिवृत्ति शिक्षकों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया शिक्षक दिवस के अवसर पर मंगलम महिला महाविद्यालय के प्रबंधक भोलानाथ त्रिपाठी ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर महान शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के बारे में बताया इस दौरान सेवानिवृत शिक्षक गोविंद प्रसाद गुप्ता दुर्गा बक्श सिंह करुणा शंकर पांडे रामचंद्र द्विवेदी रुद्रदत्त तिवारी त्रियुगी नाथ त्रिपाठी सुंदरलाल त्रिपाठी हरि गोविंद गुप्ता सहित अन्य गुरुजनों को अंग वस्त्र भेंट कर



सम्मानित किया गया इस दौरान मंगलम इंटर कॉलेज मंगलम जूनियर हाई स्कूल एवं मंगलम प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी सम्मानित गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया विद्यालय के प्रबंधक भोलानाथ त्रिपाठी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अब्दुल्ला गुलजार को प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी की संस्तुति पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने नगर के मौहल्ला मुनीरगंज निवासी पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी व पूर्व जिलाध्यक्ष अब्दुल्ला गुलजार कासमी को पार्टी में प्रदेश स्तर पर स्थान पर देते हुए पार्टी में प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनित किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने नवमनोनित प्रदेश महासचिव अब्दुल्ला गुलजार कासमी से आशा



व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तरप्रदेश में पार्टी की विचारधारा का व्यापक प्रचार एवं प्रसार करेंगे और कर्मठ व संघर्षशील लोगो को पार्टी से नीतियों से अवगत कराते हुए पार्टी से जोड़कर का कार्य करेंगे। नवमनोनित प्रदेश महासचिव अब्दुल्ला गुलजार कासमी ने विश्वास दिलाया कि वह प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। इस मौके पर इनाम सैफी, परवेज खा, मास्टर इरफान मुस्तकीम अहमद, इरशाद अंसारी, रईस खान, कमरूद्दीन सैफी आदि ने हर्ष जताते हुए अब्दुल्ला गुलजार को बधाई दी।

# अफजलगढ पुलिस ने शराब माफियाओं के विरुद्ध चलाया अभियान

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण। अफजलगढ़। पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर के दिशा निर्देश द्वारा चलाये जा रहे शराब माफियाओं के विरुद्ध अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) व क्षेत्राधिकारी के कुशल निर्देशन में विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चार अभियुक्तों को शराब सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जानकारी अनुसार मंगलवार को पुलिस ने अवैध शराब अभियान चलाकर सुभाष पुत्र बुद्ध सिंह नि0 ग्राम गढवावाला को अवैध 32 अदद फ्रूटी नाईट किंग देशी शराब के साथ तथा अभियुक्त लाल सिंह पुत्र रघुवीर नि० ग्राम महावतपुर, लवकुश कुमार पुत्र मिश्री सिंह निवासी सलावत



नगर गिरधर उर्फ भज्जावाला, मदन सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह निवासी विजयनगर को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार का न्यायालय पेश किया

# महिलाओं और बच्चियों को दिए सुरक्षा के टिप्स:

**महिला एस आई पुलिस संस्थानों व सार्वजनिक स्थलों पर चलाया मिशन शक्ति अभियान**

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण**

अफजलगढ। पुलिस ने महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षा के टिप्स दिए। स्कूल,कॉलेजों आदि में कार्यक्रम आयोजित कर अपराधों से बचाव, सावधानी, हेल्पलाइन नम्बर, कानून और सुरक्षा के प्लेटफॉर्म की जानकारी दी मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एस आई काजल तेवतिया पुलिस द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु



चलाये जा रहे अभियान #शक्तिदीदी (महिला हेल्प डेस्क/बीट आरक्षी) द्वारा क्षेत्र में महिलाओं/छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जागरूक किया।

# बच्चे देश के भविष्य हैं, इसी भविष्य को आकार देते हैं शिक्षक : रामराज

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

जौनपुर। शिक्षक दिवस पर राज यादव पूर्व जिला उपाध्यक्ष सपा लोहिया वाहिनी एवं कृष्णा यादव हेड कैशियर पीएनबी ने अपने गुरु रामराज मौर्या से मिलकर शुभाशीष प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि संस्कृत के विद्वान कहे जाने वाले रामराज मौर्या शिक्षक आदर्श शिशु मंदिर शिक्षा समिति बारी वर्तमान नाम माता कलावती इण्टरमीडिएट कालेज बारी ने शुभाशीष प्रदान करते हुए कहा कि हम शिक्षक दिवस को देश के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाते हैं। शिक्षक के बिना आप शिक्षा को प्राप्त नहीं कर सकते। हम अपने जीवन में कितने ही बड़े और कामयाब इंसान क्यों न बन जाएं, लेकिन अपने शिक्षक को कभी नहीं भूलना चाहिये। शिक्षक आपको सिर्फ पढ़ाते नहीं हैं, वे आपके भविष्य को आकार भी देते हैं। आपको जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। वे आपकी गलतियां बताते हैं, ताकि आप लगातार सुधार कर सकें। हम सभी को सदा शिक्षकों का मान-सम्मान करना चाहिये और उनकी बातों पर अमल करना चाहिये।

# श्री चितरंजन कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**चंदन गुप्ता संवाददाता दैनिक समाज जागरण**

मड़ियाहूं, जौनुपर। श्री चितरंजन कान्वेंट स्कूल में मंगलवार को बड़े हर्षोउल्लास के साथ शिक्षक दिवस का आयोजन विद्यालय के सीनियर बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर में किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य नूरुजमा सिद्दीकी एवं विद्यालय के ट्रस्टी श्री भुवन चंद विश्वकर्मा ने बाबू जी, माँ सरस्वती, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बच्चों ने



विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अध्यापकों को संस्था की तरफ से सम्मान स्वरूप उपहार प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण, विद्यालय के सीनियर छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय के प्रबंधक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय के प्रबंधक ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए उपहार वितरण किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्राइमरी की प्रधानाचार्य श्रीमती लक्ष्मी तिवारी एवं उपप्रधानाचार्य श्रीमती पूनम पाठक भी उपस्थित रही।

# छात्रों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. सरफराज

*जफराबाद के मकतब इस्लामिया स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

जफराबाद, जौनपुर। स्थानीय नगर पंचायत के नासही वार्ड स्थित मकतब इस्लामिया स्कूल में मंगलवार को शिक्षक दिवस बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. सरफराज खान ने स्कूल के बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित करते हुए कहा कि जो भी छात्र अपने गुरु के दिये



गये शिक्षा और व्यवहारिक गुण को ध्यान में रखते हुए चलेगा, वह एक न एक दिन जरूर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में निसारुल हक, मुस्तकीम, तारिक खान मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधक डॉ. हुसैन व प्रिंसिपल समरीन फातमा मंतशा ने आये हुए अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

शहडोल रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग शहडोल. शिक्षक दिवस



पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम. 5 सितंबर को प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है इसी कड़ी में शहडोल नर्सिंग कॉलेज में छात्रों के द्वारा शिक्षकों के सम्मान में एक रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम मैं छात्रों के द्वारा सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया एवं उनको आकर्षक गिफ्ट दिए गए. छात्रों के इस कार्यक्रम मे उत्साहवर्धन बढ़ाने के लिए संस्था के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी दीपक सिंह के द्वारा गुरु और शिक्षकों के बीच में कैसा संबंध होना चाहिए इस पर अपनी व्याख्यान दी. अनुशासित जीवन अनुशासन में रहकर, सभी का सम्मान करते हुए आगे बढ़ाने की प्रक्रिया मैं एक शिक्षक का विशेष योगदान होता है जीवन में अनुशासित रहकर बड़े से बड़े कार्य किए जा सकता है. यह संदेश ग्रुप निर्देशक डॉ सतीश कुमार सिंह के द्वारा सभी छात्रों को दिया गया..

## "प्रकृति हमारी शिक्षक है:कुलपति

विजय तिवारी अमरकंटक/ शिक्षक दिवस समारोह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के डॉ. लक्ष्मण हवानुर सभागार में संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं



कुलगीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी जी द्वारा की गई। सर्वप्रथम इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के सेवानिवृत्त आचार्यों का अभिनंदन व सम्मान विश्विद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी जी द्वारा शाल एवं श्रीफल से किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे माननीय कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा गया कि 'शिक्षक पारस की तरह होता है, जिस तरह पारस के छूने मात्र से कोई भी धातु सोना बन जाती है, ठीक उसी तरह शिक्षक द्वारा दी हुई शिक्षा से छात्र उच्च आदर्शों एवं उच्च चरित्र को प्राप्त करता है और जीवन के हर क्षेत्र में शिक्षा के आधार पर आगे बढ़ता है। अतः शिक्षक को हमेशा याद रखना चाहिए कि उसके ज्ञान से विद्यार्थी, समाज, राष्ट्र और मानवता का निर्माण होता है। मनुष्य के बाल्यापन से लेकर वृद्धावस्था तक के जीवन में कोई ना कोई शिक्षक उसको प्रतिपल शिक्षित करता रहता है। वो बात दूसरी है, कि उस शिक्षक को कोई जल्दी से पहचान नहीं पाता है। शिक्षक ईश्वर का रूप है, वह ईश्वर के द्वारा पृथ्वीलोक पर भेजा गया है। शिक्षक का मूल्यांकन सभी के द्वारा किया जाता है। क्योंकि वह समाज के लिए आदर्श है। शिक्षक को हमेशा चेतना का प्रसार करते रहना चाहिए जिससे भावी पीढ़ी का निर्माण होता है। शिक्षक को हमेशा याद रखना चाहिए कि उसके ज्ञान से सिर्फ संस्थान में आ रहे छात्र ही शिक्षित नहीं होते हैं बल्कि आंचलिक समाज भी शिक्षित होता है। शिक्षा निरंतर चलती है बिना अवरोध के यह एक सतत प्रक्रिया है इसलिए शिक्षक को कभी भी संकीर्ण सोच का नहीं होना चाहिए। भारत में शिक्षक के सम्मान की परम्परा अत्यंत प्रचीन है। हिन्दू धर्मग्रंथो में भी इसका उल्लेख मिलता जिसमें ईश्वर ने शिक्षक को श्रेष्ठ मानकर उसकी वंदना की है। आज पूरी दुनिया में भारत की पहचान ज्ञान के माध्यम से हो रही है। शिक्षक और शिक्षा के माध्यम से एक भारत एवं श्रेष्ठ भारत के साथ-साथ संसार में भारत का स्थान श्रेष्ठतम होगा। ज्ञान की दुनिया में हमें महान शक्ति बना है जिसके केंद्र में शिक्षक हैं। मैं ऐसी कामना करता हूँ, कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्विद्यालय, अमरकंटक एक आदर्श विश्विद्यालय बनकर उभरेगा। इसकी पहचान विश्व पटल पर होगी, जिसकी जबाबदारी हमारे शिक्षकों के कंधों पर है।

**कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आचार्य प्रोफेसर पी.के. सामल एवं वरिष्ठ आचार्य प्रो. व्योमकेश त्रिपाठी का स्वागतम सम्मान किया गया।**

कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र सिंह द्वारा किया गया तथा शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एम.टी.वी. नागराजू द्वारा मा. कुलपति जी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का परिचय एवं स्वागत उद्धबोधन विश्विद्यालय के अधिष्ठाता (अकादमिक) प्रो. आलोक श्रोत्रिय द्वारा दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एन.एस. मूर्ति द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ आचार्य प्रो. ए.के. शुक्ल सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित थे।

## कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राम जानकी मंदिर में श्रध्दालुओं के प्रवेश को मिली अनुमति

विजय तिवारी उमरिया ।क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया द्वारा अवगत कराया गया है कि 7 सितंबर 2023 को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर




पर पूजा करने हेतु बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में बांधवकिला पहाड़ी पर स्थित राम जानकी मंदिर में श्रध्दालुओ को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक प्रवेश की अनुमति दी गई है। उन्होने बताया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक असीम श्रीवास्तव द्वारा जारी की गई अनुमति में श्रध्दालुओं के आवागमन हेतु मार्ग सुनिष्चित किया गया है । राष्ट्रीय उद्यान के अंदर एवं मार्ग में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णत वर्जित रहेगा। धूम्रपान निषेध रहेगा। आग जलाने एवं अति ज्वलनशील पदार्थ परिवहन की अनुमति नही होगी। मात्र पूजा हेतु प्रतीकात्मक अग्नि प्रज्जल्वित करने की अनुमति होगी। संपूर्ण मार्ग एवं श्रध्दालुओ के समूह जहां एकत्रित होगे उन स्थानों पर वन कर्मचारी तैनात किए जायेगे। पर्यावरण सुरक्षा हेतु पालीथीन का उपयोग अथवा कोई भी वेस्टेज सामग्री पार्क के अंदर छोड़ना निषेध होगा। इस आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस का यथोचित सहयोग प्राप्त किया जाएगा । राष्ट्रीय उद्यान के अंदर श्रध्दालु गण अपने ही उत्तर दायित्व पर न्यूनतम संख्या में प्रवेष कर सकेगे । वन्य प्राणी अथवा अन्य किसी कारण से उत्तरदायी बांधवगढ टाईगर रिजर्व का नही होगा । प्रवेष दिए जाने वाले समस्त व्यक्तियों का फोटो आईडी के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा तथा उनका विवरण रजिस्टर मे संधारित किया जाएगा। इसकी पुष्टि वापस आने पर की जाएगी। पार्क में हाथी की उपस्थिति को देखते हुए क्षेत्र संचालक स्वयं नीतिगत निर्णय लेने मे सक्षम होगे कि श्रध्दालुगण को पूजा स्थल पर प्रवेष की अनुमति दी जावे या नही ।

# शिक्षक सिर्फ पढ़ाते नहीं, भविष्य को देते है आकार

## छात्र-छात्राओं ने मनाया गया शिक्षक दिवस, आयोजित हुए कार्यक्रम

शहडोल 05 सितम्बर 2023- देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। आज शिक्षक दिवस के अवसर जनपद पंचायत ब्यौहारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निपनिया में कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य श्री राधिका प्रसाद तिवारी ने कहा कि शिक्षक जिन्होंने हमारे जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर कर उसे ज्ञान के प्रकाश से भर देते हैं। शिक्षक हमें सिर्फ पढ़ाते नहीं हैं, वे हमारे भविष्य को आकार भी देते हैं। हमें जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। वे हमारी गलतियां बताते हैं, ताकि हम लगातार सुधार कर सकें। गुरु हमें जीवन के हर नए मोड़ पर आने वाली सभी कठिनाइयों से लड़ने की शक्ति देते हैं। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड नाटक किया गया और व शिक्षकों के अपने जीवन में होने वाले महत्व को भी बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 5 सितम्बर छात्राओं के जीवन में अपने गुरुओं का सम्मान करने के लिए एक विशेष अवसर प्रदान करता है। यह शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने वाला वह महत्वपूर्ण दिन है जिसके तहत छात्राओं को अपने गुरुजनों की सराहना और सम्मान करने का एक मौका प्रदान करता है। यह एक उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला दिन है।

इसी प्रकार शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माधमिक विद्यालय बुड़वा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रघुराज शहडोल में भी कार्यक्रम आयोजित किये गए और छात्र-छात्राओं के द्वारा भाषण प्रतियोगिता एवं अन्य प्रकार के शिक्षकों को कार्ड गिफ्ट देकर सेलिब्रेट किया गया एवं शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर शासकीय उच्चतर माधमिक विद्यालय बुड़वा के प्राचार्य श्री प्रशांत मिश्रा, कन्या उच्चर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सहित स्कूली छात्राएं उपस्थित थे ।

# व्रत रह घर आंगन में महिलाओं ने की हरछठ पूजन

## संतान प्राप्ति व पुत्र दीघार्यु निमित्त की आराधना

अमरकंटक मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक में०५-०९-२०२३ को महिलाओं ने हलषष्ठी का व्रत रख विधि विधान से कि पूजन-आराधना ।



हरछठ का व्रत महिलाओ द्वारा किया जाता है । महिलाएं अपने परिवार की सुख संवृद्धि , संतान की दीघार्यु व संतान प्राप्ति हेतु षष्ठी माता का व्रत रह कर पूजन करती है ।

यह पूजन भाद्रपद माह में कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है । आज ही के दिन कृष्ण के बड़े भाई बलराम जी का जन्म हुआ था , जो यह जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है और यह दिवस (व्रत) उन्ही को समर्पित भी करती है । महिलाए घर के आंगन में एक चौकी य पीढ़ा रख उसपे गौरी , गणेश , कलश ( दीपक) रख वन्ही पर छूला , कांस , बैर की डाली खड़ा कर नारियल , पुष्प , सिंदूर , चंदन , अगरबत्ती , कपड़ा , सात प्रकार का अनाज , धान की लाई , बांस की छोटी टोकरी , मिट्टी से बना छोटा पात्र (डुबुलिया) , भैंस का दूध , दही , घी , महुआ आदि वस्तु पूजन में रख आराधना करतीं है । महिलाओं ने बतलाया की अपनी श्रद्धानुसार वस्तु रख कर पंडित से पूजन , व्रत की कथा सुनने के बाद आरती की जाती है , महिलाए आज कोई भी अनाज का सेवन नहीं करती । आज व्रती महिलाए भैंस के दूध की दही और पका हुआ महुआ का ही प्रसाद पाती है । इस दिन किसान अपने हल की पूजन भी करते है । भगवान बलराम का प्रधान शस्त्र हल है इसी से वे हलधर कहलाते है और यह व्रत हलषष्ठी कहलाता है । इसे देश के अलग अलग जगहों पर अलग अलग नाम से अलग अलग प्रकार से पूजन पद्धति व विधान है । पंडित मुकेश पाठक , पंडित संदीप ज्योत्सी ने बताया की यह व्रत विवाहित , नवविवाहिता महिलाए करती है जो अपने परिवार की सुख संब्रद्धि , पुत्र की प्राप्ति , पुत्र की लंबी आयु की कामना लिए दिन भर उपवास रहती है व विधि विधान से पूजन कर मनोकामना षष्ठी माता से मांगती है । पसही का चावल , भैंस के दूध की दही , उबला हुआ महुआ आदि व्रत समाप्ति बाद ग्रहण करती है ।

# जन्माष्टमी पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगा पूर्णत प्रतिबंध, ऑटो एवं ई रिक्शा भी नही जा सकेंगे सत्यनारायण मंदिर रोड पर

कटनी मध्य प्रदेश जिला ब्यूरो चीफ हसन रसीद कटनी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को ध्यान में रखते हुए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। किए गए परिवर्तन के संबंध में जानकारी देते हुए ट्रैफिक थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व के दौरान कानून व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा तथा सुरक्षित आवागमन को मद्देनजर रखते हुए कल 06 सितंबर की प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 02:30 बजे तक शहर में भारी वाहनों हेतु नो एंट्री में मिलने वाली छूट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान शहर के अंदर सभी प्रकार के भारी वाहन जैसे- ट्रक, क्रेन, डम्फर, हाइवा, जेसीबी, एलपीटी इत्यादि का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अन्य कमर्शियल वाहन जैसे- यात्री बस, लोडर, पिकअप इत्यादि को शहर में



आमजन की भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए समय अनुकूल प्रवेश दिया जावेगा। कल दिनांक 06 सितंबर को सत्यनारायण मंदिर बरही रोड़ की तरफ जाने वाले ऑटो, ई-रिक्शा शाम 05:00 बजे से पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

# असामाजिक तत्वों का लगा रहता जमघट

कटनी मध्य प्रदेश जिला ब्यूरो चीफ हसन रसीद /कटनीतहसील प्रोग्राम के एसडीएम कार्यालय के सामने लगे हुए पंखे को किसी और सामाजिक तत्वों के द्वारा नुकसान पहुंचाया गया इसके अलावा एस डी एम कार्यालय के बाजू से लगे हुए कुलर को भी नुकसान पहुंचा है यही नहीं एसडीएम कार्यालय के अंदर शराब की बोतल भी पाई गई। यहां शाम होते ही यहां पर कुछ लोगों बैठक खाना बना रहता है और यहां पर बैठकर इस तरह कृतज्ञ करते हैं और शासन की संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं यहां पर द्वारका भवन के पास भी असामाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है। वहां पर जुआ पत्ती भी खेलते हैंअशोभनिय है शाम होते ही मदिरा का जाम छलकने लगता है यहां पर सम्माननीय लोग नजरअंदाज करते हैं पर यहां पर इस तरह की घटना आम बात हो



गई एसडीएम कार्यालय तहसील कार्यालय के सामने यह सब हो रहा है पर बोलने वाला कोई नहीं जिला प्रशासन को चाहिए यहां पर चौकीदार रखा जाए और व्यवस्थित किया जाए।

# इस साल बाजार में आएंगी 15 फीट तक गणेशजी की मूर्तियां, जानें और क्या है खास ?

बाबा महाकाल की नगरी में इस वर्ष गणेश चतुर्थी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा. इस दौरान कई वर्षों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए युवा बुजुर्ग और बच्चे चौक-चौराहों पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करेंगे. गणेश चतुर्थी से शुरू होने वाले गणेश जी के 10 दोनों का त्योहार शुरू होने जा रहा है. जिसको लेकर मूर्ति बनाने वाले कलाकारों ने करीब 4 महीने पहले से ही मूर्तियों की तैयारी शुरू कर दी है. इस वर्ष गणेश चतुर्थी पर करीब 15 फीट तक की भगवान गणेश की मूर्तियां बनाई जा रही है. साथ ही इसमें मां गंगा और चाक की मिट्टी का उपयोग भी मूर्ति बनाने में कलाकार कर रहे है. करीब 3 से 15 फीट की मूर्तियां उन्होंने करीब चार महीने पहले से ही बनना शुरू कर दी थी.

वहीं कलाकारों का कहना है कि इन मूर्तियों में विशेष प्रकार के प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है. जिससे मूर्ति और भी आकर्षक दिखाई दे रही. इस वर्ष उज्जैन में 500 से अधिक स्थानों पर गणेश जी की प्रतिमा स्थापित होगी. जिसमें अधिकतर पंडाल लगाने वाले श्रद्धालु उनसे विशेष मूर्ति बनाने का अनुरोध कर चुके हैं. कलाकारो का मानना है कि इस वर्ष हजारों मूर्तियों की खपत उज्जैन और आसपास के क्षेत्र में होगी. जिससे काफी मुनाफा व्यापारियों को और मूर्ति बनाने वाले कलाकारों को होगा. आसपास और दूर-दराज से लोग उनकी मूर्तियां देखने और उन्हें खरीदने उज्जैन पहुंच रहे हैं और उनकी इस आकर्षक कलाकारी की तारीफ भी की जा रही है.

### 3 से 15 फीट तक की तैयार होगी मूर्तियां

कलाकारों ने बताया कि इस बार भगवान गणेश की मूर्तियों को लेकर विशेष आकृति बनाई जा रही है. वहीं लोगों की डिमांड भी है कि इस बार मूर्तियां कुछ अलग और आकर्षक दिखे. इसके लिए कलाकारों द्वारा 3 फीट से लेकर 15 फीट तक की आकर्षक गणेश जी की मूर्तियां बनाई जा रही है, जो की पंडाल में समिति की शोभा बढ़ाएगी. कलाकार संदीप प्रजापति ने बताया कि अधिकतर कलाकारों ने चार माह पहले ही मूर्तियों के सांचे बनाकर उनसे मूर्तियां तैयार करना शुरू कर दी है. जिनमें विशेष तरह के प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाएगा जिससे मूर्ति और भी सुंदर दिखाई देगी.

### मां गंगा की मिट्टी से तैयार होगी मूर्तियां

कलाकारों ने बताया कि इस बार मूर्तियों में नॉर्मल मिट्टी के अलावा मां गंगा एवं चाक मिट्टी का उपयोग मूर्तियां बनाने में करेंगे. जिसे हिंदू धर्म में शुभ माना जाता है,कहा जाता है कि चाक मिट्टी और गंगा की मिट्टी से घर में किए जाने वाले कोई भी शुभ कार्य की शुरूआत की जाती है. ऐसे में इस मिट्टी का उपयोग लाभकारी साबित होगा.

# अभ्यर्थियों के प्रतिदिन के व्ययों हेतु विभिन्न प्रकार की सामग्रियों की दरों का निर्धारण करने समिति गठित

कटनी - कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के प्रतिदिन के व्ययों हेतु विभिन्न प्रकार की सामग्रियों की दरों का निर्धारण सुनिश्चित करने हेतु समिति का गठन किया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार गठित समिति के अध्यक्ष पद पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी व्यय निगरानी को नियुक्त किया गया है। समिति में सदस्य पद पर जिला कोषालय अधिकारी, उपायुक्त नगरनिगम एवं सहायक नोडल अधिकारी,लेखाधिकारी मनरेगा जिला पंचायत

कटनी एवं जिला संस्थागत वित्त अधिकारी कटनी को नियुक्त किया जाकर राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के प्रतिदिन के व्ययों हेतु विभिन्न प्रकार की सामग्रियों की दरों का निर्धारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

उल्लेखनीय है की विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान राजनैतिक दलों एवं निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रकार की सामाग्री जैसे पोस्टरों के मुद्रण करने, वाहनों, लाउड स्पीकरों को भाड़े पर लेने, पंडाल लागने के मूल्य तथा फर्नीचर एवं फिकचर्स को भाड़े पर लेने इत्यादि के लिए भारत निर्वाचन आयोग के व्यय निगरानी मेन्युल 2022 में दिये दिशा निदेर्शों के अनुसार राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के निर्वाचन के दौरान प्रतिदिन के व्ययों को दृष्टिगत रखते हुए वस्तुओं की दरें निर्धारित किए जाने हेतु समिति का गठन किया गया है।

## महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी आयुक्त श्री विनोद शुक्ल ने अचानक किया केसीएस स्कूल का निरीक्षण

### *नवीन बिल्डिंग व अतिरिक्त कक्ष बनाने के निर्देश*

कटनी मध्य प्रदेश हसन रसीद

कटनी।नगर पालिक निगम महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी व निगमायुक्त श्री विनोद शुक्ल ने के.सी.एस.कन्या शाला में औंचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने वर्षो से संचालित शाला के जीर्णोद्धार की त्वरित योजना बनायी तथा शाला के पीछे नवीन बिल्डिंग निर्माण कराने रंगमंच को पीछे करके सुव्यवस्थित करने व नये कमरों का निर्माण कराये जाने के निर्देश प्रदान दिये। महापौर के निर्देश पर



केसीएस शाला का कायाकल्प होगा। एमआईसी सदस्य सुभाष शिब्बू साहू डॉ. रमेश सोनी पार्षद सीमा श्रीवास्तव ओमप्रकाश बल्ली सोनी सुखदेव चौधरी सरला मिश्रा शकुन्तला सोनी संजय तिवारी नागेन्द्र पटेल संजय मिश्रा प्र. प्राचार्य सुमनलता उपस्थित रहे।

## 'शिमला शहर से शिफ्ट होने चाहिए सभी दफ्तर', कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह का बड़ा बयान

शिमला. हिमाचल प्रदेश में हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद काफी लैंडस्लाइड हुए हैं. शहर में करीब 550 पेड़ गिरे. ऐसे में शिमला में निर्माण कार्यों को लेकर सवाल उठने लगे. साथ ही इस बात की भी चर्चा चली कि राजधानी शिमला पर भार अधिक बढ़ गया है. यहां पर गाड़ियों, घरों और लोगों की सख्यां काफी अधिक है, जिसका भार अब राजधानी शिमला सह नहीं पा रही है.

# कटनी के युवाओं को मिलेगा ड्रोन प्रशिक्षण, युवाओं के हौसलों को उडान देने की पहल

कटनी मध्य प्रदेश से ब्यूरो चीफ हसन रशीद / कटनी - दुनिया भर में ड्रोन तकनीक के उपयोग का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में कटनी जिले ने भी ड्रोन तकनीक के अभिनव नवाचार को अपनाकर युवाओं के लिए सृजन और तकनीकी ज्ञान के माध्यम से भविष्य निर्माण के लिए प्रोजेक्ट क्षण पंख के तहत जिले के युवाओं को ड्रोन के विविध उपयोगों एवं तकनीकी कौशल का आधारभूत प्रशिक्षण देकर तकनीक की मुख्य धारा मे जोड़ने की अनूठी पहल की है। कलेक्टर अवि प्रसाद की विशेष पहल पर जिले में लागू होने जा रहे ह्यह्यप्रोजेक्ट पंखह्लह्ल से युवाओं को तकनीक के क्षेत्र में नई और ऊँची उडान का हौसला मिलेगा।



कटनी जिले को ड्रोन सेक्टर में प्रशिक्षित मानव संसाधन का हब बनाने की दिशा में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा किया जा रहा यह अभिनव प्रयास है। ऐसा करने वाला कटनी प्रदेश ही बल्कि नहीं देश का संभवतः पहला जिला है। जहां जिला खनिज प्रतिष्ठान और ई- गवर्नेंस समिति की सहभागिता से यह नवाचार किया जा रहा है।कलेक्टर श्री प्रसाद ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ह्लह्लप्रोजेक्ट पंखह्लह्ल के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले के युवाओं को इस क्षेत्र में रोजगार के बहुआयामी अवसरों हेतु पूर्णतः तैयार रखने हेतु एक ऐसी बहुउद्धेशीय योजना की जरूरत महसूस की गई जिससे युवाओं को न केवल ड्रोन तकनीक का आधारभूत प्रशिक्षण मिले, बल्कि इंड्रस्ट्री की जरूरत के मुताबिक उन्हे इस क्षेत्र मे कार्य करने हेतु प्रेरित करने का भी माध्यम बन सके। इसके लिए जिले में उच्च गुणवत्ता युक्त, आधुनिक संसाधनों से लेस ड्रोन लैब व क्लास रूम भी तैयार कराया जायेगा।

### 8 सितंबर से किया जा सकेगा आवेदन

प्रोजेक्ट पंख के तहत 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके,न्यूनतम 12वीं एवं समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण और ड्रोन क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु युवा इस प्रशिक्षण हेतु 8 सितंबर 2023 से आवेदन कर सकेंगे। आवेदक को कटनी जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य होगा।

### इन चार स्थानों पर दे सकेंगे आवेदन

प्रोजेक्ट पंख के तहत इच्छुक आवेदक अपनें आवेदन चार स्थलों पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई कॉलेज, शासकीय महिला महाविद्यालय एवं शासकीय तिलक कॉलेज कटनी से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर भरे हुए आवेदन इन्ही निर्धारित स्थानों में दस्तावेजों सहित जमा कर सकेगें। प्राप्त आवेदनों को क्रमवार स्क्रूटनी कर प्रशिक्षणार्थियों का चयन कर बैच तैयार करने का कार्य जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। समिति द्वारा चयनितों को ही प्रशिक्षण दिया जायेगाप्रोजेक्ट पंख के तहत छात्रों को 100 दिवसों के नियमित क्लासरूम प्रशिक्षण के माध्यम से ड्रोन तकनीक की आधारभूत जानकारी, डीजीसीए द्वारा जारी ड्रोन रुल और दिशा झ निदेर्शों की विस्तृत जानकारी, ड्रोन असेंबलिंग और डिस-असेंबली लेवल का लाइव प्रैक्टिकल सेशन, एयरोडायनामिक्स एवं ड्रोन उड़ान के मूलभूत सिद्धांत, ड्रोन की बनावट एवं उसके विभिन्न पार्ट्स, ड्रोन की सरंचना, मरम्मत एवं रखरखाव का प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही साथ प्रैक्टिकल सेशन में ड्रोन उड्डयन के हैण्ड्सऑन सेशन आयोजित कराये जाएंगे ।

### डी.एम.एफ मद से 1 करोड रुपए की मंजूरी

कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रोजेक्ट पंख के लिए जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से करीब एक करोड़ रुपए की प्रशासकीय मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत कुल 485 छात्रों को प्रशिक्षित किये जाने हेतु प्रति छात्र रुपए 20 हजार 580 रुपए व्यय होगा। जिसके तहत उच्च कोटि का क्लास रूम एवं हैण्ड्सऑन प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु तकनीकी क्रियांवयन एजेंसी के रूप में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड़ नई दिल्ली की सेवाएं ली जाएंगी, जो कि प्रशिक्षण सामग्री, प्रशिक्षण संचालन, अनुभवी प्रशिक्षक, फर्नीचर, स्मार्ट क्लास का निर्माण, लैब निर्माण, ड्रोन एवं आवश्यक अन्य वस्तुओं की उपलब्ध्ता हेतु उत्तरदायी होगी।

इस दौरान सी.ई.ओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, अवधेश पंडित जनरल मैनेजर एवं सेक्रेटरी टू द बोर्ड बेसिल नई दिल्ली, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार की मिनी रत्न पीएसयू ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंस्ल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड नई दिल्ली एवं जिला ई गवर्नेंस प्रबंधक सौरभ नामदेव की उपस्थिति रही।

# मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी बने दलाल !छत्तीसगढ़ के अस्पतालों में जारी है मुआवजे का खेल

कोरबा के मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में दलालों की सक्रियता काफी बढ़ गई है. आलम ये है कि अब अस्पताल के कर्मचारी ही दलाल बनकर विशेष मामलों में लोगों को मिलने वाले मुआवजे की राशि को हड़पने का कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहते. ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां सर्पदंश के कारण जिस बच्ची की मौत हो गई थी.उसके परिजनों को आसानी से मुआवजा दिलवाने का झांसा देकर अस्पताल के कर्मचारी बरगलाने में लगा हुआ था लेकिन प्रबंधन की तत्परता से कर्मचारी अपने मंसूबो में पर पानी फिर गया.

गौरतलब है कि सर्पदंश से मौत होने के मामलों में छत्तीसगढ़ में शासन की तरफ से मृतक के परिजनों को चार लाख की सहायता राशि मिलती है. कई दफा इस राशि को पाने की प्रक्रिया को लोग नहीं समझ पाते जिसका बेजा फायदा दलाल किस्म के लोग उठाते हैं. सहायता करने के बदले उनसे मोटी रकम वसूलते है. पहले बाहर के दलाल इस कार्य में सक्रिय थे लेकिन अब अस्पताल के कर्मचारी ही दलालों की भूमिका निभाने में लगे हुए हैं.

### मृतका के पिता जो दिया झांसा देने का प्रयास

ऐसा ही कुछ मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में देखने को मिला जहां सर्पदंश सर्पदंश के कारण जिस बच्ची की मौत हो गई थी. उसके पिता को अस्पताल के कर्मी ने दस हजार रुपए थमाते हुए मुआवजा की राशि जल्द से जल्द दिलाने की बात कही. इस बात की सूचना जिला अस्पताल पुलिस चौकी के कर्मियों को लगी तो उन्होंने उसे समझाया कि मुआवजा दिलाने के बहाने उससे मोटी रकम वसूलने की तैयारी है. फिर क्या था मृतका के पिता ने रकम लौटा दी और मुआवजा मिलने की पूरी प्रक्रिया खुद से ही कर लेने की बात कही.

### अस्पताल प्रबंधन ने कर्मचारी को बाहर निकाला

इस मामले में अस्पताल प्रबंधन ने उस कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए काम से बाहर निकाल दिया है. जिसने मुआवजा दिलाने के बहाने मृतका के पिता को बरगलाने का प्रयास किया था. इस मामले में पुलिसकर्मियों की भूमिका को भी नकारा नहीं जा सकता जिनकी तत्परता के बदौलत एक व्यक्ति लुटने से बच गया.

# शिक्षक बच्चों के भविष्य को आकार देकर राष्ट्र के भावी भविष्य का निर्माण करते है- स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी

**स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह सम्पन्न**

रायसेन, 05 सितम्बर 2023 शिक्षक दिवस के अवसर पर रायसेन स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा मॉं सरस्वती देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखण्डों से आए सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षिकाओं को पुष्पहार पहनाकर, शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जन्मदिवस 05 सितम्बर को, शिक्षकों के सम्मान में प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ राधाकृष्णन शिक्षा और ज्ञान को जीवन का सबसे सशक्त आधार मानते थे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि वास्तव में समाज को गढ़ने का कार्य शिक्षक ही करते हैं। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और शिक्षक बच्चों को तराशकर, उन्हें शिक्षा प्रदान कर आगे बढ़ाते हैं, एक अच्छा नागरिक बनाते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाने लिखाने तक सीमित न होकर, उन्हें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करते हैं। शिक्षक बच्चों के भविष्य को आकार देते है और इस तरह राष्ट्र के भावी भविष्य का निर्माण करते है।



स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए सरकार निरंतर काम कर रही है। नवीन शिक्षा नीति लागू की गई है। सीएम राईज स्कूल, पीएमश्री स्कूल बनाए जा रहे हैं। बच्चों को गणवेश, छात्रवृत्ति, साईकिल सहित अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को बेहतर सुविधाएं मिलें, उनकी कठिनाईयां दूर हो जिससे कि शिक्षक और अधिक मन लगाकर बच्चों को शिक्षा दें। इस दिशा में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अनेक कदम उठाए गए हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा श्री राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल राठौरिया द्वारा भी संबोधित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों सहित जिले भर से आए शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री श्री चौहान 06 सितम्बर को करेंगे साँची सोलर सिटी का लोकार्पण

रायसेन, 05 सितम्बर 2023 मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 6 सितम्बर बुधवार को शाम 04 बजे सांची स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में देश की पहली सोलर सिटी साँची का लोकार्पण किया जाएगा। रायसेन जिले के साँची स्थित स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, सहकारिता मंत्री श्री अरविन्द भदौरिया, अध्यक्ष ऊर्जा विकास निगम श्री गिर्राज दंडोतिया, सांसद श्री रमाकांत भार्गव, विधायक श्री रामपाल सिंह, श्री सुरेन्द्र पटवा और श्री देवेन्द्र पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत सिंह मीणा विशिष्ट अतिथि होंगे।

पृथ्वी के सतह के तापमान को नियंत्रित करने के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की दिशा में यह महत्वपूर्ण प्रयास है। साँची सोलर सिटी में सालाना लगभग 13747 टन कार्बन डाई आक्साईड के उत्सर्जन में कमी आएगी, जो कि लगभग 2.3 लाख वयस्क वृक्षों के बराबर है। साथ ही शासन तथा नागरिकों के ऊर्जा संबंधी व्यय में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सालाना लगभग 7 करोड़ रुपए से ज्यादा की बचत होगी। जलवायु परिवर्तन भारत समेत पूरी दुनिया में अब बड़ा असर दिखा रहा है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों जैसे कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2070 तक नेट जीरो भारत के हर राज्य में एक सोलर सिटी विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी दिशा में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ऐतिहासिक धरोहर ह्लसाँचीह्व को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें न केवल साँची शहर की ऊर्जा जरूरतों को नवकरणीय ऊर्जा से पूर्ण करना बल्कि वहाँ के समस्त नागरिकों को ऊर्जा साक्षर बनाकर उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में व्यवहारिक परिवर्तन ला कर ऊर्जा का संरक्षण करना भी शामिल है।

साँची शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के साथ ही इको फ्रेंडली सुविधाओं के जरिए पर्यावरण प्रदूषण को कम करके दूरिज्म को आकर्षित करने की कोशिश की गई है। ह्लव्यक्तिगत सामाजिक दायित्वह्व की भागीदारी से विभिन्न स्थानों पर सोलर वाटर कियॉस्क स्थापित किया है, इससे सार्वजनिक सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। शहर में 4 नग बैटरी चलित ई-रिक्शा चलेंगे, जिनसे किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता। बैटरी रिक्शा में एक्सीडेंट होने का खतरा भी कम होता है। यह शहर के गरीबों के लिये रोजगार का अच्छा माध्यम बनेगा तथा इसकी बिजली की खपत भी कम होती है। भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए सुविधाए तेजी से बढ़ रही है और यह सस्ती भी हो रही है। शहर में 2 बैटरी चलित कचरा वाहन भी चलेंगे। ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन जिसमें 4 कमर्शियल चार्जिंग पॉइंट तथा 3 ई-रिक्शा चार्जिंग पॉइंट है, स्थापित किए गए हैं।

# जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का किया गया निराकरण

**रायसेन, 05 सितम्बर 2023**

कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निदेर्शानुसार प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर सुश्री अमृता गर्ग द्वारा नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। उन्होंने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जो आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश आवेदन प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीपीएल राशन कार्ड, आर्थिक सहायता, अतिक्रमण तथा विद्युत समस्या से संबंधित थे। जनसुनवाई में अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## विजयम कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल डेबरिया में बड़ी ही भव्यता से शिक्षक दिवस मनाया गया!

**संवाददाता विवेक कुमार समाज जागरण!**

राजधानी लखनऊ विकास खण्ड मोहनलालगंज क्षेत्र के डेबरिया गाँव में स्थित विजयम कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल में बड़ी ही भव्यता पूर्वक डॉक्टर सर्वपाली राधाकृष्णन का जन्मोत्सव शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों एवं अध्यापिकाओं द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की बड़ी ही सुंदर कलाकृति की गई उसके उपरांत पुष्पांजलि अर्पित कर पूरे स्टाफ ने उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की विद्यालय प्रबंधक श्री अंकित तिवारी जी ने कार्यक्रम को संबोधित कर सभी बच्चों एवं अध्यापकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी व अपने मुखारबिंदु से डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का वर्णन करते हुए कहा कि डॉ॰ सर्वपल्ली राधाकृष्णन; भारत के प्रथम उप-राष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति रहे। वे भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक थे। उनके इन्हीं गुणों के कारण सन् 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया था।श्री तिवारी ने यह भी बताया कि जब सन् 1962 में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन बतौर राष्ट्रपति अपनी सेवा दे रहे थे तब उनके कुछ पूर्व छात्रों नें जन्मदिन मनाने की सलाह दी इस पर डॉ राधाकृष्णन ने सुझाव दिया कि उनका जन्मदिन मनाने की बजाए इस दिन को शिक्षकों के सम्मान के लिए निर्धारित कर शिक्षक दिवस मनाया जाना चाहिए और तभी से हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा!



# विकास और गरीब कल्याण के कामों को लेकर जनआशीर्वाद यात्रा जनता के बीच पहुंचेगी - राकेश शर्मा

***19 सितम्बर को जन आशीर्वाद यात्रा सांची विधानसभा क्षेत्र में करेगी प्रवेश , स्वागत के लिए भाजपा ने बनाई रणनीति***

रायसेन । भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने देश और प्रदेश में विकास किया है, गरीब जनता और देश के उत्थान के लिए जमीनी स्तर पर काम किया है विकास और गरीब कल्याण के इन्हीं कामों को लेकर पार्टी की जनआशीर्वाद यात्रा जनता के बीच जाएंगी मप्र में 5 संभागों रीवा,उज्जैन,जबलपुर,चंबल,इंदौर से 5 जन आशीर्वाद यात्राएं 3,4,5,6 सितम्बर 2023 को शुरू हो रही है ।ग्वालियर संभाग से जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ 5 सितंबर को शुभारम्भ हुआ शिवपुर ग्वालियर संभाग से शुरू हुई जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारम्भ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी ने किया है । रायसेन जिले में आ रही जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार भारतीय जनता पार्टी जिला की दो अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई। आवश्यक बैठक में उत्तरप्रदेश के मंत्री जेपीएस राठौर (स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री सहकारिता विभाग) भाजपा संभागीय संगठन प्रभारी कांतिदेव सिंह, जिला संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल ,जन आशीर्वाद यात्रा केन्द्रीय टोली सदस्य हरनाम सिंह राजपूत जी,जनआशीर्वाद यात्रा विधानसभा संयोजक सुरेन्द्र तिवारी ,सह-संयोजक राकेश तोमर, जनआशीर्वाद यात्रा विधानसभा संयोजक प्रिस समैया,एस.मुनियन, नेपाल सिंह राजपूत, राजेन्द्र अग्रवाल सहित नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ

बैठक में मुख्यमंत्री जन आशीर्वाद यात्रा का जिले में आगमन की तैयारियों की रूपरेखा, सदस्यता अभियान की समीक्षा, आजीवन सहयोग निधि की समीक्षा, मंडल सम्मेलन एवं शक्ति केन्द्रों एवं बूथ बैठकों की समीक्षा, मतदाता सूची में नव मतदाताओं के नाम जोडने पर समीक्षा, घर-घर सम्पर्क अभियान की समीक्षा, मेरी माटी मेरा देश अभियान की तैयारियों की समीक्षा एवं अन्य विषयों पर चर्चा हुई

यही यात्रा 19 सितंबर को रायसेन जिले में सांची विधानसभा में प्रवेश करेग रायसेन जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया की उक्त यात्रा का रायसेन जिले में प्रवेश सांची विधानसभा क्षेत्र के सांची से भव्य रूप से होगा। रायसेन जिले में आने वाली उक्त जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने जनता का आशीर्वाद लेने मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान का पहुचना प्रस्तावित है।जिला कार्यालय में हुई बैठक में यात्रा की तैयारियों,भव्य अगवानी,स्वागत को लेकर जिला स्तर से मंडल ओर शक्ति केंद्रों तक बैठके,यात्रा का रूट मुख्य सभा,रथ सभा आदि की योजना बनाई गई है। जिम्मेदारियों का भी वितरण कर सभी को दायित्व सोप दिये है। सभी दायित्व वान कार्यकर्ताओ ने यात्रा को लेकर जन जागरण का कार्य भी शुरू कर दिया है` उक्त यात्रा रायसेन जिले में तीन दिन 19 ,20 एवं 21 सितम्बर को रहेगी। जन आशीर्वाद यात्रा के जिला प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी ने बताया की उक्त यात्रा का जिले में आगमन 19 सितम्बर 2023 को सुबह बजे होगा,जो सांची विधानसभा से होते हुए बेगमगंज विधानसभा में पहुंचेगी यात्रा का रात्रि विश्राम बेगमगंज में रहेगा,20 सितम्बर को प्रातः 10 बजे जन आशीर्वाद यात्रा बेगमगंज से प्रारम्भ होगी जो सुल्तानगंज से सिलवानी होते हुए उदयपुरा विधानसभा में प्रवेश करेगी जो उदयपुरा ,देवरी से बरेली पहुंचेगी जहां पर विशाल सभा का आयोजन होगा और यात्रा का रात्रि विश्राम बरेली रहेगा यात्रा 21 सितंबर को बरेली से यात्रा प्रारंभ होगी जो भोजपुर विधानसभा में प्रवेश करेगी यात्रा बॉडी पहुंचेगी जहां पर रथ सभा का आयोजन होगा इसके बाद बड़ी से होती हुई यात्रा सुल्तानपुर, गोहरगंज, अब्दुल्लागंज होते हुए मंडीदीप पहुंचेंगी जहां पर केंद्रीय स्तरीय सभा का आयोजन होगा जिसमें केंद्रीय बरिष्ट नेता शामिल होंगे जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर बताया की भारतीय जनता पार्टी मप्र द्वारा 3 सितम्बर से जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ चित्रकूट से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी ने किया है, मप्र में निकलने वाली ये सभी पांचों जन आशीर्वाद यात्रा 10,643 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इसी क्रम में यात्रा 19 सितंबर को रायसेन जिले में प्रवेश करेगी जो 3 दिन रायसेन जिले की चारों विधानसभाओं में घूमेगी इस यात्रा का जगह-जगह बहुत स्वागत किया जाएगा जिला नेतृत्व द्वारा यात्रा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है यात्रा के माध्यम से प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी आशीर्वाद लेने पहुंच रही है` जिला स्तरीय भाजपा की बैठक में जिले भर के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद रहे।




# कानपुर : इंस्पेक्टर जेपी की सक्रियता से नौबस्ता में ऑल इज वेल : हत्या में पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

**- पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की अवैध सम्बन्धों में बाधक सिक्योरिटी गार्ड की हत्या**

**- मृतक का मोबाइल और हत्या में प्रयुक्त ब्लेड भी बरामद**

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां के नौबस्ता में दो दिन से लापता सिक्योरिटी गार्ड की हत्या के मामले का खुलासा हो गया है। उसकी हत्या पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर की थी क्यों कि वह दोनों के अवैध संबंधों में बाधक बन रहा था। पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से दोनों आरोपितों को पकड़ा। पुलिस को हत्यारोपित के पास से मृतक का मोबाइल और हत्या में प्रयुक्त ब्लेड भी मिल गया है, जिसके बाद उसकी हत्या करने वाली पत्नी और प्रेमी को जेल भेज दिया गया है।

गुजरात में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने और नौबस्ता के गल्ला मंडी निवासी रविकांत उर्फ नितिन पांडेय के पत्नी प्रियंका दोनों बच्चों के साथ नौबस्ता के गंगापुर कालोनी में किराये के मकान में रहने की जानकारी देते हुए अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित लोकहित में अपनी धुन के पक्के कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर जगदीश पांडेय ने बताया कि रविकांत रक्षाबंधन से दो



दिन पहले घर आए थे। रक्षाबंधन वाले दिन बहन से राखी बंधवाने के लिए वह गंगापुर कालोनी वाले घर के लिए निकले थे।

शुक्रवार रात पत्नी द्वारा स्वजन को रविकांत के लापता होने की सूचना देने, उनकी गुमशुदगी दर्ज कराने और इसके बाद ही नौबस्ता बंबा में तीसरी पुलिया के आगे झाड़ियों के किनारे रवि का रक्तरंजित शव बरामद होने की जानकारी देते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के मानवीय दृष्टिकोण के भी प्रबल पक्षधर भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार और व्यवहार कुशल इंस्पेक्टर जगदीश पांडेय ने बताया कि रवि की पत्नी प्रियंका ने अपने प्रेमी अनस हासमी के साथ मिलकर हत्याकांड को अंजाम दिया। पहले दोनों ने रवि की गला दबाकर हत्या की और बाद में गला रेत भी दिया। पुलिस द्वारा मृतक का मोबाइल व हत्या में प्रयुक्त ब्लेड भी बरामद किये जाने की जानकारी देते हुए अपनी नौकरी के अब तक के जुझारू कार्यकाल में अनेक शातिरों सबक सिखाने में भी सफल , अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ आजतक कोई समझौता नहीं करने वाले कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने में भी अग्रणी और अपनी अबतक की जुझारू नौकरी के कार्यकाल में इसके पहले भी इस तरह की अनेक जटिलतम संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करने में सफल रहे इंस्पेक्टर जगदीश पांडेय ने बताया कि रविकांत को पत्नी के अवैध संबंधों की जानकारी हो गई थी। वह कई बार अपनी पत्नी को हिदायत दे चुका था लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही थी। जिसके बाद ही पत्नी और उसके प्रेमी ने उसकी हत्या की घटना को योजना बद्ध तरीके से अंजाम दिया, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## 06 दिन पहले लापता हुये युवक का शव वैन गंगा में मिला, पुलिस जाँच में जुटी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(06 सितम्बर )लामता क्षेत्र के टाकाबर्रा पंचायत निवासी 28 वर्षीय प्रकाश पिता माहूलाल पन्द्रे का शव वैनगंगा नदी के संगम घाट में मिला। बताया जाता है कि युवक प्रकाश पन्द्रे विगत 31 अगस्त की शाम, मुरझड़ से सिवनी जिले के उगली थाना अंतर्गत ग्राम भरवेली जाने निकला था। नदी में नाव नही होने के कारण वह वैनगंगा नदी पार करने के लिए तैरते हुए निकलना चाहता था, परन्तु प्रकाश डूब गया। जब वह भरवेली नही पहुँचा तो मृतक की पत्नी ने पड़ोसी एवं परिवार को जानकारी दी। जिसके बाद 3 सितंबर को मृतक के परिजनो द्वारा लामता पुलिस को इसकी सूचना दी थी। जिसमें लामता थाना निरीक्षक पी.एस. डामोर के मार्गदर्शन में 4 सितंबर को परिजन द्वारा बैनगंगा नदी में नावों से तलाशी करने पर लापता प्रकाश पंद्रे का शव संगम घाट के पास तैरता दिखाई दिया। जिसकी जानकारी के बाद एसडीओपी और लामता थाना प्रभारी मौका स्थल पहुंचे और शव पंचनामा कार्यवाही के उपरांत शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को पुलिस ने सौंप दिया है। परिजनो में भाई रमेश पंद्रे और लक्ष्मी उके ने किसी प्रकार से कोई संदेह जाहिर नहीं किया है। वहीं लामता थाना प्रभारी श्री डामोर ने बताया कि संभवतः नदी पार करते समय प्रकाश पानी में बह गया। जिसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। चार दिनों तक पानी में रहने के कारण उसका शव क्षत विक्षत हो गया था।



# बिजली विभाग के कर्मचारियों ने ट्रेजरी से पेंशन भुगतान और ओपीएस की मांग को लेकर दिया धरना

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(06 सितम्बर )प्रदेश के 52 हजार पेंशनर्स और लगभग 15 हजार नियमित कर्मचारियों को भय है कि निजीकरण के बाद उनकी पेंशन का क्या होगा? जिससे अधिकारी, कर्मचारियों में सरकार के प्रति आक्रोश और नाराजगी है।

यही कारण है कि 05 सितंबर को बिजली विभाग के नियमित अधिकारी और कर्मचारी पेंशनर्स ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया है। ताकि सरकार की नींद खुले, इसके बावजूद, भी सरकार की नींद नहीं खुलती है, तो पेंशन की गारंटी या ट्रेजरी से पेंशन के भुगतान और पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आगामी 10 सितंबर को भोपाल में पूरे प्रदेश के विभाग के नियमित अधिकारी और कर्मचारी, पेंशनर मुख्यमंत्री के निवास का घेराव आंदोलन करेंगे। यह बात मध्यप्रदेश बिजली विभाग पेंशनर्स एशोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष आई.डी. पटले ने धरना प्रदर्शन आंदोलन के मंच से कही।

भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार के अलावा आंध्र प्रदेश और चेन्नई सहित अन्य राज्यों में बिजली कर्मचारियों के पेंशनर्स को ट्रेजरी से पेंशन का भुगतान मिल रहा है। मध्य प्रदेश सरकार न जाने क्यों, बिजली कर्मचारियों के पेंशनरो पर ध्यान नहीं दे रही है।

यूनाइटेड फोरम फॉर पॉवर इंप्लाईज एवं इंजीनियर्स एसोसिएशन के बैनर तले बिजली विभाग के नियमित अधिकारी और कर्मचारी तथा पेंशनरों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन मुख्यालय में आयोजित किया गया था।

जिसमें नियमिति अधिकारी, कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में पेंशनर्स अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रांतीय उपाध्यक्ष पटले ने बताया कि नियमित अधिकारी, कर्मचारी और पेंशनर साथियों ने आज अपने अधिकार की आवाज बुलंद की। जिसमें पेंशन की गारंटी या ट्रेजरी से भुगतान की व्यवस्था बनाने और पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई। प्रांतीय आव्हान पर किए गए इस धरना प्रदर्शन के बाद आगामी 10 सितंबर को भोपाल के गोविंदपुरा में पूरे प्रदेश के बिजली विभाग के नियमित अधिकारी एवं कर्मचारी तथा पेंशनर साथी एकत्रित होकर मुख्यमंत्री निवास के घेराव महारैली में शामिल होंगे।



उन्होंने कहा कि एक बड़े आंदोलन के बाद भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में सरकार ने बिजली विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों और पेंशनर्रा के सहपरिवार के साथ किए गए आंदोलन के एक सप्ताह में ट्रेजरी से भुगतान की व्यवस्था बना दी। प्रदेश में मुख्यमंत्री, उर्जा मंत्री और उर्जा सचिव से नियमानुसार पेंशन की ट्रेजरी से व्यवस्था बनाए जाने की चर्चा के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जिससे सरकार के प्रति बिजली विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं पेंशनरों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग के निजीकरण के लिए तैयार किये गए ड्रॉफ्ट में पेंशन का कोई उल्लेख नहीं है। जिससे प्रदेश के 52 पेंशनर और लगभग 15 हजार नियमित अधिकारी, कर्मचारियों में आशंका का माहौल है।

## पहचान सप्ताह के अंतर्गत ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को वितरित किए गए ट्रांसजेंडर कार्ड

रायसेन। प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनीष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में 01 सितम्बर से 07 सितम्बर 2023 तक आयोजित किए जा रहे ह्यह्यपहचान सप्ताहह्यह्य के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती संगीता यादव की उपस्थिति में एडीआर भवन रायसेन में ट्रांसजेंडर समुदाय के हितार्थ समीक्षा बैठक सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर स्थल पर ही जिला प्राधिकरण रायसेन की सचिव श्रीमती संगीता यादव द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य पलक आर्या, तमन्ना गुरू, कशिश विश्वकर्मा और खुशी वर्मा के ट्रांसजेंडर कार्ड वितरित किए गए। सचिव श्रीमती संगीता यादव द्वारा बताया गया कि पहचान सप्ताह आयोजित किये जाने का मुख्य उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय की समाज में स्वीकार्यता बढ़ाना और ट्रांसजेंडर समुदाय को विधिक अधिकारों व शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है। श्रीमती संगीता यादव द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज में आत्मसम्मान से जीने हेतु ट्रांसजेंडर अधिकारों की सुरक्षा विधेयक, 2019 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी अनीस उद्दीन अब्बासी द्वारा नालसा-सालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं एवं रिट याचिका क्रमांक 10027/2021 नूरी पठान विरूद्ध म0प्र0 शासन में पारित निर्देष के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही बताया गया कि 01 सितम्बर से 07 सितंबर 2023 तक आयोजित पहचान सप्ताह के अंतर्गत शासन के संबंधित विभागों के सहयोग एवं समन्वय से ट्रांसजेंडर समुदाय हेतु पहचान पत्र जैसे- वोटर कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, ट्रांसजेंडर कार्ड आदि बनवाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। शिविर में सामाजिक न्याय विभाग के प्रशासनिक अधिकारी बृजेन्द्र शर्मा ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# सूखते फसल के लिए संजीवनी साबित हुई बारिश, किसानों के चेहरे पर आयी खुशी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(06 सितम्बर ) रविवार को कुछ स्थानों पर हुई बारिश का क्रम जारी रहा जिससे चिंतित किसानों के चेहरे पर खुशी आ गयी।मंगलवार को हुई बारिश ने मौसम को खुशनुमा कर दिया। हालांकि बीते कुछ दिनों से मौसम में अचानक बदलाव हो रहा है, जहां बीते दिनों बारिश से मौसम में ठंडकता आ गई थी। वहीं फिर बारिश नहीं होने से फिर उमस महसूस हो रही थी, लेकिन मंगलवार की दोपहर हुई बारिश ने लोगों को उमस से राहत मिली है।

बारिश कम होने से असिंचित क्षेत्र में खेतों में लगी खरीफ की फसल, पानी की कमी के कारण खेत सूखने लगे थे। लगी फसल पर पीलापन नजर आने लगा था। वहीं बीमारियों का खतरा भी पैदा हो गया था। इससे फसल के नुकसान होने का आशंका बलवती होने लगी थी। इससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट दिखाई दे रही थी, लेकिन मंगलवार को लगभग डेढ़ से दो घंटे की तेज बारिश ने किसानों के चेहरे पर भी मुस्कान लौटा दी है।

दूसरी ओर शहरी क्षेत्र में मंगलवार की बारिश ने शहर को फिर जलमग्न कर दिया। बारिश के पानी की समुचित निकासी नहीं होने से नगर के प्रमुख चौराहे हनुमान चौक के अलावा निचले क्षेत्र में जलभराव जैसे हालत देखने को मिले। मौसम जानकारों ने प्रदेश में मानसून की वापसी 3 सितंबर तक बताई थी।

इसके बाद तेज बारिश का अनुमान जताया है। मौसम जानकारों की मानें तो कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी लोकल सिस्टम की एक्टिविटी से होती रहेगी। तेज बारिश नहीं होने से सामान्य बारिश का आंकड़ा लुढ़क सकता है।

मौसम विभाग एवं ज्योतिषीय गणना के अनुसार, सितंबर माह में के पहले सप्ताह से मानसून की दमदार वापसी होगी। मध्य प्रदेश में 3 सितंबर एवं 7 सितंबर को तेज बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 10 से 14 सितंबर एवं सितंबर महीने की 18, 21, 22, 24, 25, 28, 29 तारीख को बारिश होगी।



# रायसेन को सूखाग्रस्त जिला घोषित करने युवक कांग्रेस के पदाधिकारीयो ने दिया ज्ञापन

रायसेन। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास शर्मा, एवं प्रदेश सचिव रूपेश तंतवार के नेतृत्व में रायसेन जिले को सूखा ग्रस्त घोषित करने एवं किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन राज्यपाल के नाम दिया गया।।

जिसमे जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास शर्मा,प्रदेश सचिव रूपेश तंतवार, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मजहर कबीर, दौलत सेन,संदीप मालवीय,प्रभात चावला,गुड्डा बघेल,असलम खान, राजू महेष्वरी,जावेद कदीर,ऋषभ जैन, राजू लोधी,महाराज सिंह लोधी,दुलारे भाई,खरे साहब,हसीन अली,विक्की भदौरिया,छोटू राय, रमाकांत मीणा,हुजेफा उल उज्मा,अंकित समाधिया,रमन मेहरा,राहुल रैकवार,जफर खान,जीशान खान,अभिषेक ठाकुर,शुभम ठाकुर,संजय विश्वकर्मा, राजकुमार मीणा, रोहित यादव,उवेश, ऋषि मालवीय ललित जादौन,एवं कांग्रेस जन उपस्थित थे।।



# वकीलों ने मुख्य सचिव व डीजीपी का पुतला फूंका, लगाए सरकार विरोधी नारे

## -हापुड़ जिले की घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने किया है तीन दिन का पेनडाउन

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : हापुड़ जिले में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज करने व फर्जी मुकदमा लादे जाने के विरोध में मंगलवार को बार कॉउंसिल आफ यूपी के आह्वान पर बलिया के क्रिमिनल व सिविल बार के वकीलों ने सिविल कोर्ट परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक की शव यात्रा निकाल पुतला दहन किया। इस दौरान वकीलों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

उप्र बार कॉउंसिल के तीन दिवसीय हड़ताल के आह्वान पर सिविल व क्रिमिनल बार के वकीलों ने मंगलवार को सिविल कोर्ट परिसर नारेबाजी करते हुए मुख्य सचिव व डीजीपी का पुतला दहन किया। इस मौके पर संयुक्त बार के वकीलों ने योगी सरकार के दोषी अफसरों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान वकीलों ने मांग किया कि प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाय। कहा कि योगी सरकार के अफसर वर्तमान सरकार में बेलगाम हो चुके हैं। आलम यह है कि वकीलों का उत्पीड़न पुरे प्रदेश में चल रहा है।



हापुड़ प्रकरण में योगी सरकार के अफसरों के इशारे पर फर्जी मुकदमा लादा गया है। वकीलों ने मांग किया कि हापुड़ के अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस लिया जाय। इस प्रकरण में दोषी पुलिस अफसरों व पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाय। प्रदेश भर में अधिवक्ताओं के विरुद्ध पुलिस ने मनगढ़त झूठी कहानी बनाकर जो दर्ज किये है, उसे स्पंज किया जाय। वकीलों ने कहा कि प्रदेश सरकार तत्काल एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर तुरन्त प्रदेश में लागू करे। हापुड़ जिले के घायल अधिवक्ताओं को तत्काल मुआवजा दिया जाय। इस मौके पर सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे, क्रिमिनल बार के प्रभारी अध्यक्ष/वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, महासचिव अनिल कुमार मिश्र, कुबेर नाथ पाण्डेय, सिद्धनाथ राय, अभिषेक मिश्र, प्रदीप गुप्ता, विवेकानंद पाण्डेय, रणजीत सिंह, नवीन सिंह, अनिल सिंह, रोहित चौबे, राजबहादुर सिंह, अशोक वर्मा, श्री शंकर राम फौजदार, सत्यप्रकाश यादव, उमाशंकर तिवारी, ओंकार सिंह, सूरज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# कुपोषण के विरुद्ध जारी जंग में सांसद और जिलाधिकारी का प्रतिभाग

## -बोले सांसद प्रदेश से कुपोषण मिटाने के लिए मेहनत और लगन की जरूरत

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा प्रदेश को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन "उत्तम पोषण, उत्तर प्रदेश रोशन" थीम के साथ सितंबर माह में होना है। इसके दृष्टिगत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने किया। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त में कहा कि इस जिले में मोटे अनाज की भरपूर संभावना है। इसलिए बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए मोटे अनाज अच्छे विकल्प हैं। उन्होंने कुपोषित बच्चों को मोटे अनाज से बनी खीर खिलाने का सुझाव दिया। उन्होंने मोटे अनाजों में कोदो को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि कोदो को आहार के रूप मे लेने से शुगर की बीमारी नहीं होती है। उन्होंने मोटे अनाज के अभियान को जिले में सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार को धन्यवाद दिया। सांसद ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बच्चों में कुपोषण कम करने के लिए मोटे अनाज के प्रयोग के बारे में सुझाव मांगे। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, सहित राष्ट्रीय पोषण मिशन में शामिल सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की तारीफ करते हुए कहा कि कोई भी महत्वपूर्ण कार्यक्रम हो, वे अपना महत्वपूर्ण समय जरूर देते हैं। वे जिले के किसानों कि आय बढ़ाने, किसानों की उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा मोटे अनाज की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने की सलाह देते हैं। अक्टूबर माह से जिले में मक्के और बाजरे को क्रय किया जाएगा। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि जनपद में कुछ ऐसे अच्छे कार्य हो, जैसे कुपोषित बच्चों के लिए मोटे अनाज का प्रयोग, जो प्रदेश के दूसरे जिलों के लिए नजीर बने।

### राष्ट्रीय पोषण माह की जन जागरूकता



### वैन (पोषण रथ) को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने आम लोगों के बीच कुपोषित बच्चों के प्रति जागरूकता के लिए इस वैन (पोषण रथ) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं सभी को शुभकामनाएं दी । इस वैन (पोषण रथ) के पीछे आम जनमानस में कुपोषित बच्चों के प्रति जागरूकता के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने हाथ में पोस्टर लेकर रैली निकाली।

### राष्ट्रीय पोषण अभियान की दिलाई गई शपथ

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए शपथ दिलाई एवं शपथपत्र पर हस्ताक्षर भी किए।शपथ इस प्रकार है।"आज मैं भारत के बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त, स्वस्थ और मजबूत करने का वचन देता हूं। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान मैं हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाऊंगा/ पहुंचाऊंगी। सही पोषण का अर्थ कर साफ पानी और सही प्रथाएं। मैं पोषण अभियान को एक देशव्यापी जन आंदोलन बनाऊंगा/ बनाऊंगी। हर घर, हर विद्यालय, हर गांव, हर शहर में सही पोषण की गूंज उठेगी। इस जन आंदोलन से मेरे भारतीय भाई और बहन एवं सभी बच्चे स्वस्थ होंगे और पूरी क्षमता प्राप्त करेंगे।

### गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम भी हुआ आयोजित

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वारा दो बच्चियों परी और सुरभि का अन्नप्राशन संस्कार एवं तीन गर्भवती महिलाओं, ममता गुप्ता, पूजा और ममता देवी का गोद भराई संस्कार संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त,जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी केएम पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे ।

# जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना शिक्षक दिवस

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय परिसर में हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने परिसर के शिक्षकों के साथ पूरे शिक्षक समुदाय को अपनी शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र और समाज का निमार्ता होता है। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को गढ़ने में उसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। शैक्षणिक निदेशक डॉ. पुष्पा मिश्रा ने कहा कि शिक्षक के प्रयासों से ही विद्यार्थी को सफलता प्राप्त होती है। विद्यार्थी के चरित्र के निर्माण में शिक्षक का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। अंग्रेजी विभाग मे छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन



किया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार चौबे ने कहा कि विभाग में एक स्वस्थ सांस्कृतिक परम्परा की नींव डालनी होगी जिससे कि नवागत छात्र -छात्राएँ अपने वरिष्ठों से सीख सकें तथा परम्परा का उत्तरोत्तर निर्वहन करें। आयोजन में डॉ. दिलीप कुमार मद्धेशिया, डॉ. सरिता पाण्डेय, डॉ. नीरज कुमार सिंह ने सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि अच्छे अंक ला कर सभी बच्चे विभाग एवं विश्वविद्यालय के साथ -साथ अपने परिवार का भी नाम रोशन करें। शिक्षक दिवस का आयोजन कृति, नम्रता, अंकिता, ताजीम, संजु, मुस्कान, साक्षी, सहाना, एवं आशीष द्वारा किया गया। इस अवसर पर विवि परिसर के विद्यार्थियों को तनिष्क कंपनी के द्वारा सम्मानित किया गया। तनिष्क के कर्मचारी आदित्य पाण्डेय, मो. रजा एवं नेहा द्वारा परिसर के प्राध्यापकों को पुष्पगुच्छ एवं उपहार प्रदान किये गये। कार्यक्रम में डॉ. संदीप यादव, डॉ. रजनी चौबे, डॉ. प्रमोद शंकर पाण्डेय आदि प्राध्यापक सम्मिलित रहे।

# अधिशासी अधिकारी पर लगा गम्भीर अनियमितता का आरोप

## -एक दर्जन सभासदों ने जिलाधिकारी से की जांच की मांग

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : नगर पंचायत चितबड़ागांव के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार पर नगर पंचायत के एक दर्जन सभासदों द्वारा प्रशासक के कार्यकाल में विभिन्न विकास योजनाओं में की गई भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से जांच की मांग की है।

सभासदों का नेतृत्व कर रहे सभासद शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में सभासदों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलकर पत्रक सौंपा। सभासदों का आरोप है कि अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा बिना टेंडर के कंबल की खरीद की गई, जो शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का अनुपालन न करते हुए महगें कीमत पर कंबल की खरीद की गई है। अधिशासी अधिकारी द्वारा डस्टबिन खरीद, इंडियामार्का हैंडपंप लगाने, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के सुंदरीकरण, कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल तथा स्ट्रीट लाइट का टेंडर फर्जी तरीके से किया गया और भुगतान भी कर दिया गया। जबकि नगर में कहीं भी इंडियामार्क का हैंडपंप नहीं लगा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सुंदरी




कारण कार्य हुआ ही नहीं, कब्रिस्तान की बाउंड्री सपा शासन काल में ही बनी थी कोई नई बाउंड्री नहीं बनी। तथा स्ट्रीट लाइट का भुगतान किया गया और नगर में कहीं भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई। सारे कार्य कागज पर किए गए। सभासदों का कहना है कि सरकारी धन की खुली लूट करने वाले अधिशासी अधिकारी के विरुद्ध तमाम अनियमिताओं की जांच करते हुए इनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। सभासदों का कहना है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो हम सदस्य गण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# धूमधाम से मनाई गई डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

**बलिया : मेहनत की राह पर चलना सीखते है,**

जुनून की आग में जलना सिखाते है। प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज जनपद बलिया पर अखंड भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को धूमधाम से मनाया गया।

सर्वप्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको सभी बच्चों ने नमन किया, इसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव ने विस्तार पूर्वक डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत का प्रथम नागरिक होने के बावजूद भी डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपनी जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया था। कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है एक शिक्षक देश का भाग्य विधाता होता है शिक्षक की गोद में विकास और प्रलय दोनों पलता है शिक्षक का स्थान भगवान से भी बड़ा है इसलिए मैं यह संकल्प लेता हूं की अपना जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाऊंगा तभी से उनकी जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है। एक बेहतर इंसान बनने के लिए गुरु का सानिध्य मिलना हर व्यक्ति के लिए जरूरी होता है। इसलिए आप सभी पर प्यारे बच्चों सदैव आप अपने गुरु का सम्मान करें और उनके बताए हुए रास्ते पर चले शिक्षक सदैव यह चाहता है कि उसके शिष्य उससे आगे बढ़े और अपने माता-पिता के साथ अपने गुरु के नाम को रोशन करें इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षामित्र अवधेश कुमार ने भी बच्चों को विस्तार पूर्वक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बारे में समझाया कार्यक्रम के उपरांत सभी बच्चों को पेंसिल रबर और कटर देकर के उनको सम्मानित किया गया क्योंकि शिक्षा व्यक्ति के जीवन में उसकी समृद्धि के लिए बहुत जरूरी है आप सभी मनोयोग से पढ़े और बेहतर भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण किरदार निभाए।



# सेवा सदन स्कूल कथरिया में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : सेवा सदन स्कूल कथरिया पर शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक डॉ सुधीर कुमार सिंह ने केक काटकर किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष 5 सितंबर को देश के पहले उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक व भारत रत्न से सम्मानित डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। राधाकृष्णन जन्म इसी दिन 1888 में हुआ था। 1962 में जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारत के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला तो उनके छात्र 5 सितंबर को एक विशेष दिन के रूप में मनाने की अनुमति मांगने के लिए उनके पास पहुंचे। जिस पर उन्होंने छात्रों से समाज में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को बताने के लिए 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का अनुरोध किया। डॉ. राधाकृष्णन ने एक बार कहा था कि "शिक्षकों को देश में सर्वश्रेष्ठ दिमाग वाला होना चाहिए।" इस दौरान छात्रों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत करने के साथ साथ वे अपने शिक्षकों की नकल करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम भी किये,कार्यक्रम का संचालन शिवानी पटेल ने किया तथा धन्यवाद स्कूल की प्रिंसिपल सुमन सिंह ने व्यक्त किया इस दौरान अशोक सिंह, अंशिका सिंह,अंजली कनौजिया, नेहा राजभर, दीपशिखा सिंह, गौरव सिंह, भोला यादव, अंजलि पांडेय,प्रभुनाथ राजभर आदि सभी शिक्षक और बच्चें उपस्थित रहे।

# जिले में घाघरा नदी का कटान जारी, अपना ही आशियाना उजाड़ रहे लोग

**कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : पूर्वांचल में भले ही बारिश ना के बराबर हुई।लेकिन नदियां उफान पर थीं। सरयू (घाघरा) नदी की बात करें तो अब जलस्तर घट रहा है। लेकिन कटान लगातार जारी है। क्षेत्र के हजारों एकड़ उपजाऊ जमीन नदी में कटकर विलीन हो रही है। वहीं लोग नदी को खतरा से अपने आशियाना भी लोग उजाड़ने लगे हैं। नदी ने टिकुलिया,भोजपुरवा में तांडव मचाये हुए है।लोग नदी के कटान से कराह रहे हैं।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने किया कटान स्थल का दौरा, कटान स्थल से ही जिलाधिकारी से की वार्ता ऐसे में सूचना मिलते ही सपा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी सुल्तानपुर, इलाका में पहुंचकर लोगों से हाल चाल लिया कहा कि सरकार केवल जुबानी व्यवस्था दे रही है। जब कि धरातल पर शून्य है। यहां कि जनता कराह रही है। गर्मी में बिजली का संकट लगातार बना हुआ है। सरयू नदी के किनारे बसे लोग आखिर कहां जायेंगे। नदी उस पार बिहार में शरण कौन देगा। राम गोविंद चौधरी ने कहा कि आम जन के दर्द को कोई समझने वाला नहीं है। सरयू नदी के जलस्तर में कमी आने से लगातार किसानों के खेत कट कर नदी में विलीन हो रहे हैं। किसी का ध्यान नही है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि रेगहा,रामपुर नम्बरी आदि गांवों के लोगों का व्यथा सुनकर रौंगटे खड़े हो जा रहे हैं।उन्होंने वही से जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार से वार्ता कर पोडितो की हर सम्भव मदद की बात कही।और कटान को रोकने के लिये हर सम्भव मदद पीड़ितों की हो उनसे कहि।

सरयू (घाघरा) के कटान से पीड़ित अपना खुद ही आशियाना उजाड़ रहे हैं लोगों के सामने भूख और रहने का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित में खेदन राजभर, रमाशंकर राजभर ,आशीष राजभर ,अर्जुन यादव, सत्यदेव



यादव, कमलेश साहनी ,ननकी देवी आदि अपने घरों को उजाड़ कर उसमें रखा सारा सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंच रहे हैं उनके रहने का कोई भी ठिकाना नहीं है।

सरयू (घाघरा) नदी के कटान से कई गांवों के जोड़ने वाले संपर्क मार्ग सुल्तानपुर से टिकुलिया होते जयनगर को जोड़ने वाली पिच सड़क लगभग दो किमी नदी में कटकर समाहित हो चुकी हैं।जिससे लोगो को आने जाने में काफी असुविधा हो रही हैं।

सरयू नदी के कटान को रोकने के लिये शासन के तरफ से सिंचाई विभाग के जेई एयर एसडीओ अपने लाव लश्कर के साथ कटान स्थल पर जमे हुए है।बोरियों में मिट्टी बालू भरकर कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा हैं।आज बॉस भी मंगवाकर नदी के किनारे लगाकर कटान रोकने की हर सम्भव कोशिश भी नाकाफी है।क्योंकि नदी का कटान बहुत तेज है।

# मदर टेरेसा कांवेंट स्कूल में शिक्षक दिवस

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया) : मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल पचरुखिया में मंगलवार को को शिक्षक दिवस एवं मदर टेरेसा की पुण्यतिथि मनाई गई। इस पर कालेज की प्रधानाचार्य सैकत घोष ने बच्चों के शिक्षा के विषय में बताते हुए कहा कि बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ उन्हें भावी जीवन के लिए तैयार करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को मदर टेरेसा के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जो लोग गरीबों के प्रति सेवाभाव रखते हैं और उनसे प्रेम करते हैं उनसे ईश्वर प्रसन्न रहता है। उन्होंने कहा कि जैसा आप दूसरों के साथ करोगे वैसा आप के साथ भी होगा। स्कूल की वरिष्ठ शिक्षक रमेश सिंह ने मदर टेरेसा पर एक नाटक मंचन किया जिससे यह संदेश जाता है कि गरीबों को हमारी दया और साहनुभूति नहीं चाहिए। उन्हें हमारा प्यार और अपनापन चाहिए। इसमें भाग लेने वाले बच्चों उपस्थित थे।उसके बाद शिक्षक दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य, उप प्राचार्य तथा शिक्षकों द्वारा ज्ञान की देवी माता सरस्वती एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर तथा माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं



द्वारा मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, नृत्य-संगीत एवं नाटक के माध्यम से की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अभिजीत किशोर ने भारतीय समाज में शिक्षकों के परंपरागत महत्व को इंगित करते हुए बताया कि शिक्षक समाज के वे दीपक है जो सदैव ही पूरे समाज को छात्र-छात्राओं के माध्यम से प्रकाशित करते रहते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अरविंद वर्मा, अविनाश शर्मा ,आकाश सिंह ,ओंकार नाथ मिश्रा, प्रदीप सिंह ,सूरज यादव , दी कुमार ,दी प्रजापति, सृष्टि ओझा,कोमल सिंह ,राजेश राणा, तनु दुबे, एकता मिश्रा ,विक्रम कुमार, लीला घोष , रुपशी सिंह,सरिता सिंह, पूनम सिंह, मुन्नी सिंह ,अर्चना ओझा, टीपी सिंह, उदय यादव ,सुरेश शर्मा, एसएन पांडे ,अजय ओझा ,सुभाष चंद्र पांडे ,सरवन, गीता देवी , रुचि पांडे तथा विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक और शिक्षकाए उपस्थित रहे।

# सूखे पेडों से हादसे की आशंका

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : स्थानीय थाना चौराहा पर सड़क किनारे यूकेलिप्टस के



महीनों से सूखे पेड़ बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहें हैं।

इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में दोपहिया, चारपहिया वाहनों का आवागमन लगा रहता है। वहीं पैदल भी इस मार्ग से राहगीर जाते हैं। यही नहीं सड़क के एक तरह से बिजली का ग्यारह हजार वोल्ट का तार भी गुजर रहा है। सूखे पेड़ या उसकी डालियां कभी भी गिर सकते हैं।जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।स्थानीय लोगों ने उक्त सूखे पेडों को कटवाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# शिक्षक दिवस पर छात्र छात्राओं ने गुरुजनो का पैर छूकर लिया आशीर्वाद, शिक्षको को किया गया सम्मानित

## *शिक्षिका को राजयपाल के द्वारा किया गया सम्मानित*

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(06 सितम्बर )कुछ शासकीय स्कूलों को छोड़ दें तो बाकी के स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता सुधरती जा रही हैं जिसका सबूत हैं शासकीय शिक्षिका को शिक्षक दिवस पर राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया गया।शासकीय प्राथमिक स्कूल को निजी स्कूल की तरह बनाने और शासकीय स्कूलों के बच्चों में निजी स्कूल के बच्चों की तरह आत्मविश्वास पैदा करने वाली प्राथमिक शाला की शिक्षिका तिलोत्तमा कटरे को शिक्षक दिवस पर प्रशासन अकादमी में आयोजित सम्मान समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया। यह जिले की पहली महिला शिक्षिका है, जिन्हें यह सम्मान मिला।

गौरतलब हो कि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर स्कूल शिक्षा विभाग और लोक शिक्षण संचालनालय ने राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2023 का सम्मान समारोह भोपाल के प्रशासन अकादमी में आयोजित किया था। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई




पटेल और कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार ने की थी। इस बार प्रदेश के 14 शिक्षकों को राज्यस्तरीय से सम्मानित किया।

दरअसल, तिलोत्तमा कटरे ने अपने संघर्ष और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर शासकीय स्कूल को निजी स्कूल के समकक्ष खड़े करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसका ही परिणाम है कि आज वह राज्यस्तरीय पुरस्कार से सम्मानित की गई।

**सरकारी स्कूल को बनाया निजी जैसा**

शिक्षिका तिलोत्तमा कटरे ने लगातार कई सालों से सरकारी स्कूल को किसी निजी स्कूल जैसा स्वरूप देकर सरकारी स्कूल के बच्चों को निजी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों जैसा आत्मविश्वासी बनाने का काम कर रही है। इस काम ने तिलोत्तमा को न सिर्फ सफलता दिलाई, बल्कि उन्होंने अन्य शिक्षक-शिक्षिकों के सामने एक मिसाल भी पेश की है। आज उनका सरकारी स्कूल, किसी निजी स्कूल को टक्कर देता है। पालक आसपास के निजी स्कूल के बजाय उनके स्कूल में पढ़ाना पसंद करते हैं।

**कक्षाओं की हालत थी खराब**

किरनापुर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला बगड़मारा की शिक्षिका तिलोत्तमा कटरे ने बताया कि जब वे यहां पदस्थ हुई थी, तब कक्षाओं की हालत खराब थी। फर्श उखड़ी, दीवारें टूटी-फूटी, खिड़कियां-दरवाजे जर्जर थे। बच्चों की पढ़ाई, उनके बोलने, बैठने-उठने के तरीके भी अलग थे। मैंने ठान लिया था कि न सिर्फ स्कूल की हालत सुधारूंगी, बल्कि बच्चों को बेहतर माहौल देकर उन्हें अच्छी हिंदी, अंग्रेजी बोलना भी सिखाऊंगी।

शुरूआत कक्षाओं के रंग-रोगन से की। अपने पैसों से खिड़कियां, दरवाजे ठीक कराए। फिर और राशि डालकर कुर्सी-टेबल खरीदें। अब तक करीब ढाई लाख रुपए कक्षाओं को सुंदर बनाने में खर्च किए। बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए दीवारों को रंग-बिरंगी कराया, छाते रखवाए, परिसर की सफाई कराई। जो बच्चे कभी स्कूल आने से कतराते थे, आज वह खुशी-खुशी स्कूल आ रहे हैं। उनके हिंदी-अंग्रेजी के उच्चारण को सुधारने के लिए भी काम किया।

# जिला पंचायत से मिला नोटिस दुकानदारों में हड़कंप

**शकील खान/(समाज जागरण)**

सुरेमनपुर (बलिया) : ।जिला पंचायत द्वारा दुकानदारों पर नोटिस जारी करने से भड़के दुकानदारों ने जिला पंचायत को कहा कि अपनी नोटिस वापस ले अन्यथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने से लेकर धरना प्रदर्शन तक करने पर हम व्यापारी, दुकानदार गण मजबूर होंगे।

बताते चले कि बैरिया तहसील अंतर्गत कोटावा ग्राम पंचायत के दुकानदारों पर जिला पंचायत द्वारा नोटिस भेजे जाने से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सभी दुकानदार कोटवां मोड पर अपने-अपने नोटिस लेकर प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है की जिला पंचायत द्वारा 13 अगस्त को जनगणना के नाम पर सर्वे किया गया।उसके बाद सभी दुकानदारों को 3 साल का टैक्स कर वसूली का नोटिस भेज दिया गया। कुछ दुकानदार ने बताया कि अभी हम लोग लगभग 6 महीने पहले ही दुकान खोले हैं जबकि जिला पंचायत द्वारा 3 साल पहले का नोटिस कर सहित भेजा गया है। यहां तक की यह नोटिस दुकानदारों को 30 तारीख को प्राप्त हुई। साथ ही 30 अगस्त तक जमा करने का अंतिम तारीख भी नोटिस पर अंकित है। पैसा नहीं जमा करने पर जुमार्ना के साथ उचित कार्रवाई करने का भी जिला पंचायत द्वारा धमकी दी गयी है। इस तरह के तुगलकी फरमान पर भड़के दुकानदारों ने जिला पंचायत को कहा कि अपनी नोटिस वापस ले अन्यथा मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर धरना प्रदर्शन तक हम लोग करने पर मजबूर होंगे, क्योंकि जो दो-चार महीने पहले दुकान खुले हैं उनका भी तीन साल का नोटिस आया है। इनमें दुकानदार हरेंद्र सिंह धर्मेंद्र, भुलन चौरसिया, शिवाजी सिंह, अशोक गिरी, जाहिद अंसारी, शिवजी गुप्ता , जोगिंदर ठाकुर ,सहित लगभग 15 दुकानदारों

वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव

# भाजपा हाईकमान ने अबकी बार रेवाड़ी में कांग्रेस को हराने के लिए हरियाणा के किसी नये दिग्गज राजनेता को तलाशने का शुरू किया अभियान

## रेवाड़ी लोकसभा किला जीतने के लिए भाजपा ने ऐडी -चोटी का जोर लगाने का बांधा है मन्सूबा

विनोद कश्यप
( दैनिक समाज जागरण,
हरियाणा स्टेट प्रभारी )

चण्डीगढ़, 5 सितम्बर ।- भाजपा हाई कमान ने रेवाड़ी में कांग्रेस को हराने की पक्की ठान ली है । पार्टी ने अबकी बार ऐसे किसी चेहरे का गहन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है , जो हर लिहाज से फिट हो और पूरे चुनाव क्षेत्र में मतदाताओं के बीच उसकी राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में मजबूत पकड़ हो।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि भाजपा रेवाड़ी को अपने बड़े पक्षधर शहरी मतदाताओं के साथ ही गांवों में भी अपना हिस्से के वोट लेकर जीत लेना चाहती है । आगामी 2024 के चुनाव में ऐसे उम्मीदवार को टिकट दिया जाएगा जो पार्टी के हर कार्यकर्ता तथा लोगों के बीच फिट बैठे । बिना किसी गुट और दाग के जिताऊ उम्मीदवार का चयन कर पाना भाजपा के लिए इतना आसान नहीं है , यही जानकर पार्टी के बड़े नेताओं के निर्देश पर कुछ स्थानीय विश्वासपात्र पार्टी पदाधिकारियों ने तरह-तरह से संभावनाओं का पता लगाना शुरू कर दिया है । भाजपा के यह स्थानीय पदाधिकारी आजकल लोगों से सामान्य बातचीत के दौरान बड़ी सावधानी से यह सवाल भी पूछ लेते हैं कि रेवाड़ी में कांग्रेस के उम्मीदवार को कौन हरा सकता है।

### जन संवाद कार्यक्रम का लक्ष्य लोगों के मन की बात

यूँ तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बीते दो महीने पहले अपने 'जनसंवाद कार्यक्रम' के दौरान में मतदाताओं के मन की बात जानने के लिए किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से मन चाही जगह पर भेंट करते हुए उनके कल्याण के कई दावे ठोके। बैठकों में आए मतदाताओं को भाजपा की ओर आकर्षित करने का जोरदार कार्यक्रम चलाया। तब मुख्यमंत्री ने चौपालों, पान्नों और अगड़-बगड़ में अलग- अलग समुदायों और जातियों के लोगों के मन की टोह लेने की भरपूर कोशिश भी की, पर उस तह तक नहीं पहुंच पाए, जहाँ से उस पड़ाव तक पहुँच जाते, जो आज भी वहीं ज्यों का त्यों पड़ा है। निःसंदेह मुख्यमंत्री के 'जन संवाद ' कार्यक्रम का मुख्य ध्येय यही था और अब भी है।

भाजपा के इस खोजी अभियान से पता लगता है कि अबकी बार नए चेहरे को टिकट देने की भरपूर संभावना है । रेवाड़ी शहर दक्षिणी हरियाणा की लंदन के तौर पर मशहूर है और राजनीति का प्रमुख केंद्र माना जाता है। इस शहर पर राजनीतिक झंडा फहराने की अपनी ख्वाहिश पूरी करने के लिए भाजपा ने अब दिन रात एक कर दिया है । भाजपा हाई कमान ने अपनी पार्टी तथा सहयोगी संगठनों को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए हैं कि वे 24 घंटे सक्रिय रहकर कम करें तथा लोगों को अपनी और आकर्षित करने का हर संभव प्रयास अमल लाएं । इसी कड़ी में नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर से शुरू हुआ चर्चित मुद्दा हरियाणा में बेशक अन्य कहीं भी इतना राजनीतिक रंग नहीं लाया हो , मगर रेवाड़ी शहर में भाजपा के सहयोगी संगठनों ने खूब रंग दिखाया।

### धाकड़ सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक खिलाड़ी की चाहत

राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले लोगों का कहना है कि भाजपा को कांग्रेस का उम्मीदवार हराने में बहुत अधिक पसीने बहाने पड़ेंगे । साथ ही इस बात का बेहद बारीकी से ध्यान रखना होगा कि भाजपा का उम्मीदवार कांग्रेसी उम्मीदवार से अधिक क्षमतावान , वाकपटु , शालीन ढंग से भरपूर हमलावर और पब्लिक की पसंद का जरूर होना चाहिए । राजनीति के जानकार यह भी कहते हैं कि भाजपा का भावी उम्मीदवार ऐसा होना चाहिए जो यहाँ की राजनीति के बणिया- पंजाबी समीकरण को सफलतापूर्वक साध सके , ग्रामीण और शहरी मतदाताओं को बराबर आकर्षित कर सके , 'कप्तान साहब' के मनी मैनेजमेंट को फेल करने के साथ ही आम मतदाताओं , खासकर गरीब हुए युवा मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करते हुए शहर -गांवों के विकास का नया मॉडल लोगों के सामने पेश कर सके

# मनोहर सरकार अपने फेलियर छिपाने के लिए लगा रही कांग्रेसियों पर आरोप-आफताब अहमद

## मामले की जाँच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से कराने की रखी माँग

दैनिक समाज जागरण,
फरीदाबाद, 5 सितम्बरः( सुरेंद्र शर्मा ) । नूंह से कांग्रेस विधायक एवं विधानसभा में विपक्ष के उपनेता आफताब अहमद ने कहा नूंह हिंसा में सरकार पूरी तरह से फेल रही है। सरकार अपने इस फेलियर को छुपाने के लिए इसका आरोप कांग्रेसियों पर लगा रही है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा भाजपा यह बताए कि हिंसा से पहले जब सोशल मीडिया पर दोनों तरफ से चैलेंज हो रहा था और सीआईडी का इनपुट था, तो उसके बावजूद इसे रोका क्यों नहीं गया। डीसी व एसपी छुट्टी पर क्यों भेजे गए? कांग्रेस चाहती है इस मामले की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से कराई जाए, ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो जाए ।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही आईजी के नेतृत्व में आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी गठित की जाए। उन्होंने कहा भले ही इसमें कोई दोषी हो, उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। मेवात अमन पसंद इलाका है लेकिन भाजपा यहां से 2024 की राजनीतिक जमीन तैयार करना चाहती थी। मगर, लोग उसे पहचान गए। आफताब अहमद ने कहा हम उन खाप पंचायतों व लोगों का शुक्रिया अदा करते हैं, जिन्होंने अमन को पसंद करते हुए हिंसा करने वाले लोगों का साथ नहीं दिया।

# हरियाणा में नंदलाल मन्जोका रिटायर्ड आईएएस के साथ कई सरपंचों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा में आस्था जता ज्वाइन की कांग्रेस पार्टी

दैनिक समाज जागरण,
चंडीगढ़, 5 सितम्बरः( निशा शर्मा )
हरियाणा कांग्रेस में आज एक बार फिर महत्वपूर्ण ज्वाइनिंग हुई हैं पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रिटायर्ड आईएएस नंदलाल मन्जोका को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस मौके पर राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी विशेष तौर पर मौजूद थे। उन्होंने मन्जोका समेत पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं का स्वागत किया।

इस अवसर जिला फतेहाबाद की सरपंच एसोसिएशन के प्रधान गुरप्रीत सिंह समेत सरपंच एसोसिएशन जिला फतेहाबाद से दर्जनों सरपंचों, पूर्व सरपंचों और पंचों ने अपने समर्थकों के साथ भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त की और कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है।

भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के पास आकर कांग्रेस ज्वाइन करने वालों में जय भगवान (सरपंच, नकरा), खुशवंत सिंह (सरपंच, चन्कोठी), अमृतपाल सिंह (सरपंच, मानकपुर), रंजीत सिंह (सरपंच, मलवाला), राजेन्द्र ओढ़ (सरपंच, मलहड़), अनिल बिश्नोई (सरपंच, दादुपुर), सरपंच अवतार सिंह, हरमेल सिंह (सरपंच प्रितिनिधि, अल्हावास), लखविंदर सिंह (सरपंच, भिरड़ाना), सीताराम पंडित (पंच, भिरड़ाना), राम मूर्ति (पूर्व सरपंच, खुम्बर), महादेव पंच व मनरेगा मैट (खुम्बर) और सतगुरु सिंह (युथ क्लब प्रधान, चन्कोठी) समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

# झज्जर पुलिस ने 1 लाख 20 हजार के इनामी बदमाश को किया काबू

दैनिक समाज जागरण,

रोहतक, 5 सितम्बरः( कैलाश वर्मा )। झज्जर पुलिस ने 1 लाख 20 हजार रुपए के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर उर्फ यमराज विदेश में बैठकर गैंग ऑपरेट कर रहे हिमांशु भाऊ गैंग का शार्प शूटर है ।पुलिस ने सागर उर्फ यमराज मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल भी बरामद किया गया है। बदमाश सागर पर राजधानी दिल्ली और हरियाणा में करीब 10 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

बताया गया है कि सागर पर दिल्ली पुलिस ने 1 लाख रुपए, एसटीएफ हरियाणा ने 15 हजार और झज्जर पुलिस ने रखा है 5 हजार रुपये इनाम रखा है। उन्होंने कहा कि सागर पर हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी मांगने और आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। इस आरोपी ने पिछले दिनों बेरी में ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर एक व्यक्ति की हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापा मारा था। पुलिस जब ठिकाने पर पहुँची तो पुलिस को देखते ही आरोपी ने फायरिंग भी शुरू कर दी थी, लेकिन चल रही इस मुठभेड़ में कुख्यात बदमाश को भी पैर में गोली लगने से वो कहीं भाग नहीं सका। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर रिमांड की माँग की जिसे कोर्ट ने अनुमति प्रदान की औ उसे पर भेजा ।एसपी अर्पित जैन ने कहा कि सोशल मीडिया पर अनेक गैंगस्टर है जो युवाओं को अपने जाल में फॉस कर अपने मतलब साधते है,ऐसे युवाओं से अपील है कि वो सोशल मीडिया पर किसी गैंगस्टर से संबंध ना बनाएं। उन्होंने कहा कि कम उम्र के युवाओं को यह गैंगस्टर तरह तरह के प्रलोभन देते हैं ।जिसके चलते युवा अपराध की दुनिया में कदम रखने को मजबूर हो जाते हैं ।

# बिजली के अघोषित कणों से परेशान लोगों ने सब डिविजन कार्यालय का किया घेराव

समाज जागरण स्टेट कार्यालय

सिरसा, 5 सितम्बर। बिजली के अघोषित कटों से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को पंजुआना सब डिवीजन कार्यालय का घेराव किया। बीकेई अध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि पंजुआना सबडिवीजन पर आते सभी गांवों में बिजली सप्लाई का बुरा हाल है। ट्यूबवैलों पर बिजली की सप्लाई न के बराबर है, जिससे धान, नरमा, ग्वार सहित सभी फसलों में सूखे की स्थिति पैदा हो गई है। एक तरफ क्षेत्र में पिछले लंबे समय से बरसात नहीं हुई है, वहीं गांवों व खेतों की बिजली के लंबे कट्टों के चलते किसान आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

औलख ने कहा कि बिजली विभाग ग्रामीणों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है, जब कभी भी कोई ग्रिड फेल होता है या कोई अन्य दिक्कत आती है सबसे पहले बिजली की कटौती किसान मजदूर को झेलनी पड़ती है। आज भी इंडस्ट्री को 100 प्रतिशत बिजली दी जा रही है, लेकिन किसानों को अपनी फसल पालने के लिए बिजली नहीं दी जा रही है।

औलख ने कहा कि गांवों और ढाणियों में रात को बिजली न होने की वजह से चोरियां और आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। नशे और चोरी पर अंकुश लगाने में पहले ही पुलिस प्रशासन नाकाम है रात को बिजली न होने की वजह से उनके हौंसले और भी बुलंद हो गए हैं। बीकेई मीडिया प्रभारी गुरलाल भंगू ने बताया कि प्रधान लखविंद्र सिंह औलख ने बिजली आपूर्ति पर बिजली अधिकारियों के साथ आगामी बातचीत करने के लिए हर गांव से दो-दो साथियों की कमेटी बनाकर बिजली निगम आधिकारी के एसडीओ शंकरलाल से लिखित में आश्वासन लिया। आज शाम साढे.4 बजे से बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से चलेगी अगर फिर भी कोई दिक्कत आती है तो ग्रामीण बिजली घर में पक्का मोर्चा लगाने के लिए मजबूर होंगे। एक्सईएन एम एल सुखीजा ने धरनारत किसानों को आश्वस्त किया कि आगामी समय में गांवों की बिजली की आपूर्ति 24 घंटे होगी। ट्यूबवैलों की बिजली शैड्यूल के हिसाब से पूरी होगी। इसके साथ-साथ जिन गांवों में बिजली की कटौती हुई थी, उसकी आपूर्ति भी अलग से पूरी की जाएगी। इस मौके पर बापू हरचरण सिंह पंजुआना, काका कंवर, प्रकाश सिंह साहुवाला, बाबा जीत सिंह रूघुआना, रोमी मुंजाल, कुलतार कंवर, राजू रघुआना, सुखा साहुवाला, राजा राम सरपंच कर्मगढ़, बलजिंदर भंगू, दारा सिंह बुर्ज भंगू, मोहित कर्मगढ़, दीपू गिल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के मीडिया सलाहकार ने पद से दिया त्यागपत्र

चण्डीगढ़, 5 सितम्बरः( निशा शर्मा ) । हरियाणा के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खास लोगों में शामिल होने के कारण अमित आर्य को साल 2014 में मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री बनने के साथ ही अमित आर्य को अपने पास मीडिया एडवाइजर पद पर नियुक्ति प्रदान की थी। हरियाणा में अब तक जितने भी मुख्यमंत्री रहे किसी ने इतना समय मीडिया एडवाइजर पद पर नहीं निभाया। इसका मुख्य कारण यह भी माना जा रहा है कि मनोहर लाल खट्टर वर्ष 2014 से लगातार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हैं। अमित आर्य ने लगातार करीब 9 साल तक किसी मुख्यमंत्री का मीडिया एडवाइजर रहने का रिकॉर्ड बना दिया है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमित आर्य ने 30 अगस्त को ही मुख्यमंत्री को अपना त्यागपत्र सौंप दिया था । लेकिन अभी तक सरकारी स्तर पर आर्य के त्यागपत्र के स्वीकार होने की पुष्टि नहीं हुई है। अपनी सफलतापूर्वक तकरीबन 9 साल जिम्मेदारी का निर्वहन सफलतापूर्वक करीब 9 वर्ष पूरे करने वाले अमित आर्य ने फिलहाल मीडिया में इस बात पर कोई टिप्पणी करने से इंकार किया है।



मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य

# हरियाणा राज्य पिछड़ा आयोग ले रहा है सुझाव

## हरियाणा सरकार समाज के ट्रांसजेंडर वर्ग को भी सरकारी नौकरियों व शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण देने की करने जा रही शुरुआत - मनोहर लाल खट्टर

विनोद कश्यप
हरियाणा स्टेट समाज जागरण प्रभारी

चण्डीगढ़, 5 सितम्बर। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल` की पहल पर सरकार ने समाज के ट्रांसजेंडर वर्ग के लोगों को भी सरकारी नौकरियों व शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण देने की शुरूआत करने जा रही है।

इस कड़ी में पिछड़ा आयोग इस श्रेणी के लोगों से सीधा संवाद कर सुझाव ले रहा है। शीघ्र ही आयोग अपनी सिफारिशें सरकार को सौंप देगा।

हरियाणा राज्य पिछड़ा आयोग के चेयरमैन जस्टिस दर्शन सिंह ने आयोग के सदस्य डॉ. एस के गक्खड़ व श्री श्यामलाल जांगड़ा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारियों व ट्रांसजेंडर वर्ग के लोगों के साथ बातचीत कर सुझाव मांगे। भिवानी की ट्रांसजेंडर तेजस्या महंत का सुझाव था कि जिस तरह हर नर-नारी के लिए सरकारी सुविधाएं मिलती हैं उसी प्रकार ट्रांसजेंडर वर्ग को भी सरकारी सुविधाएं मिलनी चाहिए। समाज को भी हमारे प्रति मानसिकता बदलनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि महंत व फकीर की कोई जाति नहीं होती। सरकार की ट्रांसजेंडर वर्ग को भी आरक्षण देने की शुरूआत करने के लिए सुझाव माँगना एक अच्छी पहल है। फरीदाबाद के सार्थक शर्मा, चरखी दादरी के लक्ष्य, गुरुग्राम के गुर अनजान सिंह का कहना था कि लोगों की ट्रांसजेंडर के प्रति मानसिकता में बदलाव लाने के लिए प्रारंभ से ही स्कूली पाठ्यक्रम ट्रांसजेंडर के बारे में जानकारी होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडरों के प्रमाण पत्रों में नाम सुधार के लिए विश्वविद्यालयों में कई -कई वर्ष लग जाते हैं। जिला कार्यालय में सेक्शन - 6 का प्रमाण पत्र मिल जाता है परंतु सेक्शन-7 का प्रमाण पत्र विलंबता से मिलता है। इसके अलावा सरकारी नौकरी के लिए जब आवेदन किया जाता है, तो उनका आवेदन रद्द हो जाता है इसलिए आवेदन फार्म में महिला/पुरुष लिंग श्रेणी के साथ - साथ ट्रांसजेंडरों की श्रेणी का ऑप्शन होना चाहिए।

# शिक्षक एक ऐसा दीपक है जो अपने प्रकाश से पूरे समाज में शिक्षा की फैलाता है रोशनी-- सुरेश रानी व रेखा

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाला इंस्ट्रक्टर सुरेश रानी व रेखा ने शिक्षक दिवस पर बोलते हुए कहा कि शिक्षक एक ऐसा दीपक है जो कि अपने प्रकाश से पूरे समाज में शिक्षा की रोशनी फैलाता है उसके दिखाए हुए मार्ग पर ही चलकर विद्यार्थी समाज और देश को एक नई दशा और दिशा देता है उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है जो कि देश के दूसरे राष्ट्रपति श्री सर्वपल्ली राधा कृष्णन का जन्मदिन है इंस्ट्रक्टर सुरेश रानी व रेखा ने कहा कि शिक्षकों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी बनती है कि वे बच्चों में शिक्षा की नींव को बहुत ही मजबूती के साथ रखें उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर की उत्सुकता को हमें कभी खत्म नहीं करनी चाहिए शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति लगन को बनाए रखना चाहिऐ प्राइमरी के शिक्षकों को बच्चों को सही और गलत की पहचान जरूर करानी चाहिऐ उन्हें बच्चों की समस्या को अलग से हल करने की कोशिश करनी चाहिऐ हमें बच्चों को उनकी क्षमता के हिसाब से आगे बढ़ाना चाहिऐ बच्चों के अंदर की झिझक को अगर कोई दूर कर सकता है तो वो सिर्फ शिक्षक ही है उन्होंने कहा कि शिक्षक को सदैव ही ज्ञान की रोशनी फैलानी चाहिऐ हमें शिक्षा को नौकरी समझकर नहीं बल्कि सेवा के रूप में लेना चाहिऐ



# इस शिक्षक ने बदली सैकड़ों बाल मजदूरों की किस्मत, मजदूरी से किया दूर, शिक्षा से जोड़ा और संवारा भविष्य

उदयपुर. गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर माना गया है. वह बच्चों के जीवन को प्रकाशमय कर देते है. कुछ ऐसी ही रोशनी उदयपुर के एक शिक्षक बच्चों की जिंदगी में ला रहे है. उदयपुर के फलासिया ब्लॉक के पारगियापाड़ा के राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल के शिक्षक दुगारॉम जाट ने सैकड़ो बच्चों को बाल मजदूरी से छुड़ा शिक्षा से जोड़ा है. इसके लिए वे राष्ट्रपति से भी सम्मानित हो चुके हैं.

# जूनियर महिला कोच के साथ छेड़छाड़ और उत्पीड़न मामले में कोर्ट से मिली चार्जशीट

## गिरफ्तारी की आशंका के दृष्टिगत हरियाणा के पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह ने कोर्ट में दाखिल की जमानत के लिए याचिका



चण्डीगढ़, 5 सितम्बरः। हरियाणा की एक जूनियर महिला कोच के साथ छेड़छाड़ और उत्पीड़न मामले में आरोपी हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह ने अब चंडीगढ़ कोर्ट के समक्ष अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। मसलन, मंत्री संदीप सिंह को मामले में गिरफ्तारी की आशंका लग रही है।

यहाँ यह उल्लेख करना भी जरूरी है कि, चंडीगढ़ पुलिस ने पिछले साल दिसम्बर में जूनियर महिला कोच की शिकायत पर संदीप सिंह के खिलाफ आईपीसी की 354, 354ए, 354बी, 342 और 506 जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था और जांच शुरू कर दी थी। चंडीगढ़ पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम इस पूरे मामले को देख रही है क्योंकि यह मामला काफी हाईप्रोफाइल है। पुलिस टीम मामले को लेकर मंत्री संदीप सिंह से पहले घंटों पूछताछ भी कर चुकी है। इसके साथ ही कोर्ट में संदीप सिंह के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। वहीं कोर्ट से संदीप सिंह को मामले में नोटिस भी जारी किया जा चुका है।

### 354 और 354बी में हो सकती है गिरफ्तारी

बताया जा रहा है कि, मंत्री संदीप सिंह की गिरफ्तारी धारा- 354 और 354बी के तहत की जा सकती है। धारा- 354 गैर जमानती धारा है और इसमें एक से पांच साल तक की सजा का प्रावधान है। यह धारा तब लगती है जब कोई किसी महिला की इज्जत भंग करने के इरादे से उसके साथ जबरदस्ती करता है। जबकि धारा 354बी तब लगाई जाती है जब कोई किसी महिला को निर्वस्त्र करने या उसे नग्न होने के लिए मजबूर करने का इरादा रखता है। यह भी गैर जमानती धारा है और इसके तहत सात साल तक की सजा का प्रावधान है।

### संदीप सिंह के मामले में धारा- 509 भी जोड़ी गई

बताया जाता है कि, चंडीगढ़ पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम ने जांच के दौरान जहां धारा 354, 354ए, 354बी, 342 और 506 के तहत संदीप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया था तो वहीं जांच के बाद पुलिस ने धारा- 509 और जोड़ दी है। यानि चंडीगढ़ पुलिस ने संदीप सिंह को 509 के तहत भी आरोपी बनाया है। इस धारा में इलेक्ट्रानिक साधनों द्वारा किसी महिला से यौन उत्पीड़न का आशय करना, उसे इसके लिए मानसिक रूप से प्रेरित करना. जैसे मोबाइल या इंटरनेट पर ऐसी कोई टिप्पणी, अनुरोध, सुझाव, प्रस्ताव या फिर याचना (जो अश्लील, कामुक, गंदी, अभद्र हो) की जाये। इस धारा में कठोर सजा का प्रावधान है।

### संदीप सिंह पर महिला कोच का क्या आरोप है?

बता कि, चंडीगढ़ पुलिस महिला कोच से पूछताछ कर चुकी है। चंडीगढ़ पुलिस ने महिला कोच से घंटों तक पूछताछ की थी और उसके बयान दर्ज किए गए थे। पुलिस के सामने महिला कोच ने संदीप सिंह को लेकर चौंकाने वाली कई बातें बताईं थीं। महिला कोच ने संदीप सिंह पर छेड़छाड़ और उत्पीड़न के आरोप लगाए। महिला कोच का कहना था कि, संदीप सिंह उससे अश्लील बातें करते थे और उसे बुरी नजरों से देखते थे। संदीप सिंह ने कई बार उसे गलत तरीके से छूने की कोशिश की और उसके साथ बलपूर्वक जबरदस्ती की। यहां तक की उसके कपड़े भी फाड़े।

### जनवरी में छोड़ दिया था खेल विभाग

मालूम रहे कि, महिला कोच के बेहद गंभीर और शर्मनाक आरोपों के बाद संदीप सिंह ने खेल विभाग छोड़ दिया था। संदीप सिंह ने इसी साल 1 जनवरी को खुद से खेल मंत्री का पद छोड़ने की बात कही थी। संदीप सिंह ने कहा था कि उन पर लग रहे सभी आरोप बेबुनियाद हैं। उनकी छवि खराब हो रही है। इसलिए उन्होंने खेल मंत्री का पद खुद छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने सीएम को खेल मंत्री का पद सौंप दिया है।

### 'आप' ने सीएम मनोहर लाल को घेरा

इधर, आम आदमी पार्टी इस पूरे मामले को लेकर सीएम मनोहर लाल को घेर रही है। हरियाणा आप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा का कहना है कि, हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह को भी अहसास हो गया कि उसके पाप का घड़ा भर गया है लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी 'धृतराष्ट्र' बने बैठे हैं अपने मंत्री के मोह में। खट्टर साहब, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का क्या हुआ?

# श्रद्धालुओं से भरी पिक अप के पलटने से बड़ा हादसा

रोहतक, 5 सितम्बरः( कैलाश वर्मा ) । हरियाणा के रोहतक में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र के नजदीक श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप अचानक पलट गई। इस हादसे में कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं, जबकि कई श्रद्धालुओं को मामूली चोटें आईं हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर एंबुलेंस और पुलिस की डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी।



### सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के रहने वाले

मिली जानकारी के अनुसार, सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। वह राजस्थान के गोगामेड़ी धाम में दर्शन करने आए थे। श्रद्धालुओं के साथ हादसा उस वक्त हुआ जब वह दर्शन करके वापस लौट रहे थे। पिकअप में करीब 30 से ज्यादा श्रद्धालु सवार थे। जो कि सीमित संख्या से काफी ज्यादा थे। बताया जाता है कि, पिकअप का एक टायर अचानक फट गया। जिसके बाद पिकअप का बैलेंस बिगड़ गया। जिसे चालक कंट्रोल न कर सका और पिकअप सड़क पर पलट गई। श्रद्धालुओं से भरी पिक अप पलटी

# आईटीआई जींद में बची सीटों पर 23 सितम्बर को ' ऑन द स्पॉट ' दाखिला

दैनिक समाज जागरण,
चण्डीगढ़, 5 सितम्बरः( निशा ) । हरियाणा के जींदे जिलेभर की विभिन्न 25 राजकीय आईटीआई में 5200 से ज्यादा सीट हैं, जिसमें से नौ राजकीय आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 2688 सीट व` 16 प्रावेइट` आईटीआई में 2556 सीट हैं। चार मेरिट लिस्ट व फिजिकल काउंसिलंग के बाद भी विभिन्न आईटीआई में दस से 15 प्रतिशत सीट खाली बची हुई हैं, जिसमें से ज्यादा सीट प्राइवेट आईटीआई में खाली बची हुई हैं।

इस बार 10वीं कक्षा से सीबीएसई व हरियाणा विद्यालय बोर्ड से जिलेभर से 16 हजार से अधिक विद्यार्थी पास हुए थे, जबकि विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए आईटीआई में सीट कम ही थी।

जबकि आवेदन प्रक्रिया के दौरान भी विभिन्न आईटीआई में निर्धारित सीटों पर कई गुना आवेदन आए थे। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने आईटीआई में दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी किया था, जिसमें चार मेरिट लिस्ट के तहत दाखिले होने थे। चार मेरिट लिस्ट के बाद खाली बची सीटों पर अगस्त माह की शुरूआत में आन द स्पाट दाखिले शुरू किए गए थे। अब तक भी सभी खाली सीटों पर दाखिले नहीं हो पाए हैं, ऐसे में विभाग ने अब 23 सितंबर तक आन द स्पाट दाखिले करने का शेड्यूल जारी किया है।

### 23 सितंबर तक होंगे आन द स्पाट दाखिले

आईटीआई में खाली बची सीटों पर दाखिले के लिए विभाग ने आन द स्पाट दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी किया है। जिन आईटीआई में खाली सीट बची हुई हैं, उन्हें निर्धारित शेड्यूल के अनुसार दाखिले करवाने होंगे। जो विद्यार्थी अब तक दाखिले के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं, उनके पास भी आवेदन के लिए बेहतर विकल्प है।

# यतन कवात्रा न्यायाधीश के पद पर चयनित होने पर अनेक संगठनों ने दी बधाई

हरियाणा/ जींद (राजेश सलूजा) लक्ष्य प्राप्ति के लिए तप त्याग करना जरूरी है ऐसा ही उदाहरण जींद जिले के यतन में देखने को मिला जिसने उत्तर प्रदेश न्यायिक परीक्षा में न्यायाधीश के पद पर चयनित होकर दिखाया कि मछली की आंख को जब निशाना लगाया जाता है तो वह चुकता नहीं अगर उसने लक्ष्य बनाया है तो। जिसने उत्तर प्रदेश न्यायिक परीक्षा के लिए पहली बार परीक्षा दी और प्रथम बार में ही इस पद पर चयन हो गया इतना ही नहीं हिमाचल प्रदेश में प्री परीक्षा क्वालीफाई कर चुके हैं यतन का साक्षात्कार 25 अगस्त को हुआ था। जबकि 30 अगस्त को ही परीक्षा परिणाम घोषित हो गया अन्य राज्य की सीट में चयन प्राप्त करके जींद जिले ही नहीं प्रदेश का नाम ऊंचा करने का काम किया। जींद ही नहीं हरियाणा प्रदेश की अनेक संगठनों ने उनको बधाई देने का काम किया। वहीं उत्तर प्रदेश से भी बधाई दी। यतन बचपन से ही प्रतिभा के धनी रहे हैं उन्होंने दसवीं कक्षा की परीक्षा अपने पिता के ही स्कूल में सेंट विवेकानंद में हासिल कर अव्वल स्थान हासिल किया। वहीं 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण करने उपरांत कलेट (कंबाइंड ला एलिजिबिलिटी टेस्ट )परीक्षा दी

और 2017 में देश की 16 ला विश्वविद्यालय में से नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटियाला में दाखिला हुआ। शिक्षा ग्रहण के दौरान तृतीय वर्ष में मूट परीक्षा में पूरे देश में अव्वल स्थान हासिल आने पर जस्टिस बी आर साहनी पुरस्कार भी हासिल किया यह प्रतियोगिता नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी हैदराबाद में आयोजित हुई। जस्टिस बी साहनी संविधान के सबसे बड़े विधिवेताओं में गिने जाते हैं और उन्हीं के नाम पर यह परीक्षा आयोजित होती है ।यतन कवात्रा ने इस परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करके विश्वविद्यालय का नाम भी चमकया ।इसी बल पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी पटियाला द्वारा उनको मूट बनाने का मौका दिया यह अपनी यूनिवर्सिटी के एकमात्र छात्र रहे जिन्होंने छात्र रहते हुए मूट बनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# जी जी एस पी आई में हर्षो उल्लास के साथ मना शिक्षक दिवस

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 05 सितंबर 2023ः झ सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित जी जी एस पी आई कम्प्यूटर इंस्टीयूट हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों को समर्पित होता है। इस दिन शिक्षकों के प्रति स्नेह और सम्मान प्रकट करने के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जाता है। वहीं, शिष्य अपने शिक्षक को गुरु दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद और आशीष प्राप्त करते हैं। विद्यालय के प्रमुख गुरप्रीत सिंह सेहरा एवं शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया गया उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिता आयोजित किए गए इनमें बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा लीये डायरेक्टर गुरप्रीत सिंह सेहरा ने शिक्षक दिवस



का इतिहास और इससे जुड़ी रोचक बातें बताई हैं कहा जी जी एस पी आई के चारो ब्रांच से 700 बच्चे उपस्थित हुवे इस मौके पर उन्होंने डॉ॰ सर्वपल्ली राधाकृष्णन से उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा जताई। यह सुन डॉ॰ सर्वपल्ली राधाकृष्णन प्रसन्न हुए और बोले-खुशी हुई कि आप लोग मेरा जन्मदिन मनाना चाहते हैं, लेकिन यह खुशी और बढ़ जाएगी। जब मेरे जन्मदिन पर आप लोग शिक्षकों के शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें सम्मानित कर मनाएं। उनके कहने पर हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। आपको बता दें कि डॉ॰ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने जीवन के 40 वर्ष शिक्षक के रूप में बिताए। बचपन से ही वे प्रतिभावान और प्रतिभाशाली थे। उन्हें स्वामी विवेकानंद जी का आशीर्वाद प्राप्त था। मौके पर मौके पर जी जी एस पी आई कम्प्यूटर इंस्टीयूट के शिक्षक मंजीत ,विक्रम, रोशन ,अंकिता प्रियम, सुखपाल, देव कुंडू सर और मैं निर्देशक गुरप्रीत सिंह सहारा उपस्थित रहे।

# परियोजना पदाधिकारी का किया स्वागत

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

तिसरा। कुइयां ओपन कास्ट परियोजना के परियोजना पदाधिकारी संजीव कश्यप का स्वागत बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से परियोजना कार्यालय में किया गया परियोजना विस्तार एवं अन्य मुद्दा पर भी वार्ता की गई परियोजना पदाधिकारी ने आपसी सामंजस बनाकर काम करने का आश्वासन दिया। कुइयां, गोलकडीह,बेरा,दोबारी आदि क्षेत्रों से आए बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के पदाधिकारी थे सबसे पहले बुके देकर परियोजना पदाधिकारी संजीव कश्यप और प्रबंधक अजय कुमार विश्वकर्मा को सम्मानित क्षेत्रीय सचिव तुलसी रवानी एवं उनके टीम के लोगों ने किया इसके बाद परियोजना का विस्तार कैसे होगा इस पर चर्चा की गई परियोजना विस्तार में वन विभाग का क्षेत्र को हटाना जरूरी है जब तक वन क्षेत्र नहीं हटेगा परियोजना आगे नहीं



बढ़ेगी मजदूर समस्या पर भी विस्तृत रूप से चर्चा हुआ। परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि परियोजना के विस्तार के लिए प्रबंधन की ओर से प्रयास किया जा रहा है स्वीकृति के लिए काम चल रहा है उच्च अधिकारी उनके मंत्रालय से संपर्क बनाए हुए हैं जल्द से जल्द स्वीकृति आने के बाद जंगल को काटा जाएगा और परियोजना का विस्तार होगा उन्होंने कहा कि यूनियन और प्रबंधन मिलकर काम करेगी तो आने वाला दिन में न सिर्फ परियोजना का नाम रोशन होगा बल्कि एरिया से लेकर बीसीसीएल तक नाम रोशन होगा देश के विकास में मदद होगी हम लोगों का मकसद एक है ज्यादा से ज्यादा कोयला उत्पादन करना। मौके पर देव रंजन दास तेजेंद्र कुमार वर्मा दिलीप नाग लीला चौहान सुभाष महतो आनंद लाल महतो राजाराम पासवान बाबूलाल विश्वकर्मा छेदीलाल यादव दीपक निषाद आदि लोग थे ।

# पटमदा सीएचसी में निःशुल्क मानसिक चिकित्सा शिविर आयोजित, 66 मरीजों ने उठाया लाभ

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को पटमदा के माचा स्थित सीएचसी (कम्युनिटी हेल्थ सेंटर) में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई।

इसमें मानसिक रूप से बीमार एवं मिर्गी की बीमारी से ग्रसित मरीजों को मनोचिकित्सक डॉ. दीपक कुमार गिरी ने जांचोपरांत मुफ्त में दवाइयां दी। इस संबंध में पीएलवी शिब शंकर महतो ने बताया कि पटमदा, बोड़ाम,



नीमडीह के अलावे पश्चिम बंगाल के विभिन्न जगहों से आये 65 पुराने एवं 1 नये मरीज ने लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाता है। अगले माह 3 तारीख को शिविर आयोजित होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पटमदा सीएचसी की तजिन कुल्लू एवं डालसा के पीएलवी शिवशंकर महतो, निताई चंद्र गोराई एवं नंद रजक का सराहनीय योगदान रहा।

# पंचायत रोजगार सेवक मानव दिवस सृजित नहीं किया तो उस दिन का मानदेय कटौती का दिया निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

स्पर्श गुप्ता, उप विकास आयुक्त सह- अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा, किशनगंज द्वारा मनरेगा के महत्वपूर्ण आयामों यथा वृक्षारोपण, दैनिक श्रम सलंग्नता सृजित मानव दिवस में अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा महिलाओं की सहभागिता, कार्य की पूर्णता, साथ ही विभाग पर गहन समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा के क्रम में सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को इस संबंध में दिये गये निर्देश का अनुपालन कर प्रतिवेदन निर्धारित तिथि तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण जिला कार्यालय, किशनगंज को समर्पित करने का दिया निर्देश। साथ ही जिस दिन जिस पंचायत रोजगार सेवक द्वारा मानव दिवस सृजित नहीं किया जा रहा है उस दिन का मानदेय कटौती करने का स्पष्ट निर्देश सभी कार्यक्रम पदाधिकारियो को दिया गया। इसके साथ ही वितीय वर्ष 2022-23 की अपूर्ण योजनाओं के पूर्ण कराने तक सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों का मानदे अवरुद्ध करने का भी सख्त निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सृजित मानव दिवस में अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा महिलाओं की सहभागिता में अपेक्षित वृद्धि के निमित अभियान चलाकर सभी महादलित टोलो में अधिक से अधिक योजनाओं का क्रियान्वयन कर तथा उसमें



अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराते हुए तत्संबंधी प्रतिवेदन दिनांक 08.09.2023 (शुक्रवार) तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, किशनगंज को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। एतद् समीक्षात्मक बैठक में निदेशक, डीआरडीए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, सहायक अभियंता, मनरेगा सहित सभी कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

व्यवहार न्यायालय परिसर, किशनगंज में दिनांक - 09.09.2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु मंगलवार को मदन किशोर कौशिक , जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।जागरूकता रथ शहर के अलग अलग क्षेत्रों में घूम कर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करेगी।इस अवसर पर बिपिन कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय, मनीष कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह



सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, विवेक भारद्वाज, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ,राघवेन्द्र नारायण सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण सहित इंदु शेखर, अग्रणी बैंक प्रबंधक, जयशंकर मिश्रा, उप मंडल प्रमुख, राजन कुमार यादव, वरीय शाखा प्रबंधक एवं संदीप कुमार, प्रबंधक उपस्थित थे।ज्ञातव्य हो की दिनांक 9 सितंबर 2023 को व्यवहार न्यायालय परिसर, किशनगंज में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पक्षकार आपसी समझौता के द्वारा व्यवहार न्यायालय में लंबित शमनीय वादों के साथ-साथ बैंक ऋण से संबंधित मामले, बिजली बिल, टेलीफोन बिल आदि मामलों का समझौता से निवारण करवा सकते हैं।

# सरायकेला जिले में बहुत सारे डीलर द्वारा यह कहा जा रहा है कि उन्हें अगस्त माह का खाद्यान्न प्राप्त नहीं हुआ है.

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )5अगस्त 2023**

जिसके लिए सरायकेला डीएसओ प्रदीप भगत द्वारा लाभुकों से अपील किया गया है कि सभी डीलरों को अगस्त माह का खाद्यान्न मिल गया है. जिसमें कुछ डीलरों को राशन आवंटन में कटौती की गई है. कटौती इसलिए की गई है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना जब चल रही थी तो पिछले वर्ष अगस्त माह से दिसंबर तक जो वितरण किया गया था. वितरण के बाद जो अवशेष खाद्यान्न बच गया था. उनका समायोजन अगस्त महीने एवं सितंबर महीने में किया गया है जो आवंटन के विरुद्ध डीलरों को खाद्यान्न प्राप्त



हुआ है.उन सभी डिलरों को खाद्यान्न वितरण करना है. यह कटौती इसलिए की गई है की पूर्व में इन डीलरों द्वारा वितरण नहीं किया गया था और वह खाद्यान्न विशेष उनके पास उपलब्ध है. डीएसओ ने कहा कि ऐसी स्थिति नहीं है कि डीलरों को खाद्यान्न मिला नहीं है जो मिलना था उन्हें मिल चुका है. बता दे के कुछ डीलर द्वारा लाभुकों को गलत सूचना दी जा रही है. की खाद्यान्न उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है. जिसके लिए सरायकेला डीएसओ द्वारा इस पर निगरानी करवायी जा रही है.अगर कुछ डीलरों द्वारा इस पर लापरवाही बढ़ती जाती है तो दउनपर करी कार्रवाई की जाएगी. वही सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को भी इसके लिए निर्देश दे दिया गया हैं.

# किड्स गार्डन पब्लिक स्कूल में धूम धाम से मनाया गया शिक्षक दिवस।

**दैनिक समाज जागरण**

तिसरा : किड्स गार्डन पब्लिक स्कूल mocp में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया। शिक्षकों के महत्व को उजागर किया। वहीं शिक्षकों ने भी बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजित प्रोग्राम की शुरूआत डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके की गई। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें छात्र ने शिक्षक नाटकों के माध्यम से अपने जीवन मे उनका



महत्व बताया। स्कूल के प्रधानाध्यापक सोनू कुमार निषाद ने बताया कि हर साल शिक्षक दिवस बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है । स्कूल के बच्चे पढ़ाई के साथ साथ नृत्य और संगीत में भी बहुत अच्छे हैं हाल ही में स्कूल के बच्चे नृत्य में जिला में नंबर वन आया और राज्य स्तर के लिए चयनित हुआ था । सोनू निषाद ने बताया कि शिक्षक सड़क की तरह होता है खुद वही रह जाता है पर शिष्यों को अपने मंजिल तक पहुंचा देता हैं।

# डुमरी विधानसभा सीट पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो जिला अंतर्गत 33 डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर 5 सितंबर 2023 को सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। बोकारो जिला के नावाडीह एवं चंद्रपुरा तथा गिरिडीह जिले के डुमरी में सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ हो गया है। यह उप चुनाव राज्य के शिक्षामंत्री रहे जगरनाथ महतो के निधन के बाद खाली हुई सीट के लिए हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, यहां शाम पांच बजे तक 64.80% वोटिंग हो चुकी है। डुमरी उपचुनाव को लेकर बूथों पर अब भी लंबी कतार दिख रही है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि वोटिंग का ग्राफ अभी और



बढ़ेगा। डुमरी विधानसभा उपचुनाव में मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा है। बारिश के बावजूद मतदाताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

बताते चलें बेबी देवी और यशोदा देवी के बीच कड़ा मुकाबला रहा इस मतदान में।

डुमरी उपचुनाव में क्ठउक्रअ गठबंधन की प्रत्याशी बेबी देवी चुनाव लड़ रही हैं। वे दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी हैं। वहीं, आजसू के कद्दावर नेता रहे स्व. दामोदर महतो की धर्मपत्नी यशोदा देवी एन डी ए प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। यहां बेबी देवी और यशोद देवी के बीच कड़ा मुकाबला है।

# साउथ प्वाइंट स्कूल में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर पटमदा के साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी में शिक्षक दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में स्वागत गीत, नृत्य और मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। स्कूल के चेयरमैन शिव प्रकाश शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु इस समाज में अनमोल नगीना हैं। वे इस समाज के वास्तविक आधार हैं। जन मन के नायक हैं, राष्ट्र के उन्नायक हैं। वे किसी पद या सम्मान का मोहताज नहीं होते हैं बल्कि पद और सम्मान उनके नाम से गरिमामय हो जाते हैं। स्कूल के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने बच्चों से कहा कि गुरु ही देश के अनमोल रत्न हैं। एक गुरु की भूमिका समाज निर्माण में अक्षुण्ण और अतुलनीय है। इससे उत्तम अन्य कोई



कार्य नहीं हैं। आयुष्मान पाठक और निकिता राज ने बहुत ही सुंदर मंच संचालन की प्रस्तुति दी। मौके पर स्कूल प्रबंधक की ओर से सभी शिक्षक-शिक्षकों को साकची के एक होटल में दोपहर के भोजन का शानदार प्रबंध किया गया था। कार्यक्रम में एसबीएम हाई स्कूल मानगो के प्राचार्य आरके यादव और सीनियर शिक्षकों में श्रीमती कुलजीत कौर, श्रीमती सिमरन कौर, श्रीमती जया बोस व श्रीमती सुपर्णा ने सभी शिक्षकों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# बच्चों के चरित्र निर्माण में मुख्य भूमिका शिक्षक की है,,,,ब्रह्माकुमारी

रायसेन। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मुखर्जी नगर सेवा केंद्र द्वारा शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय विदिशा मैं शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि विद्यार्थी काल में जो संस्कार बनते हैं उन पर जीवन की मंजिल खड़ी होती है। विद्यार्थी जीवन में जो आदतें पड़ जाती हैं वही धीरे-धीरे पक्की हो जाती हैं जैसे एक कोमल पौधे के विकास के लिए उसे सहारा दिया जाता है ताकि जब वृक्ष बनकर तैयार हो तो सीधा एवं मजबूत हो, वैसे ही, विद्यार्थी जीवन भी शीघ्र प्रभावित होने वाला जीवन है अतः उसे ऐसी शिक्षा की जरूरत है जो उसमें अच्छे संस्कारों का निर्माण करें। ऐसी शिक्षा गुणवान शिक्षक ही दे सकते है। विद्यार्थियों का लक्ष्य पढ़ना, लिखना या एक श्रेणी को पास कर अगली श्रेणी में पहुंचना ही नहीं है अपितु संसार में जो कुछ हो रहा है उसके सत्य पहलू को जानना भी है। विद्या अध्ययन के साथ-साथ जीवन की नींव को मजबूत बनाने के लिए चाहिए पवित्र भोजन, अच्छा स्वास्थ्य, श्रेष्ठ चरित्र, शुभ-शुद्ध वायुमंडल कि जरुरत होती है। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि चरित्र निर्माण हर मनुष्य का ध्येय होना चाहिए लेकिन विद्यार्थियों के लिए विशेष ध्यान रखने का विषय है इसलिए पहले की गुरुकुल शिक्षा में यह नियम



होता था कि विद्यार्थी 25 साल तक ब्रह्मचर्य का पालन करें। श्रेष्ठ चरित्र निर्माण की पहली शर्त है ब्रह्मचर्य व्रत का पालन। चरित्रवान व्यक्ति हर परिस्थिति का सामना कर सकता है, समाज का मार्गदर्शन कर सकता है, देश के उत्थान के निमित्त बन सकता है। श्रेष्ठ चरित्र मनुष्य की सबसे बड़ी ताकत है जिससे असंभव को भी संभव किया जा सकता है। यह मनुष्य का रक्षा कवच है इसलिए कहा गया है कि मनुष्य अपने चरित्र की रक्षा करें तो यह चरित्र मनुष्य की ताकत बन हर हाल में हर परिस्थिति में उसकी रक्षा करता है। बच्चों का चरित्र निर्माण करने में मुख्य भूमिका शिक्षक की होती है। आधुनिक समय में ब्रह्माकुमारी एक ऐसी संस्था है जहां श्रेष्ठ चरित्र निर्माण की शिक्षा को सर्वोपरि महत्व दिया जा रहा है। जिसका आधार है सत्य ज्ञान और राजयोग। देह अभिमान के कारण मनुष्य का मूल कम हो गया है। सत्य स्वरूप आत्मा का ज्ञान मनुष्य को महान बनाता है। नित्य राजयोग के अभ्यास से श्रेष्ठ चरित्र एवं श्रेष्ठ संस्कारों का निर्माण होता है। अतः हम सब मिलकर राजयोग का अभ्यास करें और चरित्रवान समाज व देश का निर्माण करें। प्रिंसिपल सुरेश शर्मा, विजय श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ का ब्रह्माकुमारी बहनों ने पटका पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया। आदि अधिक संख्या में बच्चों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।

# कुकड़ु में कल्याणकारी योजना के तहत दो बोलेरे वाहन का वितरण

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ - सरायकेला- खरसावां जिला के कुकड़ु में सरकार द्वारा दिए जाने वाले लाभकारी योजना के तहत कल्याण विभाग झारखंड सरकार के तहत जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो के प्रयास से कुकड़ू प्रखण्ड के दो लाभुक रामसिंह रजक और देवदयाल मछुआ को चालीस प्रतिशत अनुदान राशि पर दो नया बोलेरो वाहन का वितरण किया गया।



दोनों बोलेरो का जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो व बीडीओ राकेश कुमार गोप ने फीता काटकर वितरण का शुभारंभ किया। वहीं दोनों लाभूकों को चाभी सौंपा गया। योजना के वारे में बताते हुए जिप उपाधक्ष्य मधुश्रि महतो ने कहा कि इससे प्रखण्ड का विकास होने के साथ साथ दोनो परिवारों का आजीविका चलाने हेतु विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेरे प्रयास से कल्याण विभाग द्वारा दो लाभूकों को बोलेरो देकर स्वरोजगार से जुड़ा गया। उन्होंने कहा कि आगे भी क्षेत्र के बेरोजगारों को इस योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार महतो, बादल महतो,रामनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# शिक्षक दिवस पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ - सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में मंगलवार को धुमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। वहीं कई विद्यालयों में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शिक्षक दिवस में डाक्टर सर्व पल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षकों को स्कूली बच्चों द्वारा डायरी,कलम, पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया व प्रणाम कर गुरूओं से आशीर्वाद लिया गया। माउंट एकेडमी मिलनचौक व एलडीएम पब्लिक स्कूल पिलीद के बच्चों ने डाक्टर सर्व पल्ली



राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व शिक्षकों को सम्मानित कर शिक्षक दिवस मनाया। वहीं अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद में बच्चों ने मनमोहन नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का जमकर वाहवाही बटोरी। विद्यालय के बच्चे बच्चियों ने डांस, संगीत, भाषण आदि प्रस्तुत कर अपने प्रतिभा को प्रदर्शित किया। वहीं विद्यालय में बच्चों ने गुरू शिष्य परम्परा पर एक से बढ़कर एक लेख व नाटक प्रस्तुत कर गुरु शिष्य परम्परा को बरकरार रखने व गुरूकुल की आदर्श स्थापित करने की जरूरत का बाखान किया गया। वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय टीकर के बच्चियों ने भी शिक्षक दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षीकाओं को सम्मानित किया। वहीं प्राचार्या मीस मिताली ने कहा कि आज पुरे क्षेत्र के विद्यालयों में धुमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। उन्होंने कहा कि अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद के बच्चों द्वारा डाक्टर राधा कृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि शहरों के तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में भी बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को आश्चर्य चकित कर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित दिवस के बारे जानकारी दिया गया। मौके पर प्राचार्या मीस मिताली, प्रशांत धाड़ा, अतोला अंसारी,गुरूचरण सरदार,अंशु कुमार,बिपिन बिहारी गोप, लम्बोदर महतो आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# यूरेका ट्यूटोरियल देवीपुर में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**समाज जागरण अरविन्द यादव**

वेवीपुर( झारखंड )शिक्षक दिवस के अवसर पर युरेका ट्यूटोरियल देवीपुर में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर मल्या पणकर कर शिक्षक दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की गई यूरो का ट्यूटोरियल के निर्देशक कुमोद चौधरी ने शिक्षकों की महत्व व समाज में उनके विशिष्ट स्थान की जानकारी दी तथा भारतीय संस्कृति की आधारभूत गुरु छात्र परंपरा से छात्रों को अवगत कराया । निर्देशक ने यह भी बताया कि विद्यार्थियों को उत्तम संस्कारो से सम्पन्न करते हुए सामयानुकूल शिक्षा प्रदान करते हुए भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लायक बनने का आग्रह किया। मौके पर यूरेका ट्यूटोरियल के सभी छात्र/छात्राएं मौजूद थे।

# अब्बास ने अदालत में कबूला अपनी गुनाह, 14 दिनों की जेल

**उत्तम सिंहः संवाददाताः दैनिक समाज जागरण :सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):**

नाबालिगा छात्रा हत्याकांड के मुख्य आरोपी एमडी अब्बास को आज तीसरी बार कड़ी सुरक्षा के बीच सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया।

इस दौरान न्यायाधीश के सामने अब्बास ने अपनी गुनाह कबूल कर लिया। उसने साफ शब्दों में भरी अदालत में अपनी भूल को मानते हुए अदालत की राय को सर्वोपरि माना। जिसे सुनकर सब हैरान हो गए। वही आरोपी ने अपना गुनाह कबूल करते हुए न्यायाधीश के सामने अपनी एक इच्छा जाहिर की। आरोपी अब्बास ने न्यायाधीश के समक्ष अपने माता पिता से मिलने की गुहार लगाई। आरोपी ने कहां कि वह एक बार वह अपनी मां और पिता से मिलना चाहते है। जिस पर अदालत विचार कर रही है। वहीं, खबर मिली है कि आज आरोपी अब्बास की जमानत के लिए अदालत में एक याचिका दायर की गई थी। जिसे न्यायाधीश ने खारिज कर दिया। अदालत ने जमानत याचिका खारिज करते हुए 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में रखने का निर्देश दिया।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम पश्चिम बंगाल**

झाड़ग्राम जिले के गोपीबल्लभपुर पश्चिम सर्कल के अंतर्गत बैतालपाड़ा प्राथमिक विद्यालय में शिशु संघ के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं शंख ध्वनि कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन



की तस्वीर पर पुष्प एवं माल्यार्पण किये। शिक्षा रत्न प्रधानाध्यापक सुखमय पांडा एवं सह शिक्षण सरोज बेरा द्वारा आशीर्वचन के पश्चात, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य गीत भाषण आदि प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी प्रदर्शित कर दिखाई गयी।

# जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने रोमियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी का किया उद्घाटन।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)05 सितम्बर 2023:-जिले के इटखोरी-चौपारण मार्ग स्थित जैन पेट्रोल पंप के समीप रोमियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी के द्वारा किया गया। इस उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी उपस्थित थे। श्री तिवारी ने फीता काटकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो का उद्घाटन किया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि रोमियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी का शुभारंभ क्षेत्र वासियों के लिए बहुत ही लाभकारी साबित होगा। म्यूजिक



और डांस में अभिरूचि रखने वाले युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। उन्होंने रोमियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी टीम को शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय कलाकारों को गाने की रिकार्डिंग के लिए अब बड़े शहर की और रुख नहीं करना पड़ेगा। उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, जिप सदस्य सरिता देवी, डीएसपी केदार नाथ राम, टुन्नी सिंह, सतीश सिंह, रंजन भारती, भरत साव, रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी की टीम के सदस्यों समेत बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।

# बाल विवाह को लेकर बच्चों को जागरुक किया गया

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन और सहयोगिनी बहादुरपुर की ओर से कसमार प्रखंड के राजकीयकृत प्लस 2 उच्च विद्यालय दांतू में बच्चों के साथ बाल विवाह मुक्त समाज बनाने को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहयोगिनी की फील्ड मोबिलाइजर मंजू देवी ने कहा कि संस्था द्वारा बोकारो जिले के 150 गांवों को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है.। बाल विवाह से लड़कियों को जीवन में कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ सकती है। जिस्का भी बाल विवाह होता है, बाद में कुछ साल के बाद महिलाओं के शरीर में खून की कमी समेत अन्य कई प्रकार की बीमारियां हो सकती है। इससे मां और बच्चे दोनों की जिंदगी में खतरा हो सकता है। इसके साथ ही बाल यौन हिंसा और बाल श्रम के खिलाफ भी सरकार के साथ मिलकर काम किया जा रहा है. राजकीयकृत प्लस 2 उच्च विद्यालय दांतू के प्रचार्य ने कहा कि बाल विवाह के कारण लड़कियां जल्दी मां बन जाती हैं और मां और बच्चे दोनों को कुपोषण का शिकार



होना पड़ता है. लड़कियाँ आगे पढ़ नहीं पा रही हैं, आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। बोकारो स्टील प्लांट के सीनियर मैनेजर अंकित कुमार ने कहा कि इसे रोकना होगा जागरूकता से समाज में व्याप्त लैंगिक अंतर को खत्म किया जा सकता है। विकसित भारत के लिए बाल विवाह जैसी कुप्रथा को हम सबका दायित्व है इसके लिए हमें संवेदनशील रहने की जरूरत है। जेवियर स्कुल बोकारो के ड्राविंग टीचर मोहन आजाद ने कहा कि बाल विवाह एक अभिषाप है जो समाज को खोखला कर रही है। बाल विवाह होने से किशोरियों के स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। कहा कि बाल विवाह जैसे कुरीति को सभी के सहयोग से ही समाप्त किया जा सकता है। इसके लिए कानून भी बनाया गया है। बाल विवाह में शामिल होने वाले सभी लोग जेल जा सकते हैं और उस पर जुमार्ना भी लग सकता है। लड़का का 21 वर्ष व लड़की का 18 वर्ष पूरा होने के बाद ही विवाह करने का कानून है। मगर आज भी अशिक्षा के कारण लोग बाल विवाह कर रहे हैं। जो गलत है। लोग बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करें। इसके लिए लोगों को संगठित होकर संकल्प लेने की आवश्यकता है। मौके पर मंगल महतो,सुनिल कुमार विकास कुमार नायक संगिता रानी ज्योति रानी, मौजूद थे

## मध्य जीप सदस्य के क्षेत्र में निर्बाध गति से बिजली कैसे व्यवस्थित हो, इसको लेकर मिले उपायुक्त हजारीबाग से सौंपा मांग पत्र।

**दैनिक समाज जागरण**

हजारीबाग (झारखंड)5 सितम्बर 2023 :- विष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने अपने क्षेत्र में निर्बाध गति से उपभोक्ताओं को विद्युत कैसे मिले इसकी पूरी खाका तैयार कर हजारीबाग उपायुक्त महोदय तथा महा प्रबंधक विद्युत विभाग हजारीबाग से मिलकर मांग पत्र सौंपा । जिसमें उन्होंने लिखा है की बोदरा सब स्टेशन से बरांय तक 11000 केवि लोहा का तार को हटाया जाए , ग्राम गैडा के बजरंगबली मंदिर से लेकर पांडे डीह तक 11000 केवि जर्जर तार पोल को दुरुस्त करते हुए उसे सुदृढ़ किया जाए , संपूर्ण ग्राम डुंगो में लोहा का एलटी तार बदलने एवं ज्यादा





कंज्यूमर होने के कारण उस जगह उपभोक्ताओं को नया ट्रांसफार्मर समेत पोल तार उपलब्ध कराया जाए , ग्राम करगालो के लोटा बांध एवं तुरिया गढा में बिजली बहाल हेतु व्यवस्थित किया जाए , बनासो के अंसारी नगर में खड़ा किए गए पोल पर एल टी तार लगाया जाए , ग्राम गैड़ा के बढ़हि टोला में गाड़े गए पोल पर एल टी तार लगाया जाए , आगे उन्होंने यह भी पदाधिकारी से जिक्र किया कि हमारे क्षेत्र में सभी किसान और ग्रामीण निवास करते हैं उन्हें समुचित व्यवस्था के तहत बिजली नियमित उपलब्ध कराने की कृपा की जाए पदाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सभी काम को पूरा किया जाएगा।

# आरएनएम कॉलेज में एनएसएस के बैनर तले शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया।

## शिक्षक के बगैर बेहतर समाज का निर्माण संभव नहीं है।

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 05 सितम्बर 2023:-जिले के हंटरगंज के राम नारायण मेमोरियल डिग्री कॉलेज के सभागार में एनएसएस के बैनर तले शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एन एसएस पीओ डा० फहीम अहमद एवं संचालन एनएसएस के संव्यसेवक नीरज भारद्वाज ने किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रोपेसरों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक के शिक्षा के बदौलत ही चंद्रयान सफलता पूर्वक चंद्रमा के साउथ पोल लैंडिंग कर कार्यों को बखूबी अंजाम दे रहा है।शिक्षक के कुशल कार्यों के कारण ही मनुष्य कुंठित अंधकार से बाहर आ पाया है।शिक्षक ही छात्र एवं छात्राओं को बेहतर मार्ग दर्शक हुआ करता है।दानव प्रवृत्ति का मनुष्य शिक्षा के कारण ही आज इंसानियत का संदेश दे रहा है।शिक्षक के बगैर बेहतर समाज का कल्पना नहीं किया जा सकता है। पुर देश में शिक्षकों की शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्यों के लिए पुरुस्कृत किए जाते हैं। इसी संदर्भ में शिक्षक दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा गया की डा० सर्वपल्ली राधा कृष्णन स्वतंत्र भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति और द्वितीय



राष्ट्रपति का गौरवपूर्ण पद संभालने का उन्हें अवसर मिला।

वह असाधारण प्रतिभा के धनी थे।वह एक कुशल शिक्षक, दार्शनिक,और राजनीतिज्ञ भी थे। डा० सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने प्रेजीडेंसी कॉलेज मद्रास में दर्शनशास्त्र के शिक्षक रहे।1921 से 1936 तक कलकत्ता विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर पद पर भी सेवा दिया।1936 से 1939 तक ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में पूर्वी देशों के धर्म और दर्शन के स्पाल्डिंग प्रोफेसर के पद पर रह कर अपने व्याख्यान से प्रसिद्धि प्राप्त की।डा०स- र्वपल्ली राधाकृष्णन1939 से 1948 तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर रह कर कई महत्वपूर्ण कार्यों को सुचारू ढंग से निबटाने में सफल रहे।1952 में वह देश के प्रथम उपराष्ट्रपति और 1962 में द्वितीय राष्ट्रपति चुने गए। उन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था।इस मौका पर प्रोफेसरों में पूजा सिंह, शिव रतन सिंह,रियाजुद्दीन अंसारी ,अनिल कुमार सिंह,डा रामजीत यादव,कुमारी मंजू सिंह,ताहिर हुसैन,उमेश कुमार सिंह,फखरुद्दीन अंसारी,खास तौर से संबोधित किए।स्वयं सेवकों में अभिषेक कुमार,अजय प्रजापति, रितु गुप्ता, रानी कुमारी, निहाल खान, कनीज फातिमा,खुसरो प्रवीण,जूही कुमारी,अर्चना कुमारी,नेहा कुमारी,गुलशन खान,गुड़िया कुमारी के अतिरिक्त दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# मनसा पूजा के अवसर पर जागरण का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) चास के नंदूवा स्थान में मनसा पूजा के अवसर पर जागरण का भाजपा नेता एवं बोकारो वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष सुधीर जायसवाल के नेतृत्व मेंआयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से बोकारो कांग्रेस पार्टी की पूर्व प्रत्याशी श्वेता सिंह मौजूद थी। इस मौके पर श्वेता सिंह ने फीता काटकर जागरण का उद्घाटन किया। श्वेता सिंह को सुधीर जायसवाल ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्वेता सिंह ने की कि मैं यहां आपकी बहन बेटी बन कर आई हूं ।श्वेता सिंह ने कहा कि मनसा माता से यही कामना है कि सुख शांति बनी रहे । मनसा मां का आशीर्वाद सब पर बना रहे।इस मौके पर भाजपा नेता एवं बोकारो वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष सुधीर जायसवाल ने कहा कि मानसा पूजा यहां तीन दिनों से चल रहा है। जिसमें कल मनसा मंगल हुआ था। तथा आज जागरण का आयोजन हुआ है। सुधीर जायसवाल ने कहा कि अगले साल और भी बृहद रूप से हम लोग मनसा पूजा मनाएंगे। इस मौके पर भाजपा नेत्री एवं समाजसेवी रितु रानी सिंह भी मौजूद थी। इस मौके काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## बोकारो में रुपयों से भरे एटीएम की चोरी ,अपराधियों ने सीसीटीवी में तस्वीर कैद न होने को लेकर काटा बिजली कनेक्शन

**दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ**

बोकारो (झारखंड) बोकारो-रामगढ़ मुख्यपथ बहादुरपुर के पास स्थित बैंक आफ इंडिया के कमलापुर शाखा के बाहर एटीएम मशीन को चोरों ने उखाड़ कर अपने साथ ले गये।घटना के बाद लोगों ने फोन कर बैंक मैनेजर को सूचना दी।बैंक मैनेजर जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि एटीएम से पूरी मशीन ही गायब है।उसके बाद कसमार थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।बताया जा रहा है कि बोकारो-रामगढ़ मुख्य पथ बहादुरपुर के पास बीती देर रात तीन नकाबपोश अपराधियों ने बैंक ऑफ इंडिया के कमलापुर शाखा के बाहर एटीएम मशीन को उखाड़ कर चंपत हो गये। पुलिस की मानें तो एटीएम में लगभग 14 लाख रुपए थे। घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों ने पूरी प्लानिंग के साथ इस घटना को अंजाम दिया है।सीसीटीवी में अपराधियों की तस्वीर कैद ना हो इसके लिए उन्होंने सबसे पहले बिजली का कनेक्शन काटने का काम किया।जब पूरी तरह



से सीसीटीवी काम करना बंद कर दिया।तब चोरों ने एटीएम को उखाड़ कर ट्रॉली के माध्यम से उसे सड़क किनारे ले जाकर गाड़ी में लाद कर ले जाने का काम किया।घटना के संबंध में बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर रहने वाले मोहम्मद साजिद ने बताया कि वह अमूमन रात को बाहर खड़ी अपनी गाड़ी को देखने के लिए उठने का काम करता है।आज लगभग साढ़े तीन से 4 बजे के बीच जब वह उठे तो देखा कि तीन नकाबपोश व्यक्ति एक ट्राली में कुछ ले जाने का काम कर रहे हैं।उसके बाद उसने फोन के माध्यम से बैंक मैनेजर को इसकी सूचना दी। बैंक मैनेजर जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि एटीएम से पूरी मशीन ही गायब है। उसके बाद कसमार थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मामले में थाना प्रभारी उज्वल पांडे ने बताया कि घटना के बाद अगल-बगल के सीसीटीवी को भी खंगालने का काम किया जा रहा है,क्योंकि बैंक का सीसीटीवी पूरी तरह से बंद था।उन्होंने बताया कि बैंक के मैनेजर के मुताबिक एटीएम में लगभग14 लाख रुपए था।उज्वल पांडे ने बताया कि कई बार बैंक को गार्ड रखने के लिए पत्राचार किया गया था।लेकिन एजेंसी के द्वारा गार्ड की तैनाती नहीं की गई थी। स्थानीय थाना सभी पहलुओं से इस घटना की जांच कर रही है।

# डुमरी उपचुनाव में दोपहर 3:00 बजे तक 58.92 प्रतिशत मतदान हुआ

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)5 सितंबर 2023 :- डुमरी उपचुनाव आज शांतिपूर्ण पूरे विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराया गया । दोपहर 3:00 बजे तक 58.92 प्रतिशत मतदान हो चुका था , शाम 5:00 बजे तक मतदान का कार्य जारी रहेगा । उसके बाद सभी ईवीएम मशीन को सील कर मतदान कर्मी गिरिडीह के कृषि उत्पादन बाजार समिति स्थित बनाए गए स्ट्रांग रूम में जमा करेंगे , जहां आगामी 8 सितंबर को मतगणना का कार्य किया जाएगा , मंगलवार सुबह 7:00 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया भारी बारिश के बीच भी मतदान अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आए मतदान केंद्र में कतार वध होकर अपना मताधिकार का प्रयोग किया मतदान शुरू होने के पहले 2 घंटे में अर्थात सुबह 9:00 बजे मतदान का प्रतिशत 11.40% रहा लेकिन बाद के 2 घंटे अर्थात सुबह के 11:00 बजे मतदान का प्रतिशत 27.56 प्रतिशत रहा दोपहर 1:00 बजे तक 45 पॉइंट 55% वोट डाले गए महिला मतदाताओं कि उत्साह काफी थी , धूप और बारिश दोनों के बीच मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में कोई कसर नहीं छोड़ें वहीं मतदान के दौरान ईसरी बाजार स्थित बूथ संख्या 115 पर ईवीएम मशीन में आई खराबी के कारण कुछ देर के लिए मतदान की प्रक्रिया में



व्यवधान उत्पन्न हुआ , लेकिन कंट्रोल रूम को मामले की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए एक्सपर्ट को भेज कर ईवीएम मशीन को दुरुस्त कर पुनः मतदान सुचारू कराया गया । मतदान के दौरान डुमरी अनुमंडल कार्यालय स्थित बने कंट्रोल रूम से चुनाव कार्य में जुड़े सभी पदाधिकारी पूरे मतदान की मॉनिटरिंग करते नजर आए कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की शिकायत नहीं मिली डुमरी एसडीओ सह निर्वाचित पदाधिकारी शहजाद परवेज एवं चुनाव कार्य में लगे अन्य अधिकारी और कर्मचारी पूरे विधानसभा क्षेत्र की पल-पल की मॉनिटरिंग करते देखे गए । शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे हर बूथ पर स्टेटिक पुलिस फोर्स के साथ उड़न दस्ता दल के द्वारा भी निगरानी रखी जा रही थी , वहीं गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा ने भी स्वयं कई बुथों का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजाम और मतदान की प्रक्रिया का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों समेत चुनाव कार्य में लगे कर्मियों को भी कई आवश्यक निर्देश देते नजर आए , मतदान के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी पर प्रशासन की अपनी निगाह बनी हुई थी मतदान कर्मी बल्कि वोटर की सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा था लोग निर्भीक होकर मतदान कर रहे थे मतदान का कार्य अभी पूरी जोर-शोर से जारी है शांतिपूर्ण मतदान को लेकर राज्य पुलिस बल के अलावा सीआरपीएफ की 8 सैफ की 13 ई सी एच ओ की 14 कम्पनी 710 पुलिस अधिकारी और जवानों को लगाया गया था।

# विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया। साथ ही मिशन इंद्रधनुष की सफलता को लेकर बैठक की गई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उपायुक्त स्तर से तिथि निर्धारण के बाद, विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 14 से 18 सितंबर के बीच स्वास्थ्य मेला लगाया जाएगा, जिसमें अनेक प्रकार के बीमारियों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने मिशन इंद्रधनुष की चर्चा करते हुए कहा कि 2025 से पहले विष्णुगढ़ को टीबी बीमारी से मुक्त करने का लक्ष्य है। लक्ष्य प्राप्ति को लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ता लगे हुए हैं। टीबी बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल तक भेजें इसकी जिम्मेदारी हम सबों की है। इसको लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसमें जनप्रतिनिधियों का सहयोग आवश्यक है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी ने कहा कि विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन से भी प्रसव कराया जा रहा है। प्रसव घर पर ना कराएं। घर पर जच्चा बच्चा की क्षति हो सकती



है। प्रसव स्वास्थ्य केंद्र में कराएं। स्वास्थ्य केंद्र में सभी तरह की सुविधा उपलब्ध है। गर्भवती महिला का नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराएं। इसके अलावे प्रखंड स्तर पर मिलने वाली तमाम स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। बैठक के अंत में दोनों कार्यक्रमों को सफल करने की अपील उपस्थित लोगों से की गई।

बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा, जिला परिषद शेख तैयब, 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, स्वास्थ्य प्रतिनिधि डोमन गुप्ता, 20 सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव, पूर्व जिला परिषद सदस्य जय प्रकाश पटेल, प्रमुख प्रतिनिधि बिलाल अंसारी, डॉ योगेंद्र प्रसाद, प्रमोद कुमार, विकास कुमार, नागेश्वर महतो समेत कई स्वास्थ्य महिला कर्मी उपस्थित थी।

## बीडीओ ने की जलमिनार निर्माण की जांच।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा (झारखंड)05 सितम्बर 2023:-जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बरियातू हरिजन टोला में पीएचईडी द्वारा बनाए जा रहे जलमीनार निर्माण कार्य की जांच बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने किया। इस दौरान बीडीओ ने गलत स्थल पर चयन कर जलमिनर बनाए जा रहे पर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की बात कही। ग्रामीणों ने पूछताछ के दौरान बीडीओ को बताया कि जलमीनार निजी जमीन में बन रहा है। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि



एक घर के आबादी वाले जगह पर जल मीनार निर्माण नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य सार्वजनिक स्थल जहां से सभी को पानी पीने में कोई दिक्कत नहीं हो उस जगह पर कराई जाएगी।इसके बाद ग्रामीणों ने के अनुरोध पर आगामी मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग से शिविर लगाकर बीमार लोगों को इलाज कराने की बात कही। साथ ही गांव में दो दिव्यांग व एक गूंगे को प्रमाण पत्र बनाने की बात कही। मालूम की हो की बीते मंगलवार को जनतदरबार में बरियातू हरिजन टोला के दर्जनों ग्रामीणों ने निजी जमीन व स्थल बदलकर जलमीनारा निर्माण किए जाने का आवेदन दिया था ।

## रोजगार मेला को लेकर हजारीबाग के वरिय अधिकारियों ने प्रस्तावित जगह का किया निरिक्षण

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 5 सितम्बर 2023 :- उतरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय ज़िला हजारीबाग में 11 सितम्बर को प्रस्तावित प्रमंडलीय रोजगार मेला सह ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने किया। निरिक्षण के क्रम में उपायुक्त, पुलिस



अधीक्षक के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मुख्य कार्यक्रम स्थल विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्थित मैदान का जायजा लिया गया , तदोपरांत हेलीपैड हेतु निर्धारित पुलिस अकादमी का भी निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागीय के अधिकारियों को समय से पूर्व काम प्रारंभ करने कि सलाह दीं।

# हाथियों के झुंड उत्पात से कई घरों को नुक्सान पहुंचा

**दैनिक समाज जागरण ,घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह( झारखंड) 5 सितंबर 2023 :- बगोदर प्रखंड के अटका कासियाटांड़ में सोमवार की रात हाथियों के द्वारा उत्पाद मचाया गया , उन्तीस हाथियों के झुंड पूरे रात भर गांव के घरों और चाहर दीवारों को तथा फसलों को नुकसान पहुंचाया गया ।जिसमें किसानों को



काफी आर्थिक नुकसान हुआ है , हाथियों के झुंड में गांव में दो लोगों के घरों को भी तोड़ दिया , वहीं एक मुर्गी फार्म के बने दरवाजे खिड़की और दीवाल को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है , साथ ही कई किसानों के खेतों में लगे मकई और धान की फसलों को रौंद दिया

# धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस।

**दैनिक समाज जागरण, आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 05 सितम्बर 2023:- जिले के हंटरगंज के पाण्डेयपुरा में सरस्वती विद्या मंदिर कोचिंग सेंटर में बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत स.वि.म.कोचिंग सेंटर के छात्राओं के द्वारा अपने गुरु के आगमन पर स्वागत गीत की प्रस्तुति कर किया गया तत्पश्चात कोचिंग के शिक्षक श्री विजय तिवारी ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भी बारी बारी से डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया एवं उक्त कोचिंग में पढ़ने वाले



छात्र-छत्राओं ने बड़े ही सम्मान के साथ अपने गुरु का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।।उक्त कोचिंग सेंटर के शिक्षक श्री विजय तिवारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक ही छात्र एवम छात्राओं के बेहतर मार्ग दर्शक हुआ करता है।शिक्षक के बगैर बेहतर समाज का निर्माण संभव नहीं है।इसी संदर्भ में शिक्षक दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति का गौरवपूर्ण पद संभालने का उन्हें अवसर मिला।वह एक कुशल शिक्षक, दार्शनिक एवम राजनितज्ञ भी थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कोचिंग सेंटर के चन्दन कुमार, सोनल, धनंजय, प्रतीक, शैलजा, स्वेता, सोनाली,सुष्मिता, मुकुल,ब्यूटी,कविता सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# श्री राम कृष्ण विवेकानन्द विद्यामंदिर में धूम धाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

## हम सभी का सर्वप्रथम गुरु हुए हमारे माता एवं पिता झराजेंद्र प्रसाद मिश्रा

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड 5 सितंबर 2023**

धनबाद टुंडी : श्री राम कृष्ण विवेकानन्द विद्यामंदिर स्कूल में मंगलवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर छात्रों ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद मिश्रा ने छात्रों को शिक्षक दिवस की महत्ता बताएं। वहीं छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। स्कूल के शीतल दत्ता ने स्कूल की शिक्षिकों से डॉ राधाकृष्णन के आदर्शों पर चलकर शिक्षण कार्य को रुचिकर बनाने पर जोर दिया। स्कूल के पल्लवी पांडे ने डॉ राधाकृष्णन के बारे में कई प्रसंग सुनाए तथा स्कूल की शिक्षिकाओं से शिक्षण कार्य सहित विद्यालय के कार्य में रुचि लेने को कहा । मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद मिश्रा शिक्षिका पल्लवी पांडे, अमरनाथ दास, अनिल सर ,अनु सिंह, निक्की कुमारी ,अस्मिता देवी, रमेश सिंह, संजीत सिंह, शीतल दत्ता तथा स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक गण मौजूद रहे

# सीयोर सक्सेस कोचिंग सेंटर गाल्होवार में मनाया गया शिक्षक दिवस

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ,**

हजारीबाग (झारखंड) 5 सितम्बर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार पंचायत के अंतर्गत सीयोर सक्सेस कोचिंग सेंटर में मंगलवार 5 सितंबर 2023 को भारत के पूर्व राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद्, महान विचारक, भारत रत्न से सम्मानित डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राशीद अनवर कोचिंग संस्थान संचालक , पूर्व मुखिया डॉ० रितलाल महतो, अब्दुल कयूम अंसारी , कुर्बान अंसारी, विनय कुमार, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, डेगलाल महतो प्रज्ञा केंद्र



संचालक, संतोष रजक, साबिर अंसारी , धनेश्वर महतो, प्रधानाध्यापक प्रदीप राम, सुनील मंडल जीपीएस (प्राचार्य ), के द्वारा संयुक्त रूप से डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी गई । साथ ही मुख्य अतिथि ,जनप्रीनिधि एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों को फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया. साथ ही एक दूसरे को शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई ।कोचिंग संस्थान के संचालक राशीद अनवर जी ने लोगों के बीच में बताया कि सर्वपल्ली डॉ ० राधाकृष्णन जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में देश भर में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। राधाकृष्णन का जन्म इसी दिन 1888 ई० में हुआ था। दूसरे राष्ट्रपति होने के अलावा पहले उपराष्ट्रपति, एक दार्शनिक, प्रसिद्ध विद्वान शिक्षक , भारत रत्न प्राप्तकर्ता, भारतीय संस्कृति के संवाहक, शिक्षाविद और हिन्दू विचारक थे। इसके उपरांत सांस्कृतिक डांस कार्यक्रम आयोजित को लेकर अतिथियों के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया।